आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.55
सूर्यास्त 05.18

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर
मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष तृतीया 06:25 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

रविवार, 7 दिसंबर 2025, वर्ष 35, अंक 308, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

■ सीजेआई का कड़ा संदेश- उच्चतम न्यायालय आम लोगों के लिए है
- 12

■ केंद्रीय वित्त मंत्री बोली- सीमा शुल्क को सरल बनाना होगा अगला बड़ा सुधार
- 12

■ जयशंकर बोले भारत-रूस संबंध वैश्विक स्तर पर लंबे समय से सबसे स्थिर
- 13

■ शुभमन गिल को पहले टी-20 मैच में खेलने के लिए मिली हरी झंडी
- 14

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानवाधिकार समानता की ओर एक कदम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

ब्रीफ न्यूज

जुबिन मौत मामले की जांच पूरी, 12 को दाखिल होगा आरोप पत्र

गुवाहाटी। गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच लगभग पूरी हो गई है और 12 दिसंबर को आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा। जुबिन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जांच लगभग पूरी हो चुकी है। आरोप पत्र में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।'' जुबिन मौत मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) का नेतृत्व कर रहे गुप्ता ने कहा कि अब तक सात गिरफ्तारियां की गई हैं और 300 से अधिक गवाहों से पूछताछ की गई है। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र सीआईडी द्वारा 18/2025 संख्या से दर्ज प्राथमिकी में दायर किया जाएगा। सीआईडी ने गर्ग की मौत के बाद राज्य भर में लगभग 60 प्राथमिकी दर्ज होने के बाद यह मामला पंजीकृत किया था।

बीरभूम में हिंसा भड़की टीएमसी नेता की हत्या

कोलकाता। बीरभूम जिले के नानूर के थुपसुरा में टीएमसी के बूथ अध्यक्ष रासबिहारी सरदार (50) की विरोधी गुट ने हत्या कर दी गई। इस हमले में उनके बेटे समेत पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को पुरबा बर्धमान जिले के मंगलकोट में एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना तब हुई जब हमलावर और पीड़ित एक गांव के मंदिर में बैठकर समुदाय से जुड़ी समस्याओं पर बात कर रहे थे। बिना किसी चेतावनी के विरोधी गुट ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। सरदार के सिर पर चोट लगी, वे तुरंत गिर गए और उनकी मौत हो गई।

बाउंड्रीवाल व छत्र से सुरक्षित होंगी बाबा साहेब की प्रतिमाएं

- महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा, विरोधी दलों पर निशाना
- संविदा व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिलेगी न्यूनतम मानदेय की गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां भी बाबा साहेब की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां बाउंड्रीवाल और प्रतिमाओं पर सुरक्षा के लिए छत्र लगाए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा और सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी सरकार अगले एक-दो महीने के भीतर उपलब्ध करा देगी।

सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कुछ शरारती तत्वों द्वारा प्रतिमाओं को क्षति पहुंचाने की घटनाओं से नाराजगी जताते हुए कहा कि बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर छत्र और उनके चारों ओर मजबूत बाउंड्रीवाल बनाकर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आयोजक आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल की मांग का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि सरकार ने आउटसोर्स सेवा निगम का गठन कर दिया है और अब चतुर्थ श्रेणी, संविदा व सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देना सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जीरो पॉवर्टी मिशन ते कहत अनुसूचित जाति-जनजाति और अतिपिछड़े गरीबों की पहचान लगभग पूरी हो चुकी है। जिनके पास अभी आवास या आयुष्मान कार्ड नहीं है, उन्हें घर और पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जाएगा। योगी ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक विषमताओं को तोड़कर वंचितों, दलितों और अति पिछड़ों को सम्मानजनक जीवन का मार्ग दिखाया। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं—राशन, आवास, शौचालय, छात्रवृत्ति, पेंशन, आयुष्मान कार्ड संविधान की भावना में निहित न्याय, समता और बंधुता की ही परिणति हैं।

उन्होंने कहा कि हर मलिन बस्ती, दलित और जनजाति क्षेत्र को सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है और जहां भी कमी है, उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी संपन्नता आज दिखाई देती है, वह बाबा साहेब की प्रेरणा और मोदी सरकार की प्रतिबद्धता से संभव हो रही है। योगी ने भरोसा दिलाया कि कोई भी गरीब, दलित, वंचित या अभावग्रस्त परिवार लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

तुष्टिकरण करने वाले दल कर रहे देश का अहित

मुख्यमंत्री योगी ने मंच से विपक्षी दलों पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल भारत का अहित कर रहे हैं और बाबा साहेब के आदर्शों का भी अपमान कर रहे हैं। उन्होंने ने एक ऐतिहासिक प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि बाबा साहेब ने स्वयं चेताया था कि जो लोग भारत भूमि को पवित्र नहीं मानते, उनके विचार देशहित में नहीं हो सकते।

एसआईआर में दी गलत जानकारी, रिपोर्ट

रामपुर। एसआईआर में गलत जानकारी देने के आरोप में एक महिला और विदेश में रहने वाले उसके दो बेटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

विधानसभा क्षेत्र 37 की भाग संख्या 237 से 248 तक के सुपरवाइजर दिनेश कुमार हैं। बीएलओ द्वारा फॉर्म का डिजिटाइजेशन करने पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया कि भाग संख्या 248 की क्रम संख्या 646 पर दर्ज आमिर पुत्र मुश्ताक हुसैन और क्रम संख्या 648 पर दर्ज दानिश खां पुत्र मुश्ताक हुसैन के गणना प्रपत्रों पर इनकी माता नूरजहां द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। स्थलीय जांच में पाया गया कि दोनों कुवैत में रहते हैं। तीनों ने जानबूझकर छलकपटपूर्वक तथ्यों को छिपाकर धोखाधड़ी की।

सरकार सख्त : 18 हजार से ज्यादा किराया नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस

दूरी के हिसाब से टिकट दरें तय, इंडिगो को आज रात तक रिफंड के निर्देश

- 500 किमी तक की दूरी तक के लिए अधिकतम किराया होगा 7500 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने इंडिगो संकट के बीच दूरी के हिसाब से अधिकतम किराया तय कर दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि 500 किलोमीटर तक की दूरी तक के लिए अधिकतम किराया 7500 रुपये होगा। वहीं, 500 किमी से 1,000 किमी तक की दूरी के लिए किराये की सीमा 12,000 रुपये तय की गयी है। एयरलाइंस 1000 से 1500 किमी के लिए 15000 रुपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगी। 1,500 किमी से ज्यादा की सभी दूरी के लिए अधिकतम किराया 18000 रुपये तय किया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम किराया सीमा में यूजर डेवलपमेंट फी, यात्री सेवा शुल्क और कर शामिल नहीं हैं। साथ ही, बिजनेस श्रेणी की सीटों और उड़ान योजना के तहत आरक्षित सीटों पर भी यह सीमा लागू नहीं होगी। उसने कहा है कि यह व्यवस्था अस्थायी है और स्थिति सामान्य होने तक लागू रहेगी। इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उसकी जानकारी में है कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने का फायदा उठाकर कुछ एयरलाइनें भारी-भरकम किराये वसूल रही हैं। मंत्रालय ने कहा है कि किसी तरह की अनियमितता दिखने पर सुधारात्मक कार्रवाई की जायेगी। मंत्रालय ने इंडिगो से कहा है कि वह बिना किसी देरी के सभी प्रभावित यात्रियों को पूरा रिफंड दे। रद्द या प्रभावित उड़ानों के मामले में रिफंड का काम रविवार 07 दिसंबर 2025 को रात आठ बजे तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इसमें देरी होने पर नियामक कार्रवाई की जायेगी। एयरलाइंस से कहा गया है कि जिन यात्रियों ने बैगेज चेक-इन करा लिया था उसके बाद उनकी उड़ान रद्द हो गयी या उसमें देरी हुई, उनके बैगेज यात्री के घर पर या उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये पते पर भिजवा दिये जाएं। सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए डीजीसीए के एक संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की है। समिति इंडिगो संकट के कारणों की जांच करेगी और भविष्य ऐसी स्थिति से बचने के उपाय सुझायेगी।

कोलकाता : नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रतीक्षा करते यात्री।

इंडिगो की 800 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं

नई दिल्ली। इंडिगो की शनिवार को 800 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एयरलाइंस ने बताया कि शनिवार को रद्द उड़ानों की संख्या घटकर 850 से कम रह गयी है। उसने कहा है कि आने वाले दिनों में इस संख्या को और कम करने तथा परिचालन सामान्य करने के लिए वह प्रयासरत है। 04 दिसंबर में करीब 400, 05 दिसंबर को 1,000 से अधिक और 06 दिसंबर को 800 से ज्यादा उड़ानें रद्द रही हैं।

अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी एयर इंडिया

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि वह यात्रियों और उनके बैगेज को जल्द से जल्द उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने के विकल्प तलाश रही है। एयर इंडिया ने दावा किया है कि उसने 04 दिसंबर से जारी भारी मांग के बीच खुद ही पहल करते हुए किराये की कैपिंग की है ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।

टीएमसी के निलंबित विधायक ने मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी

बहरमपुर, एजेंसी

- केंद्रीय बलों की रही तैनाती, सऊदी अरब के धार्मिक नेता मंच पर मौजूद रहे
- कबीर ने मंच से कई बार कहा - प्रस्तावित ढांचा किसी भी कीमत पर बनकर रहेगा

टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर में अयोध्या की बाबरी मस्जिद के मॉडल पर आधारित एक मस्जिद की नींव रखी। आरएएफ और केंद्रीय बलों की भारी तैनाती के बीच, कबीर ने मौलवियों के साथ, रेजिनगर में एक विशाल मंच पर औपचारिक फीता काटा, जबकि वास्तविक मस्जिद निर्माण स्थल आयोजन स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर था। वहां मौजूद लोगों में से कई प्रतीकात्मक रूप से अपने सिर पर ईंट लिए हुए थे। यह कार्यक्रम छह दिसंबर को निर्धारित किया गया था, जिस दिन 1992 में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहा दी गई थी।

आयोजन के तिथि चयन को लेकर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया भी आई। न केवल रेजिनगर में, बल्कि निकटवर्ती बेलडांगा क्षेत्र में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई, जिसे प्रशासन ने भीड़ बढ़ने और तनाव बढ़ने की आशंका के मद्देनजर प्रभावी रूप से उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में तब्दील कर दिया था। कबीर को तृणमूल कांग्रेस ने सांप्रदायिक राजनीति में शामिल होने के आरोप में इस हफ्ते की शुरुआत में निलंबित कर दिया था। कबीर ने कार्यक्रम के मंच से कई बार कहा कि प्रस्तावित ढांचा किसी भी कीमत पर बनकर रहेगा। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कुछ भी असंवैधानिक नहीं कर रहा हूं। उपासना स्थल बनाना एक संवैधानिक अधिकार है। बाबरी मस्जिद जरूर बनेगी। कबीर ने दावा किया कि इस परियोजना में किसी भी वित्तीय बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कबीर ने कहा कि मुख्य मस्जिद तीन कट्ठा जमीन पर बनाई जाएगी, जबकि पूरा परिसर लगभग 25 बीघा में फैला होगा। कबीर ने स्थल के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण पेश करते हुए घोषणा की कि इस परिसर में एक अस्पताल, एक मेडिकल कॉलेज, एक विश्वविद्यालय, एक होटल और एक हेलीपैड भी होगा, जिसकी कुल अनुमानित लागत लगभग 300 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने बताया कि एक स्थानीय डॉक्टर ने इस परियोजना के लिए पहले ही एक करोड़ रुपये दान कर दिए हैं।

आज गीता पाठ, पांच लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद

कोलकाता। कोलकाता में रविवार को 'हिंदुओं के आध्यात्मिक जागरण' के लिए भगवद् गीता का पाठ आयोजित किया गया है जिसमें करीब पांच लाख श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजक सनातन संस्कृति संसद के प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के भी 'एक साथ पांच लाख गीता पाठ' नामक कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। प्रवक्ता ने बताया कि रामदेव, धार्मिक गुरु धीरेन्द्र शास्त्री और कार्तिक महाराज इस अवसर पर मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे और गीता पाठ में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल के अलावा, हमने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी निमंत्रण भेजा है, लेकिन उनके कार्यालय ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। यह एक आध्यात्मिक कार्यक्रम है जिसका राजनीति से कोई संबंध नहीं है।

नीट पीजी अभ्यर्थी अपने ही संस्थान में होंगे सीनियर रेजिडेंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- काउंसिलिंग तक प्रभावी रहेगी व्यवस्था सेवा अवधि होगी बांड में शामिल
- पीजी पूरी करते ही सीनियर रेज़िडेंट पदों पर होगी त्वरित तैनाती

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेजों से परास्नातक कर रहे नीट पीजी 2022 (एमडी-एमएस) तथा नीट पीजी 2023 (डिप्लोमा) अभ्यर्थियों के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। ऐसे अभ्यर्थियों को फिलहाल अपने-अपने संस्थान में ही बतौर सीनियर रेज़िडेंट सेवाएं देनी होंगी।

यह सुविधा 29 जनवरी से प्रस्तावित नीट पीजी 2025 की ऑन लाइन काउंसिलिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्ति तक प्रभावी रहेगी। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय ने सभी चिकित्सा विश्वविद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों और राजकीय मेडिकल कॉलेजों को भेज दिया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय के अपर निदेशक आलोक कुमार ने बताया कि यह व्यवस्था 29 जनवरी से प्रस्तावित नीट पीजी-2025 की ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्ति तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि के दौरान दी गई सेवा को दो वर्ष की अनिवार्य सेवा बांड में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन पीजी अभ्यर्थियों का अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित हो चुका है और वे उत्तीर्ण हैं। उन्हें रोगीहित व छात्रहित में तुरंत प्रभाव से अपने संस्थान में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सीनियर रेज़िडेंट के रूप में नियुक्त किया जाएगा। साथ ही स्पष्ट किया कि यह नियुक्ति अस्थायी होगी और सभी पात्र अभ्यर्थियों का चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा आयोजित काउंसिलिंग में सम्मिलित होना अनिवार्य है। काउंसिलिंग के बाद होने वाली अंतिम नियुक्ति उसी के आधार पर मान्य होगी। अभ्यर्थियों द्वारा इस अवधि में दी गई सेवाओं को अनिवार्य सरकारी सेवा बांड में जोड़ा जाएगा, जिससे मेडिकल कॉलेजों में मानव संसाधन की उपलब्धता में भी मदद मिलेगी।

एससीआर के ब्लूप्रिंट को सरकार देगी हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 380 पन्नों के ब्लूप्रिंट पर मंथन अंतिम दौर में, छह विभागों ने दी योजना

अमृत विचार: राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के जिलों के तेज एवं संतुलित विकास के लिए तैयार किया जा रहा स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) अब अंतिम चरण में पहुंच गया है।

नगर विकास विभाग को सौंपे गए 380 पन्नों के ब्लूप्रिंट को शासन स्तर पर हरी झंडी मिलने वाली है। छह विभाग नगर विकास, आवास विकास, औद्योगिक विकास, परिवहन, पीडब्ल्यूडी और गृह विभाग ने अपने-अपने हिस्से की योजनाएं रिपोर्ट में शामिल कर दी हैं। सरकार का लक्ष्य है कि एनसीआर की तर्ज पर राजधानी क्षेत्र के विकास को एक इकाई के रूप में आगे बढ़ाया जाए।

एससीआर में लखनऊ के साथ बाराबंकी, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर और हरदोई को शामिल किया गया है। करीब 27,800 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल और 2.29 करोड़ की आबादी वाले इस रीजन के लिए एक अलग राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एससीआरडीए) पहले ही गठित किया जा चुका है, जिसमें मुख्यमंत्री अध्यक्ष और मुख्य सचिव उपाध्यक्ष हैं। छहों जिलों के डीएम और संबंधित विकास प्राधिकरण इसके सदस्य हैं। 380 पन्नों की रिपोर्ट में 2047 तक के लिए रीजन का विज़न तय किया गया है। नगर विकास और आवास विकास विभाग ने समेकित मास्टर प्लान, ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी), नई टाउनशिप, सस्ते आवास और स्लम रिडेवलपमेंट को प्रमुखता दी है।

संकल्प | प्रधानमंत्री ने कहा – हिंदू विकास दर शब्द का प्रयोग तब किया गया था जब भारत 2-3 प्रतिशत की विकास दर के लिए तरस गया था

हमें 10 वर्षों में देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करना होगा : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से अगले 10 वर्षों में देश को गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त करने का शनिवार को आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज हर क्षेत्र औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है और गर्व के साथ नयी उपलब्धियों का लक्ष्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू विकास दर शब्द का प्रयोग तब किया गया था जब भारत 2-3 प्रतिशत की विकास दर के लिए तरस गया था।

मोदी ने कहा कि भारत में मानसिक गुलामी के बीज बोने वाली मैकाले की नीति 2035 में 200 वर्ष पूरे कर लेगी। इसका मतलब है कि अभी 10 वर्ष बाकी हैं। इसलिए, इन्हीं 10 वर्षों में हम सभी को मिलकर अपने देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराना होगा। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के विकास को उसके लोगों की आस्था और उनकी पहचान से जोड़ना... यह उपनिवेशवाद की मानसिकता का प्रतीक था। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है, भारत एक अलग ही लीग में नजर आ रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे बदलाव सिर्फ संभावनाओं के बारे में नहीं हैं, बल्कि बदलती सोच और दिशा की गाथा हैं। मोदी ने कहा कि हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहां 21वीं सदी का एक-चौथाई हिस्सा बीत चुका है। दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं: वित्तीय संकट, वैश्विक महामारी, प्रौद्योगिकी व्यवधान, हम युद्ध देख रहे हैं, ये स्थितियां किसी न किसी रूप में दुनिया के लिए चुनौती बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि विश्व अनिश्चितताओं से भरा है, लेकिन भारत को एक अलग ही लीग में देखा जा रहा है। मोदी ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। जब आर्थिक सुस्ती की बात होती है, तो भारत विकास की कहानी लिखता है। जब दुनिया में विश्वास की कमी होती है, तो भारत भरोसे का स्तंभ बन रहा है, जब दुनिया टुकड़ों में बंटी है, तो भारत सेतु का काम करता है। दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के आठ प्रतिशत से अधिक के आंकड़े की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि यह हमारी गति का प्रतीक है। यह सिर्फ एक संख्या नहीं है, बल्कि एक मजबूत व्यापक आर्थिक संकेत है।

यह संदेश है कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बन रहा है। उन्होंने बताया कि वैश्विक वृद्धि दर लगभग तीन प्रतिशत है, जबकि जी-7 अर्थव्यवस्थाएं औसतन लगभग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। मोदी ने कहा कि ऐसे समय में भारत उच्च विकास और कम मुद्रास्फीति का एक मॉडल है।

... कहा गया था कि धीमी विकास दर का कारण हिंदू संस्कृति है

नई दिल्ली। मोदी ने कहा कि यह साबित करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हिंदू संस्कृति है। उन्होंने कहा कि आज के बुद्धिजीवी जो हर चीज में सांप्रदायिकता ढूंढते रहते हैं, उन्हें हिंदू विकास दर' कहने पर सांप्रदायिकता नहीं दिखी। उनके समय में यह संज्ञान किताबों और शोध पत्रों का हिस्सा बनी थी। उन्होंने कहा कि भारत उच्च विकास और निम्न मुद्रास्फीति का एक मॉडल है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में देश की 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर दर्शाती है कि वह वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बन रहा है। मोदी ने कहा कि भारत का आत्मविश्वास 'उपनिवेशवाद की मानसिकता' से हिल गया था, लेकिन अब हम इससे आगे बढ़ रहे हैं।

तीन सड़क हादसों में तीन की मौत, पांच लोग घायल

कोठी/त्रिवेदीगंज/निन्दूरा, बाराबंकी

अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए तीन भीषण सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसों की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में रोना पिटना मच गया।

कोठी थाना क्षेत्र के हैदरगढ़–बाराबंकी मार्ग स्थित सादुल्लापुर गांव के पास शुक्रवार मध्यरात्रि बारात से लौट रही कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। हादसे में गंगापुर संसारा निवासी श्रीराम शर्मा (45) की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार उनका पुत्र राघवेंद्र प्रताप शर्मा सहित दो अन्य रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर इंस्पेक्टर अमित सिंह भदौरिया मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी कोठी के बाद जिला अस्पताल रेफर कराया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे रामलाल पाल (45) निवासी अमृतपुर देर रात मौलाबाद गांव के पास मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होने से गहरी खाई में गिर गए। छोटे भाई ईश्वरदीन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के भिलवल चौराहे पर शनिवार दोपहर सड़क पार कर रही रमजाना बानो (65), निवासी मकनपुर दरगाह को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस ने वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पहला हादसा मोहम्मदपुर खाला थाना के सूरतगंज कस्बे में बेल चौराहे के निकट ट्रक से हुआ। जिसमें बाइक सवार सूरतगंज कस्बा निवासी 24 वर्षीय मो. जफिल पुत्र शकील गंभीर रूप से घायल हुआ। दूसरे हादसे में बंभनवा निवासी बाइक सवार 50 वर्षीय अमरेश कुमार पुत्र रामलोटन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी सूरतगंज में भर्ती कराया। जहां से इन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत, हत्या का आरोप

प्रतापगढ़, अमृत विचार : लीलापुर थाना के सिंधौर गांव के नवतरवा में शुक्रवार की रात 97 वर्षीय शहीदुद्दीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के दामाद एजाज खान ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, शहीद्दीन कई दिनों से बीमार भी थे और परिजन उनका इलाज करा रहे थे। शुक्रवार की रात अचानक मौत हो गई। इधर, बुजुर्ग की मौत के बारे में दामाद एजाज खान जो वाराणसी में रहता है उसे जानकारी हुई तो उसने ससुरालीजनों पर कथित रूप से मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। लीलापुर एसओ मनोज पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

संवाददाता, कुंडा (प्रतापगढ़)। अमृत विचार : महेशगंज थाना क्षेत्र के रायगढ़ गांव निवासी 55 वर्षीय हरिश्चन्द गौतम शुक्रवार की देर रात महेशगंज बाजार से गंगा एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड से साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह मेन सड़क पर पहुंचे, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। इससे हरिश्चन्द गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगो ने उसे सीएचसी भेजा। लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद भी उसकी हालत गंभीर बनी रहने पर डॉक्टर ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन जैसे ही घायल हरिश्चन्द्र को इलाज को प्रयागराज को ले जाने लगे, बहोरिकपुर के पास ही उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की बेटी शिवानी ने शनिवार की सुबह पुलिस को अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम को भेजा। मृतक के छह बेटियां हैं। जिसमें पांच की शादी हो चुकी है। एक बेटी की शादी नहीं हुई। पिता की मौत से सभी सदमें में हैं।

आग लगने से घर व सामान जलकर राख

बारुन, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत मेहदौना मजरे बूढ़नपुर में शनिवार हुए भीषण अग्निकांड में गंगाराम निषाद का पूरा घर जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपये का घरेलू सामान नष्ट हो गया, जिससे परिवार अब खुले आसमान के नीचे आ गया है। गंगाराम का परिवार शनिवार सुबह खेत में काम करने गया था। इसी दौरान अज्ञात कारणों से उनके घर में आग लग गई। जिससे घर समेत गृहस्थी का सामान जल गया। ग्रामीणों के सहयोग से लपटों पर काबू पाया गया। भाजपा नेता सुरेंद्र गिरि बाबा की सूचना पर पहुंचे लेखपाल संदीप श्रीवास्तव ने क्षति का आकलन किया। बताया कि पीड़ित को सहायता के लिए रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को भेजी गई है।

चलती ट्रेन पर चढ़ा युवक, 40 मिनट तक जाम रहा ट्रैक

संवाददाता, प्रतापगढ़

- विद्युत आपूर्ति रोक कर रेलवे ने बचाई युवक की जान

अमृत विचार : मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के करीब शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक युवक चलती ट्रेन पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा करने लगा। इस घटना से रेल महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि कोई अनहोनी नहीं हुई। युवक को सकुशल बचा लिया गया।

बताया गया कि संत कबीर नगर निवासी मोहम्मद अनस नामक युवक काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के डिब्बे के ऊपर चढ़ गया। ऊपर जाने के बाद वह नीचे उतरने से मना कर दिया। खतरे की स्थिति देखते हुए रेलवे कंट्रोल रूम ने तुरंत ओवरहेड लाइन की बिजली आपूर्ति बंद कर दी। इससे संभावित हादसा टल गया और युवक की जान बच गई। करीब 40 मिनट तक रेलवे ट्रैक पर अफरा-तफरी रही। ट्रेन के रुकने से वाराणसी – लखनऊ मार्ग की कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा। इस घटना से आसपास के रेलवे फाटक पर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंच कर जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने युवक को नीचे उतरने के लिए मनाने का प्रयास किया। बावजूद इसके वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। युवक ने नीचे उतारने के दौरान पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की भी की। कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस घटना के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जुटी रही।

काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के डिब्बे पर चढ़ा युवक।

शुकुलपुर दिलेरगंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में जुटे श्रद्धालु।

विकास के नाम पर प्रकृति का हो रहा शोषण : डॉ. श्यामसुंदर

संवाददाता, कुंडा (प्रतापगढ़)। अमृत विचार : कुंडा ब्लॉक के शुकुलपुर दिलेरगंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ. श्यामसुंदर पराशर महाराज ने अपने प्रवचनों में प्रकृति संरक्षण पर जोर दिया। कहा कि विकास के नाम पर धरती माता,गौ माता का अत्यधिक शोषण किया जा रहा है। जैसे सूर्य संसार से रस लेकर वर्षा के माध्यम से उसे लौटा देता है, उसी प्रकार राजा और शासन को जनता से मिलकर उनके विकास में खर्च करना चाहिए। जो ऐसा नहीं करते, वे जनता के पाप के भागीदार बनते हैं। आज इंसान की स्वार्थपूर्ण प्रवृत्ति के चलते पहाड़ और वृक्ष लगातार काटे जा रहे हैं। प्राचीन प्राकृतिक स्वरूप नष्ट होता जा रहा है। गौ माता के दूध के लिए लगाए जाने वाले इंजेक्शन पर चिंता जताई। मुख्य यजमान सूर्यकली एवं शिव शंकर, आयोजक गुल्लू मिश्रा, श्रीमद्भागवत कथा वाचक सत्यम महाराज, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय महासचिव डा. केएन ओझा, अतुल शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य विनोद पटेल,जुगनू विश्वकर्मा, अनुराग मिश्र, रोहित मिश्र, शिव प्रसाद मिश्र सेनानी,भूपेंद्र पांडेय, ओम प्रकाश शुक्ल समेत श्रद्धालु मौजूद रहे।

कार व ट्रैक्टर की भिड़त में परिवार के छह लोग गंभीर

मवई, अयोध्या। अमृत विचार: पटरंगा थाना क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह गनौली पेट्रोल पंप के समीप कार आगे चल रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। जिससे कार में सवार एक ही परिवार के सभी छह लोग व चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार पुत्रियों को अयोध्या में आयोजित यूपी एलटी ग्रेड परीक्षा दिलाने जा रहा था। हादसे में 2 ए - 38 वृंदावन योजना लखनऊ निवासी कार सवार संत प्रकाश पुत्र भीखम दास रावत, उनकी पत्नी नीलम, पुत्रियाँ शशि और तनु व शगुन, सिसेंडी मोहनलालगंज निवासी जितेंद्र कुमार और बाबूखेड़ा, कल्ली पश्चिम निवासी चालक मनीष गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी रुदौली के चिकित्सकों ने गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर, अयोध्या रेफर कर दिया। हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

अवैध खनन रोकने गये भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष पर हमला

हैदरगंज, अयोध्या।

- अयोध्या में डंपर से रौंदने का किया गया प्रयास

अमृत विचार : जिले के बीकापुर नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन को रोकने के लिए शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना अपने लोगों के साथ औहरपुर गांव पहुंचे। उन्होंने एक डंपर को रोके जाने प्रयास किया तो डंपर चालक ने उन्हें रौंदने का प्रयास किया। अध्यक्ष ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। उनके साथ गए लोगों ने जब खनन माफियाओं को रोकने का प्रयास किया तब उन्होंने उन पर भी गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। हल्ला सुन स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए, तब तक खनन माफिया जेसीबी व डंपर छोड़ फरार हो गए। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी व एसपी से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

लोगों का कहना है कि अगर अब भी माफियाओं पर लगाम नहीं लगाई गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मौके पर पहुंची बीकापुर पुलिस ने कई डंपर और जेसीबी को कब्जे में ले लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पाण्डेय राना ने आरोप लगाया है कि प्रशासन, पुलिस और खनन विभाग की लापरवाही व मिलीभगत से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। मौके पर पहुंचे खनन इंस्पेक्टर चंद्रशेखर पाठक ने कहा कि विभाग द्वारा इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही सही या गलत कहा जा सकता है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के नाम पर कई दिनों से सरकारी जमीन से लगभग 20 फिट गहराई तक मिट्टी खोदी जा रही है, लेकिन प्रशासन मौन है।

> नगर पंचायत अध्यक्ष की शिकायत पर डंपर कब्जे में लिए गए हैं। मिट्टी 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के लिए ली जा रही थी। खनन विभाग जांच कर रहा है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर सख्त कार्रवाई होगी। –पीयूष कांत शुक्ला, सीओ, बीकापुर

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की शुरुआत

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा गोमती नगर – सहारनपुर – गोमती नगर के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

26504/26503 गोमती नगर-सहारनपुर-गोमती नगर वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)

रेलगाड़ी सं. 26504 आगमन	रेलगाड़ी सं. 26504 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 26503 आगमन	रेलगाड़ी सं. 26503 प्रस्थान
----	15:10	गोमती नगर	14:05	----
15:28	15:38	डालीगंज जं.	13:34	1344
16:33	16:35	सीतापुर जं.	12:36	12:38
18:08	18:10	शाहजहॉपुर जं.	11:07	11:09
19:05	19:07	बरेली जं.	09:40	09:42
20:35	20:40	मुरादाबाद जं.	08:00	08:05
21:54	21:56	नजीबाबाद जं.	06:25	06:27
22:42	22:44	रुड़की	05:40	05:42
23:50	----	सहारनपुर जं.	----	05:05

चलने के दिन: 26504 गोमती नगर से प्रतिदिन दिनांक 09.12.2025 से (सोमवार छोड़कर)। और 26503 सहारनपुर से प्रतिदिन दिनांक 10.12.2025 से (मंगलवार छोड़कर)।
स्थान : चेयर कार एवं एक्जीक्यूटिव चेयर कार।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

3792/25

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

03010 नई दिल्ली–हावड़ा जं. विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा

स्टेशन	गाड़ी सं. 03010 आगमन	गाड़ी सं. 03010 प्रस्थान
नई दिल्ली	---	07:30
हावड़ा जं.	13:30	---

चलने के दिन : 03010 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर एवं बर्द्धमान स्टेशन।

01016 लखनऊ जं.–लोकमान्य तिलक (ट.) विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा

स्टेशन	गाड़ी सं. 01016 आगमन	गाड़ी सं. 01016 प्रस्थान
लखनऊ जं.	---	19:30
लोकमान्य तिलक (ट.)	23:30	---

चलने के दिन : 01016 लखनऊ जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., जलगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।

01020 ह. निज़ामुद्दीन–छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा

स्टेशन	गाड़ी सं. 01020 आगमन	गाड़ी सं. 01020 प्रस्थान
ह. निज़ामुद्दीन	---	17:30
छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.)	13:30	---

चलने के दिन : 01020 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : मथुरा जं., सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वसई रोड, ठाणे एवं दादर स्टेशन।

01409/01410 पुणे जं.– ह. निज़ामुद्दीन – पुणे जं. विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 01409 आगमन	गाड़ी सं. 01409 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 01410 आगमन	गाड़ी सं. 01410 प्रस्थान
---	20:20	पुणे जं.	09:00	---
01:00	---	ह. निज़ामुद्दीन	---	05:00

चलने के दिन : 01409 पुणे जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 01410 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता.
ठहराव : दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खंडवा, ईटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर एवं आगरा कैंट स्टेशन।

06259/06260 यशवंतपुर – ह. निज़ामुद्दीन – बेंगलूरु कैंट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 06259 आगमन	गाड़ी सं. 06259 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 06260 आगमन	गाड़ी सं. 06260 प्रस्थान
---	---	बेंगलूरु कैंट	19:45	---
---	07:00	यशवंतपुर	---	---
03:00	---	ह. निज़ामुद्दीन	---	23:50

चलने के दिन : 06259 यशवंतपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 06260 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : येलहंका, धर्मावरम जं., अनंतपुर, डोन, कर्नूलु सिटी, काचीगुडा, काज़ीपेट, बल्हारशाह, नागपुर, भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

04474/04473 गाजियाबाद – सहारनपुर – गाजियाबाद अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 04474 आगमन	गाड़ी सं. 04474 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 04473 आगमन	गाड़ी सं. 04473 प्रस्थान
---	05:15	गाजियाबाद	17:20	---
08:45	---	सहारनपुर	---	14:00

चलने के दिन : 04474 गाजियाबाद से तथा 04473 सहारनपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को।
स्थान : सामान्य
ठहराव : नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाँडा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़नगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

04476/04475 गाजियाबाद – सहारनपुर – गाजियाबाद अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 04476 आगमन	गाड़ी सं. 04476 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 04475 आगमन	गाड़ी सं. 04475 प्रस्थान
---	16:30	गाजियाबाद	16:00	---
20:00	---	सहारनपुर	---	12:30

चलने के दिन : 04476 गाजियाबाद से तथा 04475 सहारनपुर से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को।
स्थान : सामान्य
ठहराव : नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाँडा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़नगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

02417/02418 प्रयागराज जं. – नई दिल्ली – प्रयागराज जं. विशेष रेलगाड़ी — 03 फेरे

गाड़ी सं. 02417 आगमन	गाड़ी सं. 02417 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 02418 आगमन	गाड़ी सं. 02418 प्रस्थान
---	23:20	प्रयागराज जं.	04:30	---
11:40	---	नई दिल्ली	---	14:00

चलने के दिन : 02417 प्रयागराज जं. से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) तथा 02418 नई दिल्ली से दिनांक 07 एवं 09.12.2025 (रविवार एवं मंगलवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : फतेहपुर, गोविंदपुरी, ईटावा, टुण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

02275/02276 प्रयागराज जं. – नई दिल्ली – प्रयागराज जं. विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 02275 आगमन	गाड़ी सं. 02275 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 02276 आगमन	गाड़ी सं. 02276 प्रस्थान
---	23:20	प्रयागराज जं.	04:30	---
11:40	---	नई दिल्ली	---	14:00

चलने के दिन : 02275 प्रयागराज जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 02276 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

स्थान : प्रथम वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : फतेहपुर, गोविंदपुरी, ईटावा, टुण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

01082/01081 बनारस – लोकमान्य तिलक (ट) – बनारस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 01082 आगमन	गाड़ी सं. 01082 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 01081 आगमन	गाड़ी सं. 01081 प्रस्थान
---	19:40	बनारस	16:05	---
19:55	20:05	वाराणसी जं.	15:25	15:35
06:25	---	लोकमान्य तिलक (ट)	---	08:25

चलने के दिन : 01082 बनारस से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 01081 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : वाराणसी जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, ईटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., नाशिक रोड एवं कल्याण जं. स्टेशन।

02559/02560 बनारस – आनंद विहार (ट) – बनारस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 02559 आगमन	गाड़ी सं. 02559 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 02560 आगमन	गाड़ी सं. 02560 प्रस्थान
---	20:15	बनारस	04:15	---
10:30	---	आनंद विहार (ट)	---	12:20

चलने के दिन : 02559 बनारस से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 02560 आनंद विहार (ट) से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं गाजियाबाद स्टेशन।

08760/08761 दुर्ग – ह. निज़ामुद्दीन – दुर्ग एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 08760 आगमन	गाड़ी सं. 08760 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 08761 आगमन	गाड़ी सं. 08761 प्रस्थान
---	10:45	दुर्ग	15:00	---
11:10	---	ह. निज़ामुद्दीन	---	12:30

चलने के दिन : 08760 दुर्ग से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 08761 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव : रायपुर जं., उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एवं आगरा कैंट स्टेशन।

08403/08404 पुरी – दिल्ली जं. – भुवनेश्वर विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 08403 आगमन	गाड़ी सं. 08403 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 08404 आगमन	गाड़ी सं. 08404 प्रस्थान
---	11:45	पुरी	---	---
12:50	12:55	भुवनेश्वर	22:00	---
13:30	---	दिल्ली जं.	---	18:30

चलने के दिन : 08403 पुरी से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) तथा 08404 दिल्ली जं. से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर केन्द्रुझर रोड़, भद्रक, बालेश्वर, जलेश्वर, हिजली, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा जं., आद्रा जं., नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, गया, डेहरी ओन सोन, सासाराम, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, टूंडला एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

04206/04205 वाराणसी जं. – नई दिल्ली – वाराणसी जं. आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 04206 आगमन	गाड़ी सं. 04206 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 04205 आगमन	गाड़ी सं. 04205 प्रस्थान
---	14:50	वाराणसी जं.	01:20	---
05:15	---	नई दिल्ली	---	10:55

चलने के दिन : 04206 वाराणसी जं. से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04205 नई दिल्ली से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

04462/04461 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 04462 आगमन	गाड़ी सं. 04462 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 04461 आगमन	गाड़ी सं. 04461 प्रस्थान
---	18:15	नई दिल्ली	08:20	---
23:30	---	हावड़ा जं.	---	01:30

चलने के दिन : 04462 नई दिल्ली से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04461 हावड़ा जं. से दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव : गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., ईटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।

04580 चंडीगढ़–तिरुवनंतपुरम सेंट्रल आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा

स्टेशन	गाड़ी सं. 04580 आगमन	गाड़ी सं. 04580 प्रस्थान
चंडीगढ़	---	07:15
तिरुवनंतपुरम सेंट्रल	14:45	---

चलने के दिन : 04580 चंडीगढ़ से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., मेरठ सिटी जं., गाजियाबाद जं., ह. निज़ामुद्दीन जं., कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वसई रोड, पनवेल, रोहा, रतनागिरी, थिविम, मडगांव जं., कारवार, कुमता, मूकांबिका रोड बैन्दूर, कुन्दापुरा, उडुपी, मंगलूरु जं., कासरगोड, कन्नूर, कोझ़ीकोड, षोरणूर जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टायम, चेंगन्नूर, कायमकुलम, कोल्लम जं. एवं वर्कला शिवगिरी स्टेशन।

04004/04003 नई दिल्ली – मुंबई सेंट्रल – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 04004 आगमन	गाड़ी सं. 04004 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 04003 आगमन	गाड़ी सं. 04003 प्रस्थान
---	22:40	नई दिल्ली	20:50	---
21:00	---	मुंबई सेंट्रल	---	23:30

चलने के दिन : 04004 नई दिल्ली से दिनांक 07.12.2025 (रविवार) तथा 04003 मुंबई सेंट्रल से दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव : मथुरा, कोटा, नागदा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

न्यूज ब्रीफ

वीडियो बना रही युवती से युवक ने की मारपीट

निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : बड़ूपुर थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान वीडियो बनाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने युवती की पिटाई कर दी। उसने युवती की बहन को जान से मारने की धमकी भी दी। एक गांव की युवती ने बताया कि वह शादी में अपना वीडियो बना रही थी। तभी गांव के ही अहद ने 4 दिसंबर की रात उसे वीडियो न बनाने के लिए कहा और जबरन साथ चलने का दबाव बनाया। आरोप है कि मना करने पर हद ने उसको गालियां दीं और लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, आरोपित ने उसकी छोटी बहन को भी जान से मारने की धमकी दी।

आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ायी गयी

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि आंगनबाड़ी सहायिकाओं और कार्यकत्रियों के पदों पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले आंगनबाड़ी सहायिकाओं के लिए आवेदन 5 दिसंबर तक और कार्यकत्रियों के लिए 10 दिसंबर तक थे। अब जिलाधिकारी के अनुमोदन से आंगनबाड़ी सहायिकाओं के लिए अंतिम तिथि 15 दिसंबर और कार्यकत्रियों के लिए 20 दिसंबर कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार विभागीय पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

बच्चों के बनाये आधार कार्ड, खोले सुमंगला खाते

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : क्रिसील फाउंडेशन और नाबार्ड के सहयोग से डाकघर बिन्दौरा द्वारा पंचायत भवन बड़ागांव में विशेष वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जन्म से 5 वर्ष के 28 बच्चों के नि:शुल्क आधार कार्ड बनाए गए और 4 बेटियों के सुमंगला समृद्धि योजना के खाते खोले गए। अधिकारियों ने आरडी, एफडी, अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद व अन्य लोग मौजूद रहे।

करंट लगने से टेंट मजदूर की मौत

टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक टेंट मजदूर की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों को मृतक का शव मिला। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बेलखरा गांव निवासी उबैद पुत्र राजेश गुलाम कादिर के टेंट हाउस में काम करता था। वह शुक्रवार को फतेपुरवा में टेंट लगाने गया था, देर रात दस बजे वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। सूचना मिलने पर चचेरे भाई शकील, प्रमोद और फहीम टेंट व्यापारी के बताने पर उबैद को ढूंढते हुए मौके पर पहुंचे तो उबैद का शव मिला। उसके हाथ में करंट लगने के निशान भी मौजूद थे। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है।

राष्ट्र की सुरक्षा व लोकतंत्र की मजबूती को एसआईआर जरूरी : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ने कुंडी खटकाओ अभियान के तहत डोर टू डोर किया जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

भाजपा जिला कार्यालय पर डिप्टी सीएम का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे और ठेठ अवधी भाषा में बोलकर अलग ही अंदाज दिखाया। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए एसआईआर महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पहले भी कई बार हो चुका है। वर्ष 2003 में प्रदेश में चुनाव आयोग ने एसआईआर कराया था, तब विपक्ष ने आपत्ति नहीं जताई थी। उन्होंने एसआईआर को राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उपमुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार चुनाव के पूर्व हुए एसआईआर में लगभग 65 लाख नाम हटाए गए थे, लेकिन किसी ने भी चुनाव आयोग में शिकायत नहीं की। प्रदेश महामंत्री एवं क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा की भावना से एसआईआर की सफलता के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत, जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, राज्य मंत्री सतीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, संतोष सिंह, शशांक कुसुमेश, अरविंद मौर्य, अमरीश रावत, रामकुमारी मौर्य, डॉ विवेक वर्मा, शील रत्न मिहिर, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, धर्मेंद्र यादव, संजय तिवारी, रामशरण पाठक और आलोक तिवारी आदि मौजूद रहे।

मिथिलेश रावत की मौत पर जताया शोक : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुलामाबाद मजरे मीरापुर गांव स्थित हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत के आवास पहुंचे। उन्होंने उनके छोटे भाई मिथिलेश रावत की मौत पर शोक जताया एवं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए अपनी संवेदनाएं दी।

सड़क किनारे खरीदी सब्जी: डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक रास्ते में सड़क किनारे खड़े होकर सब्जी खरीदी।

नानमऊ में घर-घर किया जनसंपर्क

समीक्षा बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जनता के बीच पहुंचे, जहां उन्होंने कुंडी खटकाओ अभियान के तहत एसआईआर प्रक्रिया के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने नानमऊ के बूथ संख्या 271 एवं 272 पर डोर-टू-डोर संपर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत की। उन्होंने मतदाताओं को एसआईआर के महत्व के बारे में बताया।

सपा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी : उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी और मौलाना महमूद मदनी सहित विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। एसआईआर को लेकर उन्होंने कहा कि सपा संभावित हार के डर से बौखलाई हुई है और भ्रामक बयानबाजी कर रही है। मदनी के 'जिहाद' बयान पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि ऐसे विचार रखने वालों को ऊपर वाला माफ नहीं करता और उन्होंने जिन्ना के उदाहरण का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सपा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है, जहां परिवार के सदस्य ही हावी हैं। समाजवादी पार्टी पर अपराधियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दावा किया कि केंद्र और प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास की नीति पर काम कर रही हैं। उन्होंने अखिलेश यादव के अयोध्या न जाने पर कहा कि वे जाएंगे भी नहीं। उनकी राजनीति तुष्टीकरण पर आधारित है।

पत्नी से विवाद के बाद खुद को लगाई आग

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक मंदिर में परिवार के साथ रह रहे व्यक्ति ने शनिवार शाम अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की वजह नशे की हालत में पत्नी से विवाद बताया जा रहा। सिद्धार्थनगर निवासी खड़बढ़ पिछले करीब तीन माह से तपेसिपाह स्थित मंदिर में परिवार के साथ रह रहा है। शनिवार की शाम वह नशे में निवास स्थान पर पहुंचा और पत्नी से विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर खड़बढ़ ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली।

पुरानी रंजिश में युवक पर फायरिंग, चार नामजद

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : खेत में दवा का छिड़काव कर वापस लौट रहे युवक पर कार सवार बदमाशों ने शनिवार की शाम गोलियां दाग दीं। पैर में गोली लगने से युवक जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी मिलते ही सीओ मौके पर पहुंच गए।

फतेहपुर के गुरसेल निवासी लालता प्रसाद (32) शनिवार शाम साढ़ेमऊ स्थित खेत में दवा का छिड़काव कर बाइक से घर लौट रहा था। साढ़ेमऊ बाजार के पास स्थित खड़ंजा मार्ग पर कार में आए बदमाशों ने उस पर दो राउंड फायर किये। लालता प्रसाद के पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा। घायल की पत्नी रोली ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के ही हिमांशु, सिद्धार्थ और संतोष सोनी पर गोली मारने का आरोप लगाया है। रोली के अनुसार, तीन माह पूर्व हुए विवाद के मामले में उसके पति को जेल भेजा गया था और एक माह पहले ही वह रिहा हुआ था। आरोप है कि गांव की ही रेनू चौधरी के इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया। सीओ जगतराम कनौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

मां ने डांटा तो चाची के घर चली गयी थीं सहेलियां

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम बिछलखा की तीन नाबालिग लड़कियों के लापता होते ही पुलिस ने सघन तलाश अभियान चलाया। पुलिस की तत्परता का परिणाम यह कि 24 घंटे के भीतर तीनों लखीमपुर खीरी में मिल गईं।

लापता हुई लड़कियों में संतोषी (16), क्रांति (13) और काजल (12) शामिल थीं, जो घर से बथुआ बीनने निकली थीं लेकिन वापस नहीं लौटीं। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने प्रभारी निरीक्षक रामनगर अनिल कुमार पांडेय को तत्काल बरामदगी के निर्देश दिए। एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी एवं सीओ गरिमा पंत के नेतृत्व में टीमें गठित की गईं।

पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर फोटो जुटाए, आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, बस अड्डों और मुख्य चौराहों की भी निगरानी की। शुक्रवार को इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय और उनकी टीम ने तीनों लड़कियों को लखीमपुर खीरी से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में संतोषी ने बताया कि मां की डांट से नाराज होकर वह अपनी दोनों सहेलियों के साथ लखीमपुर स्थित चाची के घर चली गई थी और वहीं कमरा लेकर रहने व काम करने का विचार बना लिया था।

नशीला पदार्थ खिलाकर वृद्ध से दान करवाई भूमि

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : लोनीकटरा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग के साथ रह रही महिला ने साथियों समेत नशीला पदार्थ खिलाकर तहसील में जमीन दानपत्र करवा ली। विरोध करने पर बुजुर्ग को धमकी दी गई, पुलिस के सुनवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया। बड़वल निवासी भुल्लू (76) ने कोर्ट में गुहार लगाई कि मंशा देवी लगभग 9 वर्षों से उसके घर में रहते हुए पति के साथ कारोबार करती थी। 29 सितंबर 2023 को मंशा सहित तीन लोग बाइक से इलाज के बहाने लखनऊ ले गए। फिर हैदरगढ़ ले जाकर टिक्की में नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाया। नशे की हालत में विपक्षियों ने उससे दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाया तथा उसकी जमीन अपने नाम दानपत्र करवा ली।

एक-दूसरे के हुए 198 जोड़े

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को साईं पीजी कॉलेज ग्राउंड में 198 जोड़ों का विवाह विधि-विधान से हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक साकेन्द्र वर्मा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शांतिकुंज हरिद्वार से जुड़े पुरोहितों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया वहीं एक जोड़े का निकाह भी कराया गया। विधायक साकेन्द्र वर्मा ने कहा कि योगी सरकार समाज में समरसता और सर्वधर्म सद्भाव के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विवाह योजना से निर्धन परिवारों को बड़ी राहत मिली है। सरकार ने सहायता राशि 51 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी है।

नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा करते विधायक व अन्य विशिष्टजन। ● अमृत विचार

समारोह में एसडीएम कार्तिकेय सिंह, साईं ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंधक विपिन राठौर, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह सहित अन्य अतिथियों ने फूल बरसाकर नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया। अंशुमान मिश्र और दीपक वर्मा ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में बेटियों की विदाई के दौरान भावुक दृश्य देखने को मिला। समारोह में समाज के विभिन्न तबकों से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

ससुराल गया युवक लापता

निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : घुंघटेर थाना क्षेत्र में एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। संतराम निवासी ग्राम जमखनवां थाना इटौंजा लखनऊ ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र अरविंद 3 दिसंबर को अपनी पत्नी को लेने ससुराल घुंघटेर वासी रतिभान गौतम के घर आया था। ससुर रतिभान के मुताबिक अरविंद घर से यह कहकर निकला था कि वह दुकान से मसाला लेने जा रहा है, लेकिन लंबे समय तक इंतजार करने के बाद भी वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि अरविंद की गाड़ी और हेलमेट अभी भी उसके ससुराल में ही मौजूद है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

मुनाफे का भरोसा दिलाकर पांच लाख रुपये ठगे

बाराबंकी : अमृत विचार : नगर क्षेत्र में म्यूचुअल बेनिफिट कंपनी के नाम पर करीब 5 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मुनाफा व धन वापसी का भरोसा देकर ठगी के बाद कंपनी ने बोरिया बिस्तर समेट लिया है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सरफराज अली सिद्दीकी ने पुलिस को बताया कि रामगोपाल निगम निवासी ओबरी ने खुद को संसार भविष्य म्यूचुअल बेनिफिट लिमिटेड एवं माया संसार इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनियों का संचालक बताते हुए निवेश कराने को कहा। आरोप है कि उसकी पत्नी शिखा निगम, साथी आमिर अहमद, अफरोज अहमद तथा सौरभ वर्मा समेत अन्य लोग भी इस कथित कंपनी से जुड़े हैं। आरोप है कि उसने 2016 से प्रतिदिन 350 रुपये 5 साल में पैसा दोगुना करने के नाम पर जमा कराए। बीच-बीच में कुछ रकम वापस देकर भरोसा भी दिलाया गया। इसी विश्वास में पीड़ित ने 25 नवंबर तक करीब 5 लाख रुपये जमा कर दिए। जब उसने पैसा वापस मांगा तो बहाना शुरू हो गया। 27 नवंबर को पीड़ित को गाली-गलौज, धमकी और मारपीट की नीयत से डराया गया। धमकी दी अगर पैसा मागोगे तो जान से मार देंगे। आरोप लगाया कि रामगोपाल एवं उसका गिरोह फर्जी कागजातों के जरिए संगठित ढंग से कई लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है।

सिटी डायरी

सम्मानित किए गए विजेता

बाराबंकी, अमृत विचार : बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स मीट उड़ान के छठे दिन शनिवार को बालाजी सत्य प्रेमी नगर और बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में इंट्रा हाउस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी हाउसेस ग्रुप ए, बी और सी के बच्चों ने गायन, नृत्य और जीके क्विज में भाग लिया। विद्यालय के निदेशक अंकुर माथुर ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से बच्चों में टीम वर्क की भावना बढ़ती है। विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सत्य प्रेमी नगर ब्रांच में ग्रुप ए में जीके क्विज में कंपैशन हाउस की अद्रिका दीक्षित ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं स्ट्रैंथ हाउस की किंजल ठाकुर, इनोवेशन हाउस की इशिता यादव और क्रिएटिविटी हाउस के प्रतीक यादव ने भी स्थान प्राप्त किए। ग्रुप बी में नृत्य प्रतियोगिता में इनोवेशन हाउस के आदित्य यादव, क्रिएटिविटी हाउस की महिमा और कंपैशन हाउस की नंदिता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।

सम्मानित की गई छात्राएं। अमृत विचार

सांसद को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी, अमृत विचार : टीएफआई के राष्ट्रीय सचिव अरुणेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ और प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सांसद तनुज पुनिया को टीईटी अनिवार्यता के विरोध में ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने मांग की कि आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता को समाप्त किया जाए, क्योंकि यह उनके हितों और सेवा सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। सांसद तनुज पुनिया से अनुरोध किया गया कि वे इसे लोकसभा में प्रभावी रूप से उठाएं, ताकि प्रदेश के लाखों शिक्षकों को राहत मिल सके। इस अवसर पर जिला मंत्री बृजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, जंग बहादुर वर्मा, ब्लॉक मंत्री मसौली जमाल अहमद, जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह आदि थे।

विद्युत कैंप का निरीक्षण करते एसडीओ। अमृत विचार

एसडीओ ने कैंप का किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र सिरौलीगौसपुर पर लगाए गए कैंप का उपखंड अधिकारी (एसडीओ) विमलेश मौर्य ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित उपभोक्ताओं की समस्याएँ सुनीं और कई उपभोक्ताओं के बकाया बिल विद्युत राहत योजना के तहत जमा करवाए। एसडीओ विमलेश मौर्य ने विद्युत कर्मियों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव कैंप लगाकर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाएँ। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चल रही विद्युत राहत योजना के तहत उन उपभोक्ताओं को बड़ी छूट दी जा रही है।

72 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

समाधान दिवस

बाराबंकी, अमृत विचार : जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सिरौलीगौसपुर के पारिजात सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम सिरौलीगौसपुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण भी मौजूद रहे। जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत कुल 445 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 72 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील सिरौलीगौसपुर में 41 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 20 का समाधान किया गया। तहसील फतेहपुर में 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 8 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण हुआ। तहसील राम सनेहीघाट में 65 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 9 शिकायतों का समाधान मौके पर किया गया। तहसील रामनगर में 108 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 18 प्रकरणों का तुरंत निस्तारण किया गया।

समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम। ● अमृत विचार

छात्रों में गुस्सा बरकरार मियाद पर टिकी नजर

एसआरएमयू

बाराबंकी, अमृत विचार : श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में फीस, अटेंडेंस व फाइन को लेकर चल रहा विवाद थम भले ही गया हो पर खत्म नहीं हुआ है। छात्र छात्राओं में आक्रोश कायम है। पांच दिन की मियाद 10 दिसंबर को पूरी हो जाएगी एक ओर हालात पर यूनिवर्सिटी प्रशासन नजर बनाए हुए है तो एबीवीपी ने विवाद को लेकर स्पष्ट किया है कि अगर यूनिवर्सिटी ने जुमाना लगाना बंद न किया तो संगठन विरोध पर उतरेगा।

प्रबंधतंत्र फिलहाल विवाद को खत्म मानकर चल रहा है। शनिवार को भी यूनिवर्सिटी परिसर में खासा मजमा लगा रहा। यहां के प्रशासन की नजर खत्म होने वाली मियाद के बाद उपजने वाली स्थिति पर है। इस बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विवि इकाई के अध्यक्ष सत्यव्रत त्रिपाठी ने बताया कि यहां मनमानी नई बात नहीं है। मामूली फीस रहने पर भी फाइन लगाया जा रहा। सबसे बड़ी विडंबना यह कि कोई सुनने को तैयार नहीं है। एबीवीपी हालात पर नजर बनाए हुए है, विवि प्रशासन ने महज पांच दिन दिये हैं।

महापरिनिर्वाण दिवस | जिलेभर में आयोजित किये गये विभिन्न कार्यक्रम, बच्चों को वितरित की पाठ्य सामग्री

बाबा साहब ने समाज में समानता के लिए किया संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

एबीवीपी के कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत। ● अमृत विचार

एसडीएम रामनगर को सम्मानित करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने सांसद आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता, शिक्षा और न्याय के लिए संघर्ष किया। जिला सपा कार्यालय में विचार गोष्ठी हुई। पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, सदर विधायक धर्मराज सिंह व जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज व अन्य नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। देवा स्थित प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नरैनी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एससी/एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत थे। नवनिर्माण युवा ब्रिगेड ने कंपोजिट विद्यालय, मलूकपुर में बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की। रामसनेहीघाट के भीमनगर में ग्रामवासियों और कांग्रेस नेताओं ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व जिला कांग्रेस सचिव मनीष रावत ने बाबा साहब के दलित उत्थान में योगदान को याद किया। फतेहपुर के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सभा आयोजित की गयी। रामनगर में अधिवक्ता परिषद अवध की जिला इकाई ने कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि अपर मुख्य महाधिवक्ता कुलदीपपति त्रिपाठी और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने संविधान के प्रति सम्मान और न्याय व्यवस्था में महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, वरिष्ठ न्यायविदों और प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया।

भागवत कथा के समापन पर पहुंचे डिप्टी सीएम

सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार : पूर्व भारतीय क्रिकेटर व बीसीसीआई मेंबर आरपी सिंह के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ। पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, एससी/एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत भी मौजूद रहे।

कथा समापन के दौरान पहुंचे उपमुख्यमंत्री। अमृत विचार

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 7 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

बंद घर से चोरों ने पार किए जेवर व नगदी

उन्नाव। गदनखेड़ा मोहल्ला निवासी राम बिलास घर में ताला बंदकर परिवार के साथ चचेरे भाई जितेंद्र की शादी में शामिल होने रायबरेली जिला के खीरो थाना क्षेत्र सुरजीपुर अपने गांव गए थे। शनिवार सुबह लौटने पर मुख्य गेट पर लगा ताला टूटा मिला। कमरे में अलमारी व बक्सों के अलावा बेड का सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। यह देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित रामबिलास के मुताबिक घर से जेवर व नगदी उठा ले गए। पुलिस ने जांच पड़ताल की। पास के मेडिकल स्टोर में लगे सीसी कैमरे की फुटेज भी चेक किए।। रामबिलास की पत्नी रेखा यादव ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि जांच की जा रही है। शीघ्र घटना का खुलासा किया जाएगा।

साइकिल सवार वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर

उन्नाव। आसीवन थाना प्रभारी अखिलेश पांडेय ने बताया कि शनिवार शाम 7 .50 बजे सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव मुंडा चौधरीखेड़ा-सफीपुर मार्ग पर शिवराज यादव (65) पुत्र दुर्गा निवासी गांव बारादेव तोदा थाना औरास साइकिल से फकीरेखेड़ा गांव थाना फतेहपुर चौरासी से घर लौट रहे थे। तभी अज्ञात बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें शिवराज की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर मृतक का दामाद बलवीर यादव मौके पर पहुंचा। जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है।

युवकों ने लोडर चालक को पीटकर छीने रुपये

औरास उन्नाव। कनवा खेड़ा गांव निवासी आनन्द पुत्र अनिल यादव ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह शनिवार को अपने गांव से लोडर में धान लाद कर बांगरमऊ जा रहा था। तभी इनायतपुर पुल के पास दो अज्ञात बाइक सवारों ने लोडर के आगे बाइक लगा दी और उसे बाहर खींचकर जमकर पीटा। इसके बाद उन लोगों ने उसकी पर्स से 3000 रुपए निकाल लिये और भाग गए। पीड़ित ने अज्ञात बाइक सवारों के विरुद्ध थाने में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

विधायक ने शुरू किया 'कुंडी खटकाओ अभियान'

उन्नाव। विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को शहर के मोहल्ला पूरन नगर में 'कुंडी खटकाओ अभियान' का शुभारंभ किया गया। सदर विधायक पंकज गुप्ता की मौजूदगी में शुरू हुए अभियान में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची पुनरीक्षण व फॉर्म भरने के संबंध में जागरूक किया। अभियान का संयोजन डीसीडीएम उपसभापति प्रियंका शुक्ला ने किया।

माइनर नहर सफाई का कार्य शुरू

उन्नाव। जिले में कृषि व्यवस्था मजबूत करने व किसानों तक समय पर पानी पहुंचाने के उद्देश्य से नहर रजबहा सफाई अभियान की शुरुआत हुई। इसी क्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शनिवार को पतारी माइनर से सफाई कार्य की शुरुआत की। विधायक ने फीता काटकर और फावड़ा चलाकर 6 .437 किमी लंबी पतारी माइनर नहर की सफाई की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह अभियान मात्र मिट्टी हटाने का काम नहीं बल्कि पानी को खेतों तक पहुंचाने, खुशहाली लाने और कृषि व्यवस्था को मजबूत करने का महाअभियान है। इस दौरान एक्सईएन सिंचाई गगन कुमार, प्रधान राजू अवस्थी, रामपाल लोधी आदि मौजूद रहे।

रैन बसेरा में महिलाओं को मिलेगी अलग सुविधा

शुक्लागंज। प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका ने कार्यालय परिसर में रैन बसेरा खोल दिया है जहां रात में पथिक ठंड से बचने के लिए ठहर सकेंगे। इस बार पालिका ने महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैन बसेरा में अलग कक्ष की व्यवस्था की है। पालिका द्वारा रैन बसेरा में पथिकों के लिए 10 तख्त, रजाई व गद्दों की व्यवस्था की है। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर इस बार महिलाओं के लिए सुरक्षित व अलग स्थान उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को रैन बसेरा परिसर में महिलाओं के लिए अलग केबिन निर्माण कार्य शुरू किया गया।

श्रीराम कथा के दूसरे दिन सती चरित्र का वर्णन

शुक्लागंज। पोनी रोड स्थित डाकतार कॉलोनी मोहल्ले में श्री मां गंगा सेवा समिति व सनातन परिवार द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में शनिवार को दूसरे दिन श्रद्धा व भक्ति का माहौल छाया रहा। नैमिषारण्य से आईं कथा वाचिका कनक पांडेय ने सती चरित्र की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कनक पांडेय ने बताया कि राजा दक्ष ने अपने यज्ञ में भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया था। जिससे माता सती अत्यंत व्यथित हुईं।

अफसर खुद शिकायतकर्ता से फीडबैक लें : डीएम

सम्पूर्ण समाधान दिवस : सदर तहसील में डीएम व एसपी ने 114 शिकायतों में 5 का किया त्वरित निस्तारण

संवाददाता, उन्नाव

समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम गौरांग राठी व एसपी जयप्रकाश सिंह।

अमृत विचार। डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता व एसपी जय प्रकाश की उपस्थिति में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व के 71, पुलिस के 21, विकास के 7, नगर पालिका के 6 व अन्य विभाग के 9 सहित कुल 114 मामले पहुंचे। जिनमें से 5 का निस्तारण मौके पर हुआ। शेष को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिया।

जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर गंभीरता से सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि राजस्व संबंधी चकरोड पैमाइश, अवैध कब्जे संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो। कहा कि जिला स्तरीय अफसर खुद शिकायतकर्ता से फीडबैक लें। जो भी शिकायतें आज आई हैं उनका संबंधित अधिकारी टीम बनाकर जांच करें और प्राथमिकता के साथ हल करें। इस दौरान एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, सीओ सिटी दीपक यादव, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार सदर आदि अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा हसनगंज, सफीपुर, पुरवा व बीघापुर तहसील में भी अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश दिये।

एडीएम व एएसपी ने सुनीं शिकायतें

बांगरमऊ। एडीएम सुशील कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें एएसपी दक्षिणी प्रेमचन्द ने भी फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित पुलिस अधिकारी से त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पुलिस, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक कल्याण से जुड़ी शिकायतें पहुंचीं। एडीएम व एएसपी ने सभी शिकायतों का अवलोकन कर मौजूद अधिकारियों को हर शिकायत का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम ब्रज मोहन शुक्ला, तहसीलदार साक्षी राय, चिकित्साधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार, खंड विकास अधिकारी अनिल सिंह व खंड शिक्षाधिकारी देवेन्द्र पटेल व अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

अब कैमरे करेंगे गंगाघाट रेलवे स्टेशन की निगरानी

गंगाघाट रेलवे स्टेशन बोर्ड के पास लगाये गये हाईटेक कैमरे। अमृत विचार

शुक्लागंज, अमृत विचार। कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग स्थित गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से लग रहे हाईटेक कैमरों का कार्य पूरा हो गया है। बीते एक माह से रेलटेल कंपनी के तकनीशियन स्टेशन पर वायरिंग व कैमरा इंस्टॉलेशन का कार्य कर रहे थे। जिसे शनिवार को अंतिम रूप दिया गया। इसके साथ ही आज से स्टेशन परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से शुरू हो जाएगी। स्टेशन पर कुल 8 नाइट विज़न व वॉइस फीचर वाले 360 डिग्री घूमने वाले अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। स्टेशन परिसर में कैमरों की वायरिंग, टेस्टिंग और अन्य तकनीकी कार्य भी पूरी तरह संपन्न हो गए हैं। स्टेशन प्रशासन का मानना है कि यात्रियों की सुरक्षा में सुधार होगा।

परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को किया नमन

कार्यालय में बाबा साहेब के चित्र पर नमन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

पंचशील बौद्ध विहार में बाबा साहेब को याद करते लोग। अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि आज बाबा साहेब के संविधान को तोड़ा मरोड़ा जा रहा है जो घातक है। स्वास्थ्य, शिक्षा व सुरक्षा सभी को निशुल्क व अनिवार्य मिले यह राज्य सरकारों का संवैधानिक दायित्व है। लेकिन इस दायित्व का निर्वहन नहीं हो रहा है। जिससे इस देश की 70 प्रतिशत आबादी न तो शिक्षित हो पाएगी और न ही स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी। क्योंकि इस महंगाई में स्वास्थ्य व शिक्षा हमसे दूर जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, उपाध्यक्ष संगठन चंद्र प्रकाश शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह, संजीव श्रीवास्तव, अजय गौतम, युसूफ फारुकी, सुभाष सिंह, सुयश बाजपेई, सुरेश श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश सिंह, बाबूराम निषाद, प्रदीप कुमार शर्मा, नसीम खान, तन्मय श्रीवास्तव, आशुतोष शर्मा सैफ आदि मौजूद रहे।

पंचशील बुद्ध विहार में हुई श्रद्धांजलि सभा

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को पंचशील बुद्ध विहार संस्थान गंगाघाट के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत एमएल कुरील व अरुण कुमार ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की। इसके बाद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके आदर्शों व दिखाए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समानता, न्याय व भाईचारे पर आधारित समाज की परिकल्पना प्रस्तुत की। इसमें राजेंद्र गौतम अध्यक्ष पंचशील बुद्ध विहार संस्थान, अजय पाल, जेजे लाल, मास्टर दिलीप, अमन गौतम, पुत्तनलाल, बंशी लाल आदि रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के तत्वावधान में शनिवार को इंदिरा नगर में बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इसमें कांग्रेसियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कांग्रेस नेता मयंक बाजपेयी ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से हर भारतीय को समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान की है। इसे हमें जीवन में उतारने की जरूरत है। इस दौरान दया शंकर शुक्ला, दूधनाथ वर्मा, रामकिशोर पाल, विश्वनाथ दास, संजय सिंह, रामआसरे गौतम, पिंटू तिवारी, ऋषभ गुप्ता, मनोज गुप्ता, विचित्र वीर सिंह, गौरी शंकर भट्ट, देवी प्रसाद आदि मौजूद रहे।

छेड़छाड़ व मारपीट के दोषी भाइयों को 3 वर्ष की सजा

उन्नाव, अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गांधी नगर की महिला ने 23 सितंबर-2021 को दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 23 सितंबर की रात पड़ोसी टिक्कल सिंह उर्फ राघुवेंद्र सिंह, उसका भाई कल्लू उर्फ रूपेंद्र, झम्मन उर्फ धर्मेंद्र साथी वीरेंद्र, पुष्पेंद्र, बबलू उर्फ जितेंद्र, पप्पू सिंह, लल्लन देवी व कुछ अज्ञात लोग उसके घर में घुस आए और तोड़फोड़ करते हुए माता-पिता से मारपीट की। उसके विरोध करने पर सभी ने उससे छेड़छाड़ की। एसआई सुशील ने जांच कर मारपीट व छेड़छाड करने के आरोपियों के विरुद्ध 8 नवंबर-2021 चार्जशीट पेश की थी। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर ने टिक्कल सिंह, उसके भाई कल्लू व झम्मन को दोषी ठहराते हुए 3-3 साल की सजा सुनाई। वहीं साक्ष्य के अभाव में वीरेंद्र, पुष्पेंद्र, बबलू, पप्पू व लल्लन देवी को दोषमुक्त करार दिया।

बस पलटने से युवक की हुई मौत, मचा कोहराम

ट्रैक्टर की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। बारासगवर थानाक्षेत्र के बाबूखेड़ा गांव के मजरा खेड़ा निवासी रोशन (28) पुत्र भगौती प्रसाद मध्य प्रदेश प्रांत के इंदौर में एक मोबाइल संचार कंपनी में काम करता था। बीते सप्ताह वह छुट्टी पर घर आया था। जहां से गुरुवार शाम वह कानपुर से एक निजी ट्रेवल्स की बस से इंदौर लौट रहा था। तभी मध्यप्रदेश के गुना जिले के छिछौडा थाना के पास शुक्रवार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें उसके अलावा 11 यात्री घायल गंभीर घायल हो गए थे। जिन्हे वहां की पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया था। जहां डॉक्टर ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर पर भाई व अन्य परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सौंप दिया। शनिवार भोरपहर शव पहुंचा तो परिजनों में चीखपुकार मच गई। कुछ देर बाद परिजनों ने बक्सर के गंगातट पर उसका अंतिम संस्कार किया। बेटे की मौत से मां माया, भाई रोशन, बहनें रो-रोकर बेहाल रहीं।

पुलिस कर्मियों की बाइकों में टक्कर मारने वाला चालक गया जेल

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार दोपहर त्रिभुवन खेड़ा के पास एक डीसीएम चालक ने पुलिस कर्मियों से बचकर भागने के प्रयास में उनकी तीन बाइकों को टक्कर मारी थी। इसमें टीएसआई नसरुद्दीन ख़ां को चोटें आई थीं। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन तहसील बद्दी पोस्ट गुरुमजरा के किशनपुर निवासी ईश्वर दास डीसीएम लेकर लखनऊ से कानपुर जा रहा था। तभी उसने टीएसआई व जाजमऊ चौकी के दो पुलिस कर्मियों की बाइकों को टक्कर मार दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए टीएसआई की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध सरकारी लोक सेवक पर जानलेवा हमला करने व सरकारी वाहन को क्षति पहुंचाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और ईश्वर दास को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया है।

प्रार्थनापत्र देकर रास्ते की भूमि के सीमांकन की मांग

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। तहसीलदार सदर को दिए प्रार्थनापत्र में मगरवारा निवासी जगत नारायण ने प्रशासन से गाटा संख्या 1040 पर स्थित सरकारी रास्ते की भूमि का सीमांकन कराने की मांग की है।

बताया कि यह रास्ता देवीखेड़ा गांव को जोड़ता है और अकरमपुर मगरवारा की सीमा से सटा हुआ है। नक्शे में इसकी चौड़ाई करीब 40 फुट दर्ज है। प्रार्थी के अनुसार इस सरकारी भूमि पर किया गया स्थाई अवैध निर्माण 26 फरवरी 2014 को नगर पालिका व तहसील प्रशासन द्वारा गिराया गया था। हालांकि, निर्माण हटाए जाने के 11 वर्ष से अधिक समय बाद भी प्रशासन द्वारा इस भूमि सीमांकन नहीं करवाया गया था। कहा कि सीमांकन न होने से रास्ते की भूमि की वास्तविक हद स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

इससे भविष्य में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पुनः अवैध कब्जा किए जाने की आशंका बनी हुई है।

रोड किनारे खड़ी की गई दीवार।

तहसीलदार से निवेदन किया कि जनहित में व सरकारी रास्ते को सुरक्षित रखने के लिए इस संबंध में तुरंत कार्यवाही करते हुए गाटा संख्या 1040 की कानूनी स्वीकृति प्रदान की जाए।

कॉलेज के चिकित्सक पर नर्सिंग छात्रा से बैड टच का आरोप

नवाबगंज। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में एमएस (मेडिकल सुप्रीटेंडेंट) पर नर्सिंग छात्रा से बैड टच का आरोप लगा था। जिसमें कार्रवाई न होने आक्रोशित छात्राओं ने हंगामा किया। पुलिस चिकित्सक से माफी मंगवाने बाहर लाई तो आक्रोशित छात्राओं व उनके परिजनों ने मारपीट का प्रयास किया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नर्सिंग की छात्रा का आरोप था कि कालेज के एक चिकित्सक ने गलत नियत से उसे पकड़ने का प्रयास किया। इसकी शिकायत पर जब प्राचार्य ने कार्रवाई का प्रयास किया तो उनसे व वार्डन से इस्तीफा लिया गया। शनिवार को आक्रोशित छात्राओं ने कॉलेज गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। कालेज प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस मामला शांत कराने के उद्देश्य से आरोपी चिकित्सक को बाहर लाई। जहां चिकित्सक के कुछ कहने पर छात्राएं व उनके परिजन भड़क गए। मारपीट की नौबत देख एसओ संदीप शुक्ला ने उसे बचाने का प्रयास किया। इसमें उनकी परिजनों से झड़प हो गई। सीओ हसनगंज अरविंद चौरसिया ने बताया कि छात्राएं अधिक गुस्से में थीं। चिकित्सक को बचाने में कहासुनी हुई है। छात्राओं को शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। सभी बच्चों को घर भेजा गया है।

सुविधा | महिला अस्पताल में भी खुलेगा जन औषधि केंद्र

डीएम व विधायक ने किया जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

संवाददाता, उन्नाव

फीता काटकर जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते सदर विधायक पंकज गुप्ता, डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिला अस्पताल के पुरुष चिकित्सालय के जन औषधि केंद्र का डीएम व सदर विधायक से उद्घाटन किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को राहत मिलेगी।

डीएम गौरांग राठी व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने संयुक्त रूप से जिला अस्पताल के 17 नंबर कमरे से संचालित होने वाले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि जन औषधि केंद्र में बाहर के मेडिकल स्टोर से सस्ती दवाइयां मिलेंगी। कहा कि पहले भी जन औषधि केंद्र की शुरुआत कराई गई थी लेकिन दुर्भाग्य से वह किन्हीं कारणों से बंद हो गया था। स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से इसका पुनः संचालन शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर इसके संचालन का समय बढ़ाया जाएगा। एसीएमओ जेआर सिंह ने संचालक को निर्देश दिए कि दवा का स्टॉक समाप्त होने से पहले उसकी मांग भेज दे। इससे पहले डीएम व सदर विधायक को सीएमस पुरुष डॉ. राजीव गुप्ता व एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। फर्म संचालक अमित पांडेय ने बताया कि एक सप्ताह में महिला चिकित्सालय में भी जन औषधि केंद्र शुरू होगा। इस दौरान डिप्टी सीएमस डॉ. संजीव, डॉ. अमित श्रीवास्तव मौजूद रहे।

बलगम संग्रह केंद्र की डीएम ने की जानकारी

डीएम जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे तो उनकी नजर हाल में बाहर बने बलगम संग्रह केंद्र पर पड़ गई। उन्होंने उसके यहां बनाए जाने के औचित्य पर सवाल किया तो स्वास्थ्य अफसर बगलें झांकने लगे। डीएम ने कहा कि यहां संग्रह तो होता नहीं होगा।

सिटी डायरी

शिक्षक संघ ने डीआईओएस को सौंपा 13 सूत्रीय ज्ञापन

उन्नाव। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) के जिलाध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डीआईओएस सुनील दत्त से मिला और 13 सूत्रीय मांग पत्र देते हुए उनकी समस्याओं को हल किये जाने की मांग की। शिक्षकों की मांगों में एनपीएस से ओपीएस में आच्छादित 81 शिक्षकों की राशि ब्याज के साथ जीपीएफ में हस्तांतरित करने, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज सफीपुर व सुभाष इंटर कॉलेज बांगरमऊ आदि विद्यालयों का 26 एएस फॉर्म अपडेट कराने, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र में मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों का पारिश्रमिक भुगतान कराने व व्यावसायिक अतिथि विषय विशेषज्ञों के लंबित सेवा विस्तार प्रकरण निस्तारित किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में जिलामंत्री रामशंकर, प्रदेशीय मंत्री रमा शंकर मिश्रा (मुन्ना), मंडलीय मंत्री वीरेंद्र विक्रम सिंह, सह-संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला, सत्य नारायण सिंह, अरुण सिंह, सत्येन्द्र दीक्षित, ब्रह्म तिवारी व रमेश गुप्ता आदि थे।

डीआईओएस से वार्ता करते शिक्षक नेता।

हॉस्पिटल के बाहर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग।

बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देते डीएम गौरांग राठी।

पुण्यतिथि पर श्री बालाजी हॉस्पिटल में हुआ भंडारे का आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार। राजमार्ग स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में शनिवार को अस्पताल संचालक की ओर से पं. मदन गोपाल बाजपेयी की पुण्यतिथि पर भंडारा आयोजित हुआ। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अस्पताल संचालक डॉ. राजेश बाजपेयी व बृजेश बाजपेयी बीते कई वर्षों से अपने दादा पं. मदन गोपाल बाजपेयी की पुण्य स्मृति में यह भंडारा आयोजित हैं। इस दौरान कार्यक्रम में मसूद जमाल, शरद कक्कड़, अनिल साहू, डॉ. अनुज सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

सुपरवाइजरों व बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर डीएम ने किया सम्मानित

उन्नाव। डीएम गौरांग राठी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची के कार्यों में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले बीएलओ व सुपरवाइजरों को सम्मानित किया। तहसील सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सदर विधानसभा के शहरी क्षेत्र में गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रह, डिजिटाइजेशन व अन्य संबंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने वाले कर्मियों की सराहना की। बीएलओ रामाशंकर, गौरव जयसवाल व गरिमा अवस्थी, सुपरवाइजर दीपचंद व शैलेंद्र सोनवानी ने शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया है।

कविता लेखन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत हुई कविता लेखन प्रतियोगिता

उन्नाव, अमृत विचार। उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट में भाषा उत्सव के अंतर्गत कविता लेखन तथा संगीत का आयोजन किया गया। राज्य संदर्भदाता समूह की सदस्या डॉ. रचना सिंह ने बताया कि इन साप्ताहिक गतिविधियों से बच्चों को एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक अतिरिक्त भारतीय भाषा को सीखने हेतु प्रेरित किया गया। भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत डॉ. रचना सिंह के निर्देशन में कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। कविता लेखन में रितिका ने प्रथम, पुष्पा ने द्वितीय व अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सूरज, शिवानी और गेंदा विजयी

ब्लाक क्लस्टर स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। माय भारत, हरदोई के तत्वावधान में स्वस्थ राष्ट्र,समृद्ध राष्ट्र थीम के तहत ब्लाक क्लस्टर स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन माधौगंज के एलएस पब्लिक स्कूल खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख रमेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि डा. प्रदीप कुमार सिंह मौजूद रहे। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने खेल-कूद के महत्व और थीम पर प्रकाश डाला। युवाओं के लिए वॉलीबॉल, लंबी कूद और 100 मीटर दौड़ तथा युवतियों के लिए कबड्डी, बैडमिंटन और 100 मीटर का आयोजन हुआ। वॉलीबॉल में न्योली की टीम विजेता और चंदौली की टीम उपविजेता रही।

कबड्डी में माधौगंज की टीम विजेता और गाड़ियन पुरवा की टीम उप विजेता रही। लंबी कूद में सूरज प्रथम, शिवेंद्र द्वितीय, हरिराम तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में शिवानी, प्रिया क्रमशः विजेता रहे। बैडमिंटन में गेंदा, खुश्बू और निहारिका ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने मोमेंटो, मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इसी बीच माधौगंज के युवा मण्डल मुड़ियाखेड़ा, गडरियानपुरवा तथा मल्लावां के मानीमऊ, खंढ़ेरियां, इस्लामपुर जगाई को खेल-कूद सामग्री भी वितरित की गई। विजेताओं को जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दिया जाएगा।

बाइक के कागज नहीं दे रहा शोरूम मालिक

टड़ियावां, हरदोई। गांव गुरुसंडा के पीड़ित उस्मान ने भाकियू नेता रामलखन पाठक की अगुवाई में थाने में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने हरिहरपुर निवासी नीरज शर्मा के हीरो बाइक शोरूम से बाइक खरीदी थी। आरोप है कि बाइक खरीदे हुए काफी दिन हो गए। लेकिन उसे बाइक के रजिस्ट्रेशन व अन्य कागजात नहीं मिले। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच हरिहरपुर चौकी इंचार्ज को सौंपी गई है।

महाविद्यालय में हुआ अभिविनय सह दीक्षारम्भ

हरदोई, अमृत विचार। राजकीय कृषि महाविद्यालय (चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर से संबद्ध) में चल रहे 15-दिवसीय अभिविनय सह दीक्षारम्भ कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं प्रायोगिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शनिवार के सत्र की प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. निधि राठौर, भूमि संरक्षण अधिकारी ने विद्यार्थियों को मृदा संरक्षण, जल प्रबंधन, मिट्टी के भौतिक गुणों, कृषि भूमि के वैज्ञानिक उपयोग तथा कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ अंकित उपाध्याय, डॉ राम लखन मौर्य, डॉ शिवम सिंह, डॉ अपर्णा ज्योति, डॉ कपिल यादव, सरवर इमाम एवं डॉ प्रभात कुमार दीक्षित शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र मौजूद रहे।

रोडवेज बस की टक्कर से मजदूर की मौत

हरदोई, अमृत विचार। घर वापस जा रहे दिहाड़ी मजदूर को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। इस तरह का हादसा शनिवार की रात होना बताया गया है। कासिमपुर थाने के मुसलमानाबाद निवासी 35 वर्षीय मनसुख पेशे से दिहाड़ी मजदूर था। रविवार को वह काम करने के बाद वापस घर लौट रहा था। उसी बीच सण्डीला कोतवाली के मुरारनगर सोम के पास उसे तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। उसे तुरंत सीएचसी सण्डीला पहुंचाया गया। जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही श्रमिक के घर-परिवार में कोहराम मच गया।

घर के बाहर खेल रही बच्ची नाले में गिरी, मौत

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। घर के बाहर खेल रही बच्ची अचानक सड़क किनारे नाली में गिर गई। जानकारी पर परिजन उसे अचेत हालत में सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गौरिया कला गांव के मजरा फत्तेपुर निवासी सुनील कुमार की दो वर्षीय बेटी संध्या शनिवार दोपहर 3 बजे घर के बाहर खेल रही थी। जबकि मां प्रिया व परिजन काम से अंदर चले गए। तभी बच्ची खेलते-खेलते बगल में सड़क किनारे बनी नाली में औंधे मुंह गिर गई। कुछ देर बाद बाहर निकली मां ने बच्ची को नाली में पड़ी देखा। उसे नाली से निकाला गया तो वह अचेत थी। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना शव लेकर घर लौट गए।

बाबा साहब आंबेडकर को किया गया याद

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लवकुश नगर इकाई द्वारा क्षेत्र के आरएस इंटर कॉलेज में डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर सामाजिक समरसता संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद व भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रांत सहमंत्री पुष्पा गौतम, जिला संयोजक योगेश तिवारी, विभाग संयोजक क्षितिज अग्निहोत्री, जिला विस्तारक श्यामजीत पासवान, जिला प्रमुख विजय श्रीवास्तव, विद्यालय प्रबंधक रिजवान अहमद, शुभम रस्तोगी, अनुराग द्विवेदी, कौशल, अर्पित, हर्ष आदि शामिल रहे। संचालन नवल दीप गुप्ता ने किया।

प्रधानाचार्य से अभिवावक परेशान मुख्यमंत्री व डीएम को भेजा पत्र

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाचार्य से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल व जिलाधिकारी से पत्र भेजकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायती पत्र में देवी प्रसाद तिवारी व गंगाराम आदि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र, मुख्यमंत्री सेवा पोर्टल व डीएम को बताया कि सफीपुर विकासखंड क्षेत्र के गांव रूपपुर चंदेला में पीएम प्राथमिक विद्यालय है। यहां प्रधानाचार्य के रूप में सुधीर वर्मा बीते 6 माह से तैनात हैं। ग्रामवासी बताते हैं कि 6 महीने पहले आए प्रधानाचार्य ने स्कूल की बाउंड्री वाल तुड़वा दी और एमडीएम की गुणवत्ता भी मानकों के अनुसार नहीं है। आरोप लगाए कि वे आवश्यक बच्चों में दोगुना अधिक बच्चे कागजों में दिखाकर राशन का गमन करते हैं। प्रधानाचार्य के रुचि न लेने से शिक्षणकार्य भी सही से नहीं होता। वे ज्यादातर फोन पर ही व्यस्त रहते हैं। जब अभिभावक इसकी शिकायत करने उनके पास जाते हैं तो प्रधानाचार्य बदतमीजी करते हैं। अभिभावकों ने नौनिहालों का भविष्य अंधकार में बता प्रधानाचार्य की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

3 दिवसीय सत्संग समारोह शुरू

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। नगर के भगवती चरण वर्मा पार्क में शनिवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय सत्संग समारोह के पूर्व सुबह नगर में संत शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जगह जगह स्वागत किया। धर्म पताका के साथ धार्मिक जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। सनातन धर्म सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित 73वें तीन दिवसीय सत्संग समारोह का शनिवार को शुभारंभ हो गया। सुबह भिनकीपुर हनुमान धाम के पीठाधीश्वर स्वामी राम स्वरूप ब्रह्मचारी के नेतृत्व में साधु, संतों व धर्मानुरागियों के साथ धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो के गगन भेदी उद्घोष के साथ भव्य यात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने संतो का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences) (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Management

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, रायबरेली

पत्रांक :– 1506/अधि0अधि0 / न0पं0शिवा / निर्माण/2025–26 दिनाँक – 05/12/2025

निविदा सूचना

समस्त राजकीय विभागों में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शिवगढ़ को राज्य वित्त आयोग से उपलब्ध धनराशि से निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु शीलबन्द निविदा दिनांक 06/12/2025 से 26/12/2025 को अपरान्ह 2: 00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़ में आमन्त्रित की जाती है. जो दिनांक 27/12/2025 को पूर्वान्ह 4.00 बजे उपस्थित/अनुपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। जिससे सम्बन्धित निविदा प्रपत्र दिनाँक 25/12/2025 तक निर्धारित शुल्क जमाकर कार्यालय नगर पंचायत से प्राप्त किये जा सकते है, एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताखरी में निहित होगा। कार्यो का विवरण व नियम शर्तो निम्नवत् है–

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन की धनराशि	5% जमानत राशि	निविदा मूल्य	कार्यावधि
1	नगर पंचायत शिवगढ़ के अन्तर्गत कार्यालय परिसर की दक्षिण साइड की बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	996000.00	49800.00	1000.00	1 माह
2.	नगर पंचायत शिवगढ़ के अन्तर्गत कान्हा गौशाला के उत्तर साइड में इण्टरलाकिंग का कार्य।	962000.00	48100.00	1000.00	1 माह
3	नगर पंचायल शिवगढ़ के अन्तर्गत वार्ड नं0 06 मोहल्ला पूरे पाण्डेय में डामर रोड से बृज बिहारी अवस्थी के मकान तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	271900.00	13595.00	300.00	1 माह

नियम व शर्ते –

1. निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र (T4 T5) निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ T6 प्रारूप पर शपथ–पत्र, 100 रू0 के स्टाम्प पर निविदा वैद्यता शपथ पत्र, 10 रु0 के स्टाम्प पर निविदा की शर्तो को अनुपालन करने का शपथ पत्र तथा सभी अभिलेखों के स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र में दर प्रतिशत आधार पर भरे जायेगें। BOQ में उल्लिखित आइटमों हेतु रेट अलग–अलग नहीं भरे जायेगें। किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. आगणन दर से कम की दर प्रस्तुत करने वाले निविदाओं को शासनादेश संख्या 622/23–12–20125–2 आडिट/08टी सी–2 दिनांक 08 जून 2012 में की गयी व्यवस्था के अनुसार परफारमेन्स गारन्टी की धनराशि निविदा खोले जाने की तिथि से तीन दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, जनपद–रायबरेली में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि उक्त समय सीमा के अन्दर परफारमेन्स गारन्टी की धनराशि जमा नहीं की जाती है तब जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा फर्म/व्यक्ति को काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी।
5. निविदा के साथ 5 प्रतिशत जमानत धनराशि EPVG, FDR, NSC मूल रूप से संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध सम्पादित व अवशेष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
7. ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार बिलम्ब पर नियमानुसार अर्थ दण्ड देय होगा एवं जमानत धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।
8. कार्यो की विस्तृत जानकारी व अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत शिवगढ़ कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
9. कार्य हेतु ठेकेदार अथवा उसके सहयोगी द्वारा निविदा इत्यादि कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) में करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट सम्बन्धित थाने में दर्ज करायी जायेगी।
10. ठेकेदारों को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य की प्रगति के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त कार्य स्थल का फोटो ग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. निविदा के साथ 100.00 रू0 का जनरल स्टाम्प एवं रसीदी टिकट संलग्न करना होगा।
12. नगर पंचायत से विवरण प्राप्त कर लोकार्पण पत्थर लगाया जाना अनिवार्य होगा।
13. कार्य पूर्ण के 12 माह के पश्चात ठेकेदार द्वारा निविदा के समस्त शर्तो के अनुसार कार्य पूर्ण कर कार्य सन्तोषजनक होने की स्थिती में अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता की जांचोपरान्त जमानत धनराशि अवमुक्त कर दी जायेगी।
14. सभी नियम व शर्ते निदेशालय के पत्र संख्या TC/314/8/DLB/2020 दिनांक 01.01.2021 के अनुसार ही मान्य होगी।
15. कार्य पूर्ण, होने अथवा भुगतान से पूर्व लिखित रूप से सूचित करना अनिवार्य होगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत–शिवगढ़
रायबरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत–शिवगढ़
रायबरेली

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं मीना देवी पत्नी स्व0 शिवमंगल, **निवासिनी–ग्राम ईशापुर परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ।** मेरे बैंक खाता सं0 7997936022 जिसमे मेरा नाम आशा देवी दर्ज है। जो गलत है। जबकि आधार कार्ड सं0 8768 6587 5786 मे मेरा नाम मीना देवी दर्ज है। जो कि सही है मेरी खाता संख्या उपरोक्त मे दर्ज मेरा नाम गलत आशा देवी को हटाकर सही नाम मीना देवी दर्ज किया जाय।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कय्यूम (Kyyum) व कय्यूम (KAYYOOM) पुत्र शाकिर अली ग्राम सिसैया चक,पोस्ट रायपुर रिसिया ब्लाक चित्तौरा जनपद बहराइच है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है।

सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1096526 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **विनोद कुमार पुत्र गंगा भक्त निवासी ग्राम किलकिली पोस्ट बासित नगर तहसील शाहाबाद हरदोई**

सूचना

मैने अपना नाम ABDUL WAHID से बदलकर ABDUL WAHEED ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ABDUL AJEEJ ANSARI ADD-109, KATAHARIYA CHOWK POST-GONDA DIST-GONDA-271001 (U.P.)

सूचना

पहले मेरा नाम ARUN KUMAR था अब मैने बदलकर अपना नाम ARUN KUMAR HAIKERWAL रख लिया है भविष्य में मुझे ARUN KUMAR HAIKERWAL के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: PRASANT KUMAR HAIKERWAL R/O : B-33, AJAY ENCLAVE GHORU KA PURWA JUGGAUR CHINHAT, LUCKNOW

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे आधार एवं पैन कार्ड में मेरा नाम मोहम्मद हयात खान लिखा है जबकि पासपोर्ट में हयात खान मोहम्मद लिख गया है। दोनों एक ही शख्सियत हैं। मुझे मोहम्मद हयात खान के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **मोहम्मद हयात खान पुत्र मोहम्मद सफी खान, निबकौनी , बलरामपुर।**

सूचना

मेरे पुत्र प्रशांत तिवारी की बुरी आदतों से आजिज होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। मेरे पुत्र प्रशांत तिवारी द्वारा कोई लेने देन या कोई मुकदमेबाजी होती है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरा या मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **प्रार्थी– श्रीमती किरन मिश्रा पत्नी गनेश तिवारी निवासी मोहल्ला रमेड़ी तरौस हमीरपुर उ. प्र.**

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डिरंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है।

ई–निविदा सूचना सं0:–एनईआर–बीएसबी–2025–118, कार्य का नाम: झुसी एवं प्रयागराज रामबाग मे माघ मेला 2026 के लिए टेन्ट किराये पर लेने का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 1,37,60,000/– बिड सिक्योरिटी: ₹ 2,18,800.00, निविदा बन्द होने की तिथि: 18.12.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 01 माह।

ई–निविदा सूचना सं0:–एनईआर–बीएसबी–2025–119, कार्य का नाम: झुसी एवं प्रयागराज रामबाग मे माघ मेला 2026 के लिए विविध कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 59,28,063/– बिड सिक्योरिटी: ₹ 1,18,600.00, निविदा बन्द होने की तिथि: 18.12.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 01 माह।

निविदा सूचना सं:–एनईआर–बीएसबी–2025–118 से एनईआर–बीएसबी–2025–119 दिनांक 18.12.2025 को 14.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक/(इंजी)
मुजाधि/डब्लू–356 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक अभिलेख में मेरा नाम **KHAN ABDURRAHMAN KHALEEQUZZAMA** अंकित है जो की सही है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम **KHAN ABDURRAHAMN KHALEEQUZZAMA** जो कि गलत है। आधार कार्ड में भी मेरा नाम शैक्षणिक अभिलेख वाला ही दर्ज किया जाए। **खान अब्दुर्रहमान ख़लीकुज्जमा पुत्र ख़लीकुज्जमा ग्राम दतलुपुर पोस्ट सरायखास तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर।**

सूचना

मैं मो0 ताहिर पुत्र अब्दुल सबूर, निवासी–ग्राम दतलूपुर तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे शैक्षणिक अभिलेखों में मेरी माता का नाम Farhan Khatoon अंकित है, जबकि मेरी माता के आधार कार्ड में उनका नाम Farahana दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति, अर्थात मेरी माता के हैं। अतः निवेदन है कि मेरी माता के आधार कार्ड में अंकित नाम Farahana को ही मेरे पासपोर्ट में अभिलेखित किया जाए।

सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मैं रजिया पुत्री श्री अब्दुल सत्तार मैं एक अनपढ़ महिला हूं और मैं पूरे होश और हवास में घोषणा करती हू की मेरा नाम आधार कार्ड संख्या 816786767185 में रजनी एवं पिता के स्थान पर पति राजकुमार चढ़ा हुआ है जबकि मेरा नाम रजिया पुत्री पिता का नाम अब्दुल सत्तार है आज दिनांक 6.12.2025 से मुझे रजिया पुत्री अब्दुल सत्तार के नाम से जाना वह पहचान जाएगा। **निवासी डी –1318 पारा–1 डी ब्लाक पारा कालोनी राजाजीपुरम लखनऊ है**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं राम अवतार पुत्र कृष्णू, निवासी ग्राम– पूरे मंजूशाह, मजरा– हसवा सुरवन, परगना– जगदीशपुर, तहसील–मुसाफिरखाना, जनपद– अमेठी हूँ। मेरे आधार कार्ड संख्या– 6258 7872 6682 तथा पैन कार्ड पर मेरा नाम RAM AVATAR अंकित है, जबकि मेरी रिलायंस पॉलिसी संख्या 50461714 में मेरा नाम (RAM AUTAR) दर्ज हो गया है। यह दोनों नाम RAM AVATAR तथा RAM AUTAR मेरे ही हैं। भविष्य में उपरोक्त नामों के अंतर से यदि कोई वाद– विवाद होता है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

लखनऊ नगर निगम

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-मेल: nnlko@up.nic.in

संख्या: 264/मु0अ0/2025-26 **दिनांक: 06.12.2025**

अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 19.12.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 18.12.2025 तक अपरान्हन 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 19.12.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू० में	जमानत धनराशि रू० में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 प्रतिशत जी.एस.टी.	कुल निविदा मूल्य
1	श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के अन्तर्गत सुल्तानपुर रोड से इन्द्रसेन यादव के घर तक नाली का निर्माण कार्य।	810395.00	81040.00	2 माह	810.00	145.00	955.00
2	हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर डी में इकबाल सिंह के सामने स्थित पार्क में क्षतिग्रस्त पाथवे का पुन: निर्माण कार्य।	836530.00	83653.00	2 माह	837.00	151.00	988.00
3	इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अर्जुनगंज प्राथमिक विद्यालय में एक कक्ष एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य।	778522.00	77852.00	2 माह	779.00	140.00	919.00
4	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत बिरूरा में कमलेश के घर से मनोज के घर तक सड़क का कार्य।	381201.00	38120.00	2 माह	381.00	69.00	450.00
5	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत जगतखेड़ा में रामनरेश के घर से सत्येन्द्र यादव के घर तक नाली का निर्माण कार्य।	306881.00	30688.00	2 माह	307.00	55.00	362.00
6	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत रायबरेली रोड से धनी सिंह के घर तक नाली का कार्य।	595903.00	59590.00	2 माह	595.00	107.00	702.00
7	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत पुरसैनी में जाकिर के घर से हाशिम के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क का कार्य।	845160.00	84516.00	2 माह	845.00	152.00	997.00
8	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पुरसैनी में रामचन्द्र यादव के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क का कार्य।	846153.00	84615.00	2 माह	846.00	152.00	998.00
9	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत शाहिद के घर से मिथुन के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क का कार्य।	759765.00	75977.00	2 माह	760.00	136.00	896.00
10	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत पुरसैनी में बुद्धू के घर से मुन्नी के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क का कार्य।	345622.00	34562.00	2 माह	346.00	62.00	408.00
11	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत बंगाली टोला में उमेश के घर से बबलू के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क का कार्य।	843786.00	84379.00	2 माह	844.00	152.00	996.00
12	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत बंगाली टोला में रोशन के घर से उमेश के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क का कार्य।	845955.00	84596.00	2 माह	846.00	152.00	998.00
13	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृन्दावन से0–2ए में म0नं0–2ए/243 से 2ए/247 तक सड़क निर्माण का कार्य।	536477.00	53648.00	2 माह	536.00	96.00	632.00
14	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृन्दावन सें0–4 में अरविंद कुमार वर्मा के घर से आरती वर्मा के घर तक सी0सी0 सड़क का कार्य।	312301.00	31230.00	2 माह	312.00	56.00	368.00
15	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत धनपाल खेड़ा में गुरूप्रसाद के घर से अनिल कुमार के घर तक नाली व सी0सी0 सड़क का कार्य।	844698.00	84470.00	2 माह	844.00	152.00	996.00
16	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत माधवखेड़ा में अशोक के घर से मिठाई लाल के घर होते हुए राजेन्द्र के घर तक सी0सी0 सड़क का कार्य।	845271.00	84527.00	2 माह	845.00	152.00	997.00
17	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत जगत खेड़ा में राजू के घर से सन्तोष दास पार्क आश्रम तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	642965.00	64297.00	2 माह	643.00	116.00	759.00
18	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत श्यामनगर कालोनी में रायबरेली रोड से हरिओम मन्दिर तक नाली का निर्माण कार्य।	352362.00	35236.00	2 माह	352.00	63.00	415.00
19	इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत बिरूरा गॉव में मॉ पीताम्बरा शक्तिपीठ के पीछे सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	845604.00	84560.00	2 माह	845.00	152.00	997.00
20	इब्राहिमपुर वार्ड प्रथम के अन्तर्गत शंकर विहार कालोनी में मिश्रा जी के मकान से चौधरी साहब के घर की ओर सी0सी0रोड नाली व फुटपाथ कार्य।	525722.00	52572.00	2 माह	526.00	95.00	621.00

शर्ते:- (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (02) शासनादेश सं0 6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या:– 692/23–07–2024 दिनांक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0व्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। (03) कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (04) 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। (05) किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। (06)15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार,7 दिसंबर 2025 हरदोई

न्यूज ब्रीफ

वार्षिक खेलकूद का आयोजन कल से

हरदोई, अमृत विचार। बाल विद्या भवन विद्यालय के वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधक डा. कीर्ति सिंह ने बताया कि उक्त आयोजन में उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। सोमवार को होने वाले इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन व जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

दो भाइयों पर पिटाई करने का आरोप, केस

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई में दबंग भाइयों ने एक युवक को पुरानी रंजिश के चलते पीट कर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित सरताज के अनुसार वह बाइक का पंचर जुड़वाने जा रहा था। रास्ते में संजय और अमित निवासी ग्राम नरहाई ने उसे पीट दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

लापता किशोरी की गुमशुदगी दर्ज

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव पड़री निवासी महिला ने बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री बीती 4 दिसम्बर की दोपहर घर से बाहर कूड़ा डालने गई। उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि लापता किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की गई है।

वस्त्र वितरण आज

हरदोई, अमृत विचार। सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था सुभाषचंद्र बोस जन कल्याण समिति के तत्वावधान में रविवार को प्रातः 10 बजे स्थानीय मोहताज खाना में रहने वाले निर्धन व्यक्तियों को वस्त्र वितरित किए जाएंगे। संवेदना संस्था के संस्थापक डा. ईश्वर चंद्र वर्मा ने बताया कि रविवार को संस्था ग्राम यासीनपुर में कंबल व वस्त्र वितरित करेगा।

कबड्डी, बैडमिंटन व दौड़ में बालिकाओं ने दिखाया दम

संवाददाता, हरदोई, भरखनी

अमृत विचार। माय भारत हरदोई के तत्वावधान में स्वस्थ राष्ट्र,समृद्ध राष्ट्र थीम के तहत ब्लाक क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भरखनी के सुल्तानपुर खेल मैदान में किया गया ।

कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'सेनानी' मुख्य अतिथि थे। साथ ही भाजपा के बगीश सिंह व खण्ड कार्यवाह सच्चिदानंद मिश्रा भी मौजूद रहे। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने खेलकूद के महत्व और थीम पर प्रकाश डाला। युवाओं के लिए वॉलीबॉल, लंबी कूद और 100 मीटर दौड़ व बालिकाओं के लिए कबड्डी, बैडमिंटन और 100 मीटर का आयोजन हुआ। वॉलीबॉल में लखनौर की टीम विजेता और भरखनी की टीम उपविजेता रही, जबकि कबड्डी में सुल्तानपुर की टीम विजेता और गोटिया की टीम उपविजेता रही। लंबी कूद में गोपी मिश्रा प्रथम,उदित द्वितीय व तस्लीम तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर महिला वर्ग में विभा, काजल व खुशबू क्रमशः विजेता रहीं। बैडमिंटन में तान्या त्रिवेदी और सुकृति ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि और जिला युवा अधिकारी ने मोमेंटो, मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। सभी विजेताओं को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन और संयोजन युवा मण्डल अनंगपुर के अभिषेक कुमार ने किया। अन्य सदस्यों में युवा मण्डल सुल्तानपुर के अजय राजपूत, राजकुमार सिंह, सौरभ सिंह सोनू चौहान ने सहयोग किया। जिला युवा अधिकारी, माय भारत, हरदोई प्रतिमा वर्मा ने बताया कि ब्लाक क्लस्टर स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन ज़िले के 6 ब्लॉकों में कराया जाएगा,जिसे युवा मण्डल व महिला मण्डल के सहयोग से आयोजित कराया जाएगा।

पुरस्कृत किए गए विजेता खिलाड़ियों के साथ ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

- स्वस्थ राष्ट्र,समृद्ध राष्ट्र थीम के तहत हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं

अनिकेत सेठी यूपी सेंट्रल जोन अंडर-14 ट्रायल के लिए चयनित

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिले के अनिकेत सेठी का उत्तर प्रदेश क्रिकेट सेंट्रल जोन अंडर-14 के ट्रायल में फाइनल राउंड के लिए चयन हुआ है। जिससे परिजनों, खेल प्रेमियों सहित पूरे जिले में खुशी है।

शहर के पंजाबी कॉलोनी निवासी व्यवसायी धीरज सेठी के पुत्र अनिकेत का सफर जिले की अंडर-14 टीम से शुरू हुआ। इसके बाद लखनऊ में हुए मण्डल स्तर के ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें कानपुर के कमला क्लब ग्राउंड में होने वाले सेंट्रल जोन ट्रायल के लिए चुना गया है।

अनिकेत सेठी।

जिसमें प्रदेश के विभिन्न मण्डलों से चयनित खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चयन की सूचना मिलते ही परिजनों, परिचितों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। वह दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज़ है। अखिलेश अग्रवाल क्रिकेट अकादमी मे कोच आकाश त्रिपाठी के सानिध्य मे प्रैक्टिस करते है। उनके चयन होने से स्कूल के डायरेक्टर शिखर अग्रवाल के अलावा क्रिकेट प्रेमी राधा कृष्ण गुप्ता, सूरज तिवारी, शिवम मिश्रा व मजहर अंसारी ने खुशी ज़ाहिर की है।

अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई

डीएम व एसपी ने सण्डीला तहसील में समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में तहसील सण्डीला सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा भी मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार की मंशानुसार गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता पर समस्त योजनाओं से लाभान्वित कराएं। सभी अधिकारी प्रत्येक दिन प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठें और विभागीय शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर आने वाले फरियादियों की शिकायत का त्वरित निष्पक्ष एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराएं। निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध करायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शान्ति एवं सुरक्षा कायम रखने के लिए क्षेत्र के दबंग, अपराधी, अराजक तत्वों की गतिविधियों की जानकारी नियमित रूप से बीट सिपाहियों तथा चौकीदारों के माध्यम लें। सरकारी एवं गरीबों की भूमि कब्जा मुक्त कराने में राजस्व विभाग की टीम के साथ सहयोग करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 भावनाथ पाण्डे,, डीएफओ, उप जिलाधिकारी सण्डीला नारायनी भाटिया, तहसीलदार अमित यादव, जिला विकास अधिकारी, पीडी, डीसी मनरेगा, डीडी कृषि सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, ईओ, सीओ, सीडीपीओ तथा संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहें।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार तहसील परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 80 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें सबसे अधिक मामले भूमि विवाद, कब्जे और राजस्व संबंधी समस्याओं से जुड़े थे। हालांकि इस बार मौके पर किसी भी शिकायत का तत्काल निस्तारण नहीं हो सका। अधिकारियों ने फरियादियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ जल्द समाधान किया जाएगा।

अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस से संबंधित शिकायतों के संबंध में कहा कि सभी मामले समयबद्ध तरीके से निपटाए जाएं। वहीं उप जिलाधिकारी एन राम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व लेखपालों को राजस्व संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह, राजस्व, पुलिस, बिजली, सिंचाई, पंचायती राज सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। शाहाबाद तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या छाबड़ा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 78 शिकायत आई जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

पीड़ितों की समस्याएं सुनते डीएम-एसपी। अमृत विचार

मौके पर जाकर जांच कर निपटाएं विवाद

संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या छबड़ा ने अधिकारियों से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय के अंदर निस्तारण करें। निस्तारण करने से पहले मौके पर जाकर जांच करें तथा दोनों पक्षों से वार्ता करें। इसके बाद ही शिकायत का निस्तारण करें। उन्होंने चेतावनी दी, अगर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने संपूर्ण समाधान की शिकायतों के निस्तारण में कोई लापरवाही की तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, तहसीलदार संध्या यादव, नायब तहसीलदार संतोष कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

किशोरी घर से लापता आरोपियों पर केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से किशोरी लापता हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर एक युवक व उसके परिजनों पर पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित मां के अनुसार 31 अक्टूबर को उसकी 16 वर्षीय पुत्र सुबह सात बजे घर से गोबर डालने के लिए गई थी उसके बाद वापस नहीं लौटी। पुत्री को सभी नाते रिश्तेदारों के यहां पता किया परंतु किशोरी का पता नहीं चल सका। पीड़ित मां ने बताया कि उसे जानकारी मिली है शोभित पुत्र रामदास निवासी ग्राम तड़ेर अपने भाई आरपी और अपनी मां की सह पर उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

आंखों की रोशनी जाने पर महिला ने की खुदकुशी

संवाददाता, हरदोई

संतोष कुमारी की फाइल फोटो।

- आर्थिक तंगी और आंखों की बीमारी से परेशान होकर उठाया कदम
- बेटा दिव्यांग व पति चलाता है रिक्शा

अमृत विचार। आर्थिक तंगी और इलाज के बावजूद आंखों की रोशनी जाने से निराश महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। टड़ियावां थाने के पाला निवासी संतराम की पत्नी संतोष कुमारी (45) ने शुक्रवार की रात जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार संतोष कुमारी के सबलबाई था, उसका काफी इलाज हुआ, लेकिन फिर भी उसकी आंखों की रोशनी चली गई। पति संतराम शहर में रिक्शा चलाता है। संतराम ने किसी तरह कर्ज लेकर दो बेटियों की शादी की थी, जिसका कर्ज भी चुका रहा है। तीन बेटों में एक दिव्यांग विपिन के अलावा अमन व गोविंद है। संतोष कुमारी के भाई संजय निवासी सोहासा टड़ियावां ने बताया कि इलाज में काफी पैसा खर्च हुआ, फिर उसकी बहन की आंखे वापस नहीं लौटी। घर के ऐसे हालात उससे बर्दाश्त नहीं हुए और आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

खाद्य निरीक्षक ने मीट दुकान पर मारा छापा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। खाद्य निरीक्षक सुधा कनौजिया ने शनिवार को वनखंडी नाथ मोड़ के एक मीट विक्रेता की दुकान पर छापा मारा और जांच पड़ताल की। विहिप के नेता अमित मिश्रा के अनुसार कार्यकर्ताओं ने शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की थी। खाद्य निरीक्षक सुधा कनौजिया ने मीट दुकान पर मानक के अनुरूप बिक्री नहीं पाई गई। खाद्य निरीक्षक ने आश्वसन दिया कि जल्द ही दुकानदार का लाइसेंस निलंबित कर कार्रवाई की जाएगी।

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ग्राम सचिवों ने दिया धरना

सुरसा, हरदोई, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ/ उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिव धरना पर बैठ कर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते दिखे।

ग्राम पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों को पूर्ण के लिए ब्लॉक परिसर में शान्ति पूर्वक धरना दिया और शासन से अपनी मांगों को जल्द से जल्द से पूर्ण की अपील की। संगठन के नेताओं का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिवों से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है जबकि अन्य विभागों को छूट है। कहा कि हमारी सुनवाई नहीं हुई तो सभी ग्राम पंचायत सचिव प्रांतीय आवाह्न पर हड़ताल करने पर विवश होंगे। इस मौके पर दिनेश गुप्ता, राजेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, विवेक कुमार, शिवाकांत बाजपेई, मनोरमा पटेल, निशा शर्मा, शिवानी मिश्रा, आकाश त्रिपाठी सहित अन्य सचिव मौजूद रहे।

ब्लॉक मुख्यालय पर धरने पर बैठे ग्राम सचिव। अमृत विचार

गाना बजाने को लेकर विवाद, युवक को पीटा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम मन्ना पुरवा में डीजे पर गाना बजाने को लेकर एक युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित जोगेंद्र वर्मा के अनुसार 24 नवंबर की शाम को उसके पड़ोसी विनोद के घर डीजे बज रहा था। सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम सिरौचमऊ निवासी सूरज ने अपने साथी अंकित और रामबक्स के साथ मिलकर गाना बजाने को लेकर उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्रेन की टक्कर से पलटते-पलटते बची स्कूली बस, हादसा टला

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। बघौली-माधौगंज रोड पर बच्चों को लेकर जा रही एलपीएस माधौगंज की स्कूली बस में पीछे से आ रही क्रेन ने टक्कर मार दी। क्रेन की टक्कर से बस पलटते-पलटते बची और उसका पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बच्चों की चीखु पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़ पड़े और बच्चों को बस से बाहर निकाला। पुलिस ने क्रेन ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

शनिवार की सुबह एलपीएस माधौगंज की स्कूली बस बालामऊ से बच्चे लेकर माधौगंज जा रही थी। बघौली-माधौगंज रोड पर बन्नापुर तिराहे पर पहुंची थी। उसी बीच क्रेन ने उसे पीछे से ज़ोरदार टक्कर मारी, जिससे वह बेकाबू होकर पलटते-पलटते बची। लोगों ने बस में सवार बच्चों को नीचे उतारा। गनीमत रहा कि सारे बच्चे बाल-बाल बच गए,लेकिन उनके चेहरों पर दहशत साफ दिखाई दी। पुलिस ने क्रेन ड्राइवर को हिरासत में लेते हुए उससे पूछताछ करते हुए जांच शुरु कर दी है।

क्रेन की टक्कर से क्षतिग्रस्त स्कूल बस।

पुलिस ने मंदिर से घंटा चोरी करने वाले शुभम व सचिन को पकड़ा

हरदोई, अमृत विचार। मंदिर से घंटा चोरी होने के मामले की छानबीन कर रही सण्डीला पुलिस ने उसी गांव के दो घंटा चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया गया घंटा बरामद किया है। पकड़ में आए घंटा चोरों शुभम तिवारी और सचिन सक्सेना से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक सण्डीला कोतवाली के मुरारनगर सोम निवासी देवेंद्र विश्वकर्मा ने शुक्रवार को दी तहरीर में कहा था कि उसके गांव के मंदिर से घंटा चोरी हो गया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए छानबीन शुरु कर दी। उसी बीच उसी गांव के शुभम तिवारी व सचिन सक्सेना को पकड़ा। कड़ाई से की गई पूछताछ में उन दोनों ने मंदिर से चोरी करना कुबूल कर लिया। उन दोनों की निशानदेही पर चोरी किया गया घंटा भी बरामद कर लिया गया है।

पकड़े गए आरोपी।

लखनऊ से नैमिष वाया गोंडवा बस सेवा की शुरुआत आज से

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। लखनऊ से गोंडवा तक चलने वाली ई-बसों के बंद होने से लोगों की परेशानी खत्म होने वाली है। एमडी रोडवेज के निर्देश पर रविवार से सुबह, दोपहर और शाम को ई-बसें नैमिष तक जाएंगी। इसी तरह नैमिष से लखनऊ तक बसें आएंगी।

अतरौली निवासी राहुल सिंह दैनिक यात्री ने बताया कि गोंडवा रूट पर ई-बसें बंद होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर एमडी रोडवेज, आरएम लखनऊ से बंस संचालन की लगातार मांग की जा रही थी। गोंडवा निवासी नीशू द्विवेदी ने बताया कि आरएम आरके त्रिपाठी ने रोडवेज बसों के संचालन के लिए रूट का सर्वे भी कराया था, लेकिन माल में 52 सीटर बसों के मुंड़ने में आने वाली परेशानी को देखते हुए 42 सीटर आयसर बसें चलाने का योजना बनाई गई थी। फिलहाल रोडवेज की छोटी बसों की अनुपलब्धता और लोगों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए ई-बसों को ही यात्रियों के मुताबिक चलाया जाएगा। दुबग्गा डिपो के एआरएम अनिल तिवारी ने बताया कि रविवार से सुबह सात बजे, दोपहर 12 बजे और शाम को 4.30 बजे बालागंज से नियमित सेवा शुरू की जाएगी। इसी समय पर नैमिष से भी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यह बसें बालागंज, दुबग्गा, एमसी सक्सेना मोड़, माल, गोंडवा होकर चलेंगी।

- सुबह-दोपहर और शाम को चलाई जाएंगी ई-बसें

नुकसान

हरदोई, शाहाबाद और बिलग्राम की दमकल गाड़ियों ने 5 घंटे बाद आग पर पाया काबू

दोना-पत्तल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

हरदोई, अमृत विचार। शहर के बगल में रामनगर स्थित दोना-पत्तल फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरा इलाका काले-काले धुंए में लिपट गया,अनहोनी के डर से पुलिस ने अगल-बगल के मकान और दुकानें खाली करा ली। आग काबू करने में जुटे हरदोई के दमकल कर्मियों के पसीने छूटते देख शाहाबाद और बिलग्राम से दमकल गाड़ियां बुलाई गईं,तब कहीं 5 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। कितने का नुकसान हुआ है ? इस बारे में फिलहाल अभी कोई बात सामने नहीं आ सकी है।

कोतवाली देहात के रामनगर में श्याम जी के नाम से दोना-पत्तल की फैक्ट्री है,शनिवार की भोर पहर उसमें अचानक आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें,बीच में रह-रह कर आ रहीं विस्फोट होने जैसी आवाज़े और काला-काला धुंआ देख कर आस-पड़ोसी सहम गए। वहां पहुंची पुलिस ने आनन-फ़ानन में अगल-बगल के मकान और दुकानें खाली करा ली,पहले दो दमकल गाड़ियां पहुंची,लेकिन घंटों बाद भी आग पर काबू नहीं हो सका,उसके बाद शाहाबाद व बिलग्राम की दमकल गाड़ियों ने मोर्चा संभाला,तब कहीं 5 घंटे बाद आग काबू की जा सकी।

बताया गया है कि कोतवाली देहात के रामनगर में श्यामजी के नाम से दोना-पत्तल की फैक्ट्री में अलग-अलग चार ब्लाक है। शनिवार की भोर पहर उसमें अचानक आग लगने के कुछ ही देर बाद ऊंची-ऊंची लपटें और काला धुआं देख कर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इसका पता होते ही वहां दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं और उनके लगातार जूझने के बाद भी आग काबू नहीं हो सकी,उसके बाद शाहाबाद और बिलग्राम से दो-दो गाड़ियां बुलाई गईं,उससे पहले फैक्ट्री में लगी आग का बढ़ता दायरा और अंदर से विस्फोट होने की आवाज़ आने से कोई दूसरी अनहोनी का खतरा बढ़ गया,जिसके चलते पुलिस ने अगल-बगल के मकान और दुकानें खाली करा ली। तकरीबन 5 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से कितने का नुकसान हुआ ? इस बारें में फिलहाल कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है,साथ ही पुलिस हर एक पहलू से आग लगने की जांच कर रही है।

फैक्ट्री में लगी आग से उठता धुंए का गुबार। अमृत विचार

ओवरलोडिंग पर की जाएगी कार्रवाई

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। ओवर लोड वाहनों से आये दिन हो रही दुर्घटनाओं एवं जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एसडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह किसी भी दशा में वाहनों में ओवरलोडिंग न होने दे। एसडीएम अंकित तिवारी ने अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा कि कृषि वाहनों विशेष कर गन्ने से भरे वाहनों में ओवरलोडिंग की जा रही है। ठंड तथा कोहरे के कारण ऐसे वाहनों से दुर्घटनाएं होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। उन्होंने वाहन चालकों से भी अपील की है कि वह कृषि उत्पाद धान तथा गन्ने से लदे वाहनों में ओवरलोडिंग तथा ओवर हाइट उत्पाद न लादें ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने वाहनो में निर्धारित सीमा से अधिक वजन की ठुलाई न किये जाने, वाहनों के पीछे लाल कपड़े पर रिफ्लेक्टर लगाये जाने, वाहनों पर कोहरे से बचाव के लिए फॉग लाइट का प्रयोग करने, वाहनों की गति निर्धारित सीमा के अंदर रखने तथा वाहनों को देखभाल कर ओवरटेक करने का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश वाहन चालकों को दिये है। एसडीएम ने तहसील क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों, चीनी मिल लोनी के महाप्रबंधक तथा जिला गन्ना अधिकारी को भी निर्देशित किया है कि वह किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न होने दे तथा ओवरलोडिंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करे। एसडीएम ने सहायक परिवहन अधिकारी को भी कार्रवाई करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

सीएचसी प्रभारी ने किया निरीक्षण

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने विभिन्न टीकाकरण सत्र स्थलों का निरीक्षण किया। शनिवार को डॉ. अरविंद बाजपेई, डॉ. गोविंद गुप्ता, डॉ. प्रणव सिंह, डॉ. शिवपूजन, अखिलेश पांडे बीएमसी यूनिसेफ सुबोध शुक्ला ने क्षेत्र के ग्राम खानपुर सादात व नगर के बागवानी टोला, शाहकुलीपुर पूर्वी के टीकाकरण सत्र स्थल का निरीक्षण कर टीकाकरण के निर्देश दिए। डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि ग्राम मुबारकपुर में ब्लॉक रिस्पांस टीम द्वारा टीकाकरण न कराने वाले परिवारों को टीकाकरण से होने वाले फायदों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर पांच बच्चों का टीकाकरण किया गया।

दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

सीतापुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना हरगांव पर पंजीकृत 315/2010 की विवेचना एवं अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 07 द्वारा दोषसिद्ध दो अभियुक्त अर्जुन लाल वर्मा निवासी ग्राम ओझियापुर थाना हरगांव और राम प्रकाश निवासी ग्राम टाड़ा कला थाना लहरपुर को धारा 302 में प्रत्येक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 10-10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

मजदूर के घर में लगी आग, सामान जला

महोली, सीतापुर, अमृत विचार : महसुनियागंज में एक घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग से पूरे घर का सामान जल गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के दो वाहनों ने डेढ़ घंटे के बाद आग पर काबू पाया। छोटे यादव के मुताबिक, वे मवेशी चराने गए थे। लौटकर उन्होंने कमरे से धुआं उठता देखा। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। कमरे में गोबर के उपले और गृहस्थी का सामान रखा था, जो जलकर नष्ट हो गया।

रसोइया झुलसा

सीतापुर, अमृत विचार : 11 वीं वाहिनी पीएसी में तैनात रसोइया खाना बनाते समय आग से झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया यहै। बताते हैं कि रसोइया के पद पर तैनात अनिल रसोई में खाना बना रहा था। तभी गैस सिलेंडर से जुड़ी पाइप में रिसाव हो गया और आग लग गई।

शराबी का हंगामा

सीतापुर, अमृत विचार : नेपालापुर चौराहे पर देर रात शराबी ने हंगामा किया। वह सड़क पर लेट गया। वाहन के आगे लेटने पर देर तक यातायात बाधित रहा। बढ़ते हंगामे के बीच किसी तरह राहगीरों ने शराबी को हटाया।

11 करोड़ की ठगी के 6 आरोपी गिरफ्तार

दो आरोपी लखनऊ निवासी, कार-एटीएम-मोबाइल व चेकबुक सहित अन्य सामान बरामद

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : जिले के बैंक खातों पर ठगों की नजर थी। इस राज को फाश करने के लिए एसओजी ने छह आरोपी गिरफ्तार किये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में 11 करोड़ से कहीं अधिक की ठगी के मामले खुले हैं। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों पर केस दर्ज करते हुए मामले में जांच कराई जा रही है।

क्रिप्टो करेंसी बदलने की आड़ में बड़ा खेल चल रहा था। भनक लगने पर एसपी अंकुर अग्रवाल ने एसओजी को लगाया। पुलिस ने लखनऊ के सैरपुर क्षेत्र स्थित गोल्डेन सिटी कालोनी मिश्रा होस्टल निवासी रघुराज सिंह उर्फ चमन, लखीमपुर खीरी के मैगलगंज थाने के फत्तेपुर निवासी आशीष कुमार शुक्ला उर्फ अंशू, हरदोई के पिहानी थानाक्षेत्र के पड़रुआ निवासी विनय कुमार, लखनऊ के मड़ियांव थानाक्षेत्र के श्रीनगर कॉलोनी वासी शुभम तिवारी, कोतवाली नगर के सिविल लाइन के हबीब अशरफ मंजिल निवासी अरमान और पुराना सीतापुर निवासी शावेज को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 11 एटीएम कार्ड, 7 मोबाइल, 14 सिम, 4 पास बुक, एक चेकबुक, एक पैन कार्ड, आधार कार्ड और चौपहिया वाहन बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि ये शहरों में जाकर भोले भाले लोगों को इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग में लाभ मिलने का झांसा देकर उनके बैंक अकाउंट, पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड व खातों में पंजीकृत मोबाइल सिम प्राप्त कर लेते थे। इन खातों का प्रयोग करके यूपीआई व अन्य माध्यमों से लेनदेन करते थे। जिसके बदले में खाता धारक को 5 से 10 प्रतिशत कमीशन देते थे। जनसेवा केन्द्र से आईडी- पासवर्ड प्राप्त कर बिल भुगतान व अन्य लेनदेन के लिए प्राप्त कर लेते थे।

वारदात का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल। ● अमृत विचार

45 से अधिक खातों से हुआ लेनदेन

एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि अब तक करीब 11 करोड़ 95 लाख 40 हजार की साठबर ठगी हुई है। 45 से अधिक भिन्न बैंक खाते एवं 20 जनसेवा केन्द्र का उपयोग धोखाधड़ी करने में किया जा रहा है। जिसके संबंध में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी अलग-अलग राज्यों व जनपदों में शिकायतें दर्ज हैं।

हरगांव इलाके के जंगल में मिला तेंदुए का शव

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर

अमृत विचार : लखीमपुर की सीमा के पास हरगांव के महादेव अटरा में शनिवार सायंकाल शारदा सहायक नहर के पास जंगल में तेंदुए का शव मिला। बकरी चराने गए कुछ बच्चों ने झाड़ियों के बीच तेंदुए का शव देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी।

पुलिस ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर आसपास के क्षेत्र को सील कर दिया। शव चार-पांच दिन पुराना होने की आशंका जताई गई। डीएफओ नवीन खंडेलवाल के मुताबिक, तेंदुए के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। तेंदुए के शव पर किसी तरह के चोट के निशान न मिलने से मौत की वजह को लेकर विभाग भी उलझन में है। फिलहाल अब विभाग बीमारी, ज़हर या प्राकृतिक कारण जैसे विकल्पों पर जांच कर रहा है।

वन विभाग की टीम ने घटनास्थल से आसपास की मिट्टी और पानी के नमूने लिए हैं, ताकि मौत के कारण का वैज्ञानिक विश्लेषण हो सके। एहतियातन, टीम ने क्षेत्र की बाड़ेबंदी के साथ निगरानी भी बढ़ा दी है। इलाके में कोई दूसरा जानवर तो नही है, टीम इसको लेकर भी कॉम्बिंग कर रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद राकेश राठौर। ● अमृत विचार

संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता : सांसद

तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक परसेंडी एवं ब्लॉक कसमण्डा में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राकेश राठौर तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा उपस्थित रहीं। सांसद राकेश राठौर ने ब्लॉक संगठन की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी संगठन की असली शक्ति उसके समर्पित और जागरूक कार्यकर्ता होते हैं। उनकी सक्रियता, अनुशासन और जनता से जुड़ाव ही संगठन को मजबूत बनाता है। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने हर स्तर पर पार्टी संगठन की मजबूती पर पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। बैठक में परसेंडी ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम भार्गव, कसमण्डा ब्लॉक अध्यक्ष ओमकार नाथ मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

आरक्षी ने दुकान में लहराया असलहा

सीतापुर, अमृत विचार : पुलिस लाइन गेट के करीब स्थित प्रोविजन स्टोर में उस समय भगदड़ मच गई, जब आरक्षी ने असलहा लहरा दिया। हंगामे का वीडियो वायरल होने पर एसपी ने आरक्षी को निलंबित कर दिया। आरक्षी श्यामजी मालखाने में तैनात है। देर शाम वह पुलिस लाइन चौराहा स्थित स्टोर पर पहुंचा। दुकान बंद हो रही थी, ऐसे में दुकान खोले रखने को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरक्षी ने गुस्से में सर्विस असलहे को लहरा दिया। किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। प्रकरण को एसपी अंकुर अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए आरक्षी को निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

याद किये गए डॉ. भीमराव आंबेडकर

अमृत विचार टीम, सीतापुर

अमृत विचार : बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर विविध आयोजन हुए। कांशीराम कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर विविध आयोजन हुए।

बिसवां संवाददाता के अनुसार, कस्बे की कांशीराम कालोनी में नागरिक अधिकार संगठन द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नागरिक अधिकार संगठन की संयोजक कमरुन निशां ने कहा कि बाबा साहब ने हम महिलाओं के अधिकारों को संविधान में समाहित कर आजादी देने का काम किया। उन्होंने कहा हमारे देश का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने का काम करता है।

इस मौके पर वान्या फाउंडेशन की सचिव रामलली पटेल, हरीशंकर गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर फूलजहां बानो, सरिता कश्यप, शीला कठेरिया, रेशमा, रोज, अलकारिया, नंदनी, प्रदीप वाल्मीकि, मनीराम, शमा वाल्मीकि, संजय समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

डॉ. आंबेडकर थे संविधान निर्माता : शिशिर : डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेसजनों ने लोहार बाग स्थित डॉ. भीम राव आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेई ने कहा कि बाबासाहेब ने देश में स्वतंत्रता, समता, न्याय और बंधुत्व के विचार को आगे बढ़ाया और संविधान के माध्यम से शोषितों, वंचितों समेत हर एक भारतीय के अधिकार को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य धीरेश कश्यप, आमोद मिश्र, संजय कुमार सनी, रामू शुक्ला, विनोद कुमार, सावित्री देवी, श्याम जी, राज गुप्ता, फिरोज आदि उपस्थित रहे।

बिसवां में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते नागरिक अधिकार संगठन के सदस्य।

सिक्योरिटी गार्डों ने किया हंगामा

● अचानक सेवा समाप्ति की नोटिस मिलने से आक्रोश

सीतापुर, अमृत विचार: मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार द्वारा जिला चिकित्सालय और समस्त सीएचसी आउटसोर्सिंग सिक्योरिटी गार्ड की आपूर्ति बंद करने का पत्र जारी किया गया। इस पर सिक्योरिटी गार्ड सीएमओ ऑफिस पहुंच गए और हंगामा किया। उन्होंने कारण जानने के लिए शाम तक इंतजार किया।

मिश्रिख सीएचसी से आए विपिन द्विवेदी ने बताया कि बिना कोई अग्रिम सूचना दिए अचानक से मिला सेवा समाप्ति की नोटिस से हम लोगों के जीवनयापन पर संकट आ गया है। सिधौली से आए शिवेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग की तरफ से जारी हुए पत्र में भूतपूर्व सैनिकों को सिक्योरिटी गार्ड बनाया जाएगा ऐसा लिखित है किंतु पूर्व में भूतपूर्व सैनिक सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करने से मना कर चुके हैं। फिर भी हम लोगों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

सीएमओ कार्यालय पर जुटे सिक्योरिटी गार्ड। ● अमृत विचार

संबंधित फर्म से संपर्क कर सकते हैं सिक्योरिटी गार्ड

सिक्योरिटी गार्ड जीत सिक्योरिटी सर्विसेज की तरफ से विभाग में रखे गए थे। आउटसोर्सिंग से रखे गए निजी गार्डों का समय पूरा हो चुका है। बेहतर सुविधाओं के लिए इनके स्थान पर सैनिक कल्याण निगम से पूर्व सैनिकों को रखा जाएगा। ये लोग अपनी समस्या के लिए संबंधित फर्म से संपर्क कर सकते हैं।

-डॉ. सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

सचिवों ने ऑनलाइन हाजिरी का किया विरोध

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : विकासखंड पर ग्राम पंचायत सचिवों ने खंड विकास अधिकारी को ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से ऑनलाइन हाजिरी, मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्य लिए जाने के विरोध सहित दस मांगें शामिल हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अंशु वर्मा, मोहम्मद नदीम, अविनाश चंद्र रस्तोगी, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, अमित, कुलदीप कुमार, शारदा प्रसाद राणा, सुमेंद्र यादव, दिनकर यादव, अंबिका प्रसाद, विष्णु प्रकाश उपस्थित थे।

आभा आईडी के माध्यम से करें मरीजों का पंजीकरण

सीतापुर, अमृत विचार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में निजी चिकित्सालयों के चिकित्सकों-प्रबन्धकों की अनिवार्य बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, चिकित्सालयों में समस्त कार्य अधिकृत कार्यालय में पंजीकृत चिकित्सकों की उपस्थिति में ही कराये जायें। समस्त निजी चिकित्सकीय इकाइयों पर मरीजों का पंजीकरण आभा आईडी के माध्यम से ही किया जाये। सम्बन्धित चिकित्सालय को सम्बन्धित परिवार को जन्मे बच्चे एवं मृत्यु होने पर प्रमाण 24 घण्टों के भीतर उपलब्ध कराया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रशासनिक अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी एवं इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विनोद त्रिपाठी सहित 35 चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया।

अराइज फेस्ट में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।. ● अमृत विचार

कोई बना मोटू-पतलू तो कोई सेब व टाइगर

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल का छठा वार्षिक उत्सव अराइज फेस्ट धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि आईपीएस रवि कुमार कमांडेंट 11वीं पीएसी थे। विशिष्ट अतिथि अरविंद मोहन वरिष्ठ फौजदारी वकील थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वागत गीत, मोटू पतलू, जंक फूड, सेव टाइगर, स्कूल नहीं जाना, ट्राइबल, मराठी गीत, दांडी अधिनियम, रतन टाटा, पैरालंपिक, जोकर, महिला सशक्तिकरण, तमिल, गुजराती डांस की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर भाविका अवस्थी, अल्फिशा, अवनी वर्मा, हुमैरा, मनरूप कौर द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक वीरेंद्र पुरी, हरनाम सिंह, निशीथ गोयल, विद्यालय के निदेशक हर्ष पुरी, अदिति टंडन, पूनम गोयल, प्रिंसिपल कमल शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

डीएम ने निकाले शिकायतों के हल

समाधान दिवस

अमृत विचार टीम, सीतापुर

अमृत विचार : जनपद की सभी तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मिश्रिख तहसील पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने की। आयोजन के दौरान कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व से जुड़े मामलों की अधिकता रही।

लहरपुर : उप जिला अधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 91 शिकायतकर्ताओं आईं, राजस्व विभाग से संबंधित 20 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर सीओ बृजेश कुमार, तहसीलदार मनीष त्रिपाठी, बीडीओ बेहटा अरुण वर्मा, वन दरोगा अरविंद गिरी आदि थे।

मिश्रिख : शनिवार को मिश्रिख तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने जनता की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में 171 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 18 का मौके पर निस्तारण किया गया।

मिश्रिख तहसील में जन समस्याएं सुनते जिलाधिकारी, विधायक व अन्य।

सिटी डायरी

शूटिंग के दौरान अभिनेता संग्राम सिंह व अन्य। अमृत विचार

फिल्म की शूटिंग देखने उमड़े दर्शक

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म की शूटिंग शनिवार को रामलीला मैदान पर की गई। शूटिंग देखने के लिए भीड़ लग गयी। समर संग्राम फिल्म में श्री रामलीला मैदान पर फिल्म की नायिका मधु सिंह राजपूत व फिल्म के नायक संग्राम सिंह जो पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका में है। उन्होंने नायिका की कार खराब हो जाने पर उसे अपने वाहन से कॉलेज छोड़ने की शूटिंग की। एक अन्य सीन में घर से बिछड़ गई मां व उसके द्वारा लोगों से भीख मांगने व पुजारी द्वारा उसे शरण दिए जाने की शूटिंग की गयी।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

अधूरी पड़ी पानी की टंकी। अमृत विचार

अच्छा खिलाड़ी जीवन में करता है चुनौतियों का सामना : जावेद

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : फुरकानिया एजुकेशनल सोसाइटी बिसवां द्वारा खेलो इंडिया विषयक संगोष्ठी और वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्षता इमाम ईदगाह काजी शहर मौलाना जावेद इकबाल नदवी ने की। काजी शहर मौलाना जावेद इकबाल नदवी ने कहा कि खेलना बच्चों की फितरत में होता है, इसीलिए बच्चे सबसे ज्यादा खेलना ही पसंद करते हैं। वर्तमान समय में खेलों का बहुत महत्व है। अच्छा खिलाड़ी जीवन में आने वाली चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना करने की क्षमता रखता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुफ्ती खबीर नदवी ने कहा कि खेलों का हमेशा महत्व रहा है। अच्छे खिलाड़ियों पर पूरा देश गर्व करता है।

रामपुर मथुरा में जलापूर्ति बाधित टंकी का कार्य पड़ा है अधूरा

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार : ग्राम पंचायत में लगभग तीन वर्ष पूर्व सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत रामपुर मथुरा ग्राम पंचायत में ग्राम गौरीशंकर पुरवा में पानी की टंकी व अन्य कार्य का काम शुरू हुआ था, जिसमें पाइप लाइन सहित अन्य कार्य होने थे। ग्रामीणों के मुताबिक, लाखों रुपए की मशीनरी सहित सौर पैनल लगे हुए हैं। टंकी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। मौके पर तैनात पंप आपरेटर गौतम शुक्ला ने बताया कि पंप चालू है, सप्लाई बाधित है। टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं है।

कार्यक्रम में छात्रा से संवाद करतीं डॉ. आरती शुक्ला। अमृत विचार

नियमित अध्ययन सफलता की कुंजी

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन में करियर काउंसलिंग में दृष्टि की चीफ मॉक पैनलिस्ट डॉ. आरती शुक्ला ने नियमित अध्ययन को प्राथमिकता देने की सलाह दी। इस अवसर पर चेयरमैन आरके वाजपेयी, उप प्रधानाचार्य यशपाल वर्मा, विनोद गुप्त, शिक्षक व विद्यार्थी थे।

सख्त तेवर

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ मिलकर किया मछरेहटा सीएचसी का औचक निरीक्षण

मातृ सुरक्षा केंद्र बंद मिलने पर डीएम ने जतायी नाराजगी

संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान मातृ सुरक्षा केंद्र बंद मिलने पर नाराजगी व्यक्त की एवं मातृ सुरक्षा केंद्र में तैनात महिला कर्मचारी को निर्देश दिए कि मानक के अनुरूप प्रसव सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने ई-कवच पोर्टल को देखा एवं डेटा सही भरे न होने पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने लेबर रूम रजिस्टर, रेफर रजिस्टर, एचपी रजिस्टर का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की यदि आशा बहू सही ढंग से कार्य न करें तो उनके खिलाफ नोटिस जारी की जाए।

बीडीओ और ग्राम प्रधान को नोटिस : नैमिषारण्य। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य स्थित ठाकुर नगर गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में जलभराव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को निर्देश दिये कि तीन दिन में की स्थिति में सुधार किया जाये। गौशाला में टीन शेड क्षतिग्रस्त, पशुओं के पानी आदि की व्यवस्थाएं सही न होने पर सचिव राजेश कुमार चौधरी को नोटिस एवं स्पष्टीकरण के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये तथा प्रधान दिलीप कुमार गुप्ता को भी नोटिस के निर्देश दिये।

रजिस्टर का अवलोकन करते जिलाधिकारी, साथ में उपस्थित सीएमओ।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 7 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

पत्नी के साथ मारपीट का आरोप

रोहनिया : ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के पट्टी पीठा मजरे धमोली निवासी पीड़िता विमलेश पुत्री पंचम की शादी सात माह पूर्व हरबंशपुर थाना सलोन में हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि पति आए दिन छोटी छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित किया करते है। शनिवार को दोपहर में पीड़िता को पति अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठा कर घर ले जा रहा था। तभी सरेनी ग्राम के पास जब पहुंचा तो पति मारपीट करने लगा।कोतवाल अजय कुमार राय का कहना है कि मामले में तहरीर मिली है। जांच कराकर आवश्यक करवाई की जाएगी।

दो पक्षों में चली लाठियां, 6 घायल

जगतपुर : शनिवार को परशुरामपुर ठेकहाई गांव में शटरिंग विवादित जमीन पर रखने को लेकर दो पक्षों में लाठियां चल गई। जिसमें एक पक्ष से बुजुर्ग जयकरन त्रिवेदी उनके पुत्र अमरेश कुमार, बहू धर्म शीला व नाती आकाश घायल हो गए। दूसरे पक्ष से राम अधार तथा रामनरेश घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जिसमें हालत गंभीर होने पर जयकरन, अमरेश, धर्म शीला व राम अधार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट हुई है। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

बाबा साहेब अंबेडकर की मनाई पुण्यतिथि

रायबरेली : शनिवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन परिसर में बाबासाहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मौजूद पदाधिकारियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर अध्यक्ष अवधेश आर्य, महामंत्री विजय जीत गौतम, वरिष्ठ अधिवक्ता शशिकांत पांडे, मनोज वर्मा, संत सेवक वर्मा, एलएस बाजपेई, ओपी यादव, डीपी पाल, अमित श्रीवास्तव, सुभाष यादव, अमरेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह यादव, सुखराज वर्मा, मोनू यादव, अमित धीमन मौजूद रहे।

फाइनल प्रतियोगिता आज

परशदेपुर : दो दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल रविवार को खेला जाएगा। आयोजक दीपू सिंह ने बताया कि डबल्स मैच में विजेता को 21 हजार रुपए, उप विजेता को 11 हजार रुपए और सिंगल्स में विजेता को 11 हजार रुपए और उप विजेता को 5100 रुपये व शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

दुर्घटना में दो लोग घायल

बछरावां : थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच राजमार्ग पर तिलेडा गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने एक ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सवार महिला सुनीता पत्नी बेचलाल निवासी प्रसाद खेड़ा थाना बछरावां, ई रिक्शा चालक अनिल कुमार पुत्र दयाशंकर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

विद्युत कैंप में उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़

सलोन : विकास खण्ड रतासो गांव में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को बिजली बिल राहत योजना ओटीएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जो 1 दिसंबर से प्रभावी हुई है। एसडीओ सलोन सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को कुल 44 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जिसमें दो लाख 67 हजार रुपये की राशि जमा हुई है। कैंप में दिनेश साहू, देव कुमार, धर्मेंद्र, अतुल आदि लोग मौजूद रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग समेत दो घायल

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

अमृत विचार। कानपुर नगर जिले के महराजपुर थाना क्षेत्र के सहडलीपुर गाँव निवासी राजेश कुमार (50) अपने समधी जमुना प्रसाद (60) व उनके बेटे राजेश निवासी रायपुर फरकी थाना कुंडा जिला प्रतापगढ़ के साथ शनिवार की सुबह बाइक से ऊंचाहार आ रहे थे। लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर अरखा गांव के निकट ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकरा गई। घटना में बाइक पर पीछे बैठे राजेश कुमार व जमुना प्रसाद सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिसमें जमुना प्रसाद को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल, बछरावां: बछरावां थाना क्षेत्र के जीगो निवासी कन्हैयालाल पुत्र परीदीन (65) शनिवार की सुबह अंतिम संस्कार से होकर खैरहनी गांव से साइकिल द्वारा वापस लौट रहा था। रास्ते में लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर कन्नावा गांव के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। लोगों ने घायल वृद्ध सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हार्मोनल विकारों का व्यापक उपचार प्रदान कर रहा है एम्स

संवाददाता, रायबरेली

सुविधा

- **एम्स मे कुशिंग बीमारी की पहली सर्जरी, रोगी को मिली राहत**

अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज जटिल से जटिल रोग पर काबू पाने व क्रिटिकल से क्रिटिकल सर्जरी कर लोगों को नया जीवनदान प्रदान कर रहा है। हार्मोनल विकारों का व्यापक उपचार प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए कुशिंग बीमारी की पहली सफल सर्जरी कर चिकित्सकों ने कीर्तिमान स्थापित किया।

न्यूरो सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष न्यूरो सर्जन प्रो. डॉ. सुयश सिंह व मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मधुकर मित्तल की सूझबूझ से दिमाग में कुशिंग पिट्यूटरी ट्यूमर से पीड़ित मरीज को नया जीवन मिला है। कुशिंग पिट्यूटरी ट्यूमर से पीड़ित मरीज की सर्जरी प्रो. डॉ. सुयश सिंह ने ट्रांसनेसल ट्रांसफ़िनॉइडल दूरबीन विधि से किया। कुशिंग पिट्यूटरी ट्यूमर से पीड़ित 24 वर्षीय युवक मेडिसिन विभाग में इलाज के लिए आया था। प्रो. डॉ. मधुकर मित्तल ने इलाज के दौरान लक्षण को देखते हुए जांचे कराई। जांच में कुशिंग पिट्यूटरी ट्यूमर नामक बीमारी मिलने की पुष्टि हुई। बीमारी को गंभीरता से लेते हुए न्यूरो सर्जरी विभाग को रेफर किया गया। जहां पर न्यूरो सर्जन प्रो. डॉ. सुयश सिंह ने मरीज की सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि यह एक दुर्लभ बीमारी है, जिसकी सर्जरी मे लगभग पांच घंटे का समय लगा।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सक व अन्य। अमृत विचार

मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मधुकर मित्तल ने बताया कि अपने ही शहर के रहने वाला युवक वजन बढ़ने, थकान, पीठ में दर्द, चलने में कमजोरी की शिकायत के साथ एंडोक्रिनोलॉजी ओपीडी में आया था। जिसके बाद इलाज के दौरान जांच प्रक्रिया से गुजरने के बाद बीमारी का पता चला। कुशिंग बीमारी से पीड़ित मरीज के दिमाग़ में एक पिट्यूटरी ट्यूमर था। यह वह स्थिति थी, जहां पिट्यूटरी ग्रंथि में एडेनोमा बन जाता है। जिससे अत्यधिक मात्रा में हार्मोन का उत्पादन होता है।

इस रोग में मोटापा, मांसपेशियों एवं हड्डियों की कमजोरी, शरीर में दर्द, पेट में धारियां, सरदर्द और चिड़चिड़ापन इत्यादि लक्षण हो सकते हैं। इस मौके पर डॉ. हरेंद्र, डॉ. शक्ति मौजूद रहे।

> एंडोक्रिनोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, एनेस्थीसिया का एक साथ आना कुशिंग बीमारी वाले रोगियों को राहत प्रदान कर रहा है। एम्स मरीजों को बेहतर स्वास्थ सुविधा मुहैया करा रहा है। डॉक्टर जटिल से जटिल रोगो का इलाज कर लोगों को लाभ पहुंचा रहे है।
>
> -प्रो. अमिता जैन, निदेशक, एम्स।

बाइकों की टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

भदोखर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के पास हुई दुर्घटना, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल व परिजनों में कोहराम

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र के रायबरेली-परशदेपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक घायल को लखनऊ रेफर किया गया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सतीश की फाइल फोटो।

भदोखर थाना क्षेत्र के जरौला निवासी सतीश उर्फ गोली पुत्र रामचंद्र व भुएमऊ के रहने वाले धर्मराज उर्फ छोटू शुक्रवार की रात शहर से निमंत्रण से होकर अपनी बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इस बीच चकरार निवासी दिनेश उर्फ राहुल सिंह अपनी बाइक से एक पेट्रोल पम्प पर ड्यूटी करने जा रहे थे। तभी रास्ते में जगदीशपुर गांव के पास दोनों की मोटर साइकिलें आमने-सामने से टकरा गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। दुर्घटनास्थल पर घायलावस्था में तीन लोग सड़क पर घंटो पड़े रहे। सूचना के काफी देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मेडिकल परीक्षण के दौरान सतीश उर्फ गोली, दिनेश सिंह उर्फ राहुल को मृत घोषित कर कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल धर्मराज उर्फ छोटू को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सूनी हो गई मांग, बच्चे हुए अनाथ: एक्सीडेंट में दो लोगों की जान चली जाने से दो घरों पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। पोस्टमार्टम के बाद दो गांवों में शव पहुंचने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। भदोखर थाना क्षेत्र के जरौला गांव में पत्नी प्रियंका व दो वर्ष का बेटा प्रत्यूष मृत सतीश उर्फ गोली पुत्र रामचंद्र व चकरार गांव में पत्नी गोल्डी सिंह, तीन वर्ष की बेटी मिष्ठी व एक वर्षीय बेटा चिराग मृत दिनेश उर्फ राहुल सिंह के पास बैठकर दहाड़े मार कर रो रहे थे। कोई पापा-पापा कह कर उन्हें उठा रहा था तो कोई बच्चों के परवरिश को लेकर चिंतित था। अलग-अलग गांव में हुई इन मौतों से जहां दोनों पत्नियों के सुखमय जीवन में हमेशा-हमेशा के लिए अंधेरा छा गया। वहीं मासूमों के सिर से सदा-सदा के लिए पिता की छत्रछाया खत्म हो गई।

अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दो लोग घायल

सरेनी (रायबरेली), अमृत विचार। बीती देर रात्रि बारात जा रहे मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद तीनों घायलों को सीएचसी सरेनी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तीसरे घायल को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बीती रात्रि सरेनी-सेमरी रोड पर शितलहा मंदिर के पास बनी पुलिया पर एक मोटरसाइकिल व तीन व्यक्ति घायलावस्था में पड़े थे। राहगीरो की सूचना पर पहुंची 112 पीआरवी ने एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल से तीन व्यक्ति क्रमशः सचिन पुत्र सुनील लोध, अमन पुत्र अरुण व सुरेश पुत्र स्व. रोहतम निवासी वरदहा थाना बारासगवर जिला उन्नाव अपने भाई की ससुराल के पड़ोसी निवासी भगवंत नगर उन्नाव की बारात में शामिल होने बजरंग का पुरवा थाना सरेनी जिला रायबरेली जा रहे थे। जैसे ही बाइक सेमरी-सरेनी रोड के शितलहन पुलिया के पास पहुंची तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों गिरकर घायल हो गए। तीनों को सरेनी सीएचसी पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टर ने सुरेश कुमार को मृत घोषित कर दिया व अमन की गंभीर दशा देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और सचिन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सुरेश कुमार की मौत से परिजनों को रो-रो कर बुराहा ल है। कोतवाल रमेश चंद्र यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

न्यूजीलैंड की टीम ने निर्माणाधीन शहद उत्कृष्ट केंद्र का किया निरीक्षण

शहद उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण करती न्यूजीलैंड कृषि मंत्रालय की टीम।

संवाददाता, शिवगढ़ (रायबरेली)

अमृत विचार। शनिवार को न्यूजीलैंड कृषि मंत्रालय के मैनेजर एशन वर्धन ने शिवगढ़ नगर स्थित निर्माणाधीन शहद उत्कृष्टता भवन का बारीकी से निरीक्षण किया। कस्बे के समीप 10 करोड़ की लागत से शहद उत्कृष्ट केंद्र के भवन का निर्माण कार्य पिछले 6 माह से चल रहा है। जिसका निर्माण कार्यदाई संस्था पैक्स फेड करा रही है।

नई दिल्ली स्थित न्यूजीलैंड उच्चायोग ने एशन जयवर्धने को सहयोग कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए नामित किया है। न्यूजीलैंड के शहद का मनुका ब्रांड विश्वविख्यात है। प्रदेश के शहद को इसी स्तर पर ले जाने के लिए साझेदारी के तहत प्रमुख सहयोग उत्पाद के रूप में शामिल किया गया है। जिसके तहत शनिवार को न्यूजीलैंड कृषि मंत्रालय के मैनेजर एशन वर्धन करीब एक एकड़ में बन रहे शहद उत्कृष्टता केंद्र के भवन निर्माण का निरीक्षण कर वहां पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को सुझाव भी साझा किया।

डीएचओ जयराम वर्मा ने बताया कि मधुमक्खी पालकों के लिए जिले में जल्दी शहद उत्कृष्टता केंद्र के भवन निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद मशीन लगेंगी इससे न सिर्फ मधुमक्खी पालन को बढ़ावा मिलेगा वरन इस धंधे से जुड़े लोगों की आर्थिक स्थिति भी बेहतर बनेगी।

इस मौके पर क्षेत्रीय ट्रेड एपीडा, संयुक्त निदेशक सर्वेश कुमार, उप निदेशक डॉ. डीके वर्मा, जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, पूर्व प्रधान नंद किशोर तिवारी, रामपाल सिंह, रतीपाल रावत, अंकित वर्मा, आदि क्षेत्रीय लोग भी मौजूद रहे।

शिक्षक एमएलसी से विद्यालय विकास को लेकर चर्चा

शिक्षक एमएलसी को ज्ञापन सौंपते अनूप पांडे। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली। बाल कल्याण समिति और गंगाराम बराती लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के अध्यक्ष अनूप पांडे ने शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने विद्यालय के विकास और विद्यालय के मध्य से जा रही बिजली की लाइन को हटवाने की मांग की है। इस दौरान शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी का अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। उमेश द्विवेदी ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी से शिक्षक एमएलसी हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सबका साथ सबका विकास के फार्मूले पर कार्य कर रहे हैं। शिक्षकों के हित में सरकार ने बहुत से कार्य किये हैं। विद्यालय के अध्यक्ष अनूप पांडे ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण कर सनातन संस्कृति को मजबूत करने का काम बीजेपी की सरकार ने किया है। जिसका श्रेय मुख्यमंत्री को ही जाता है। चुनाव को लेकर शिक्षक एमएलसी शिक्षकों से संपर्क अभियान कर रहे हैं। यहां प्रधानाचार्य सत्येंद्र शुक्ला, नरेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश पांडे, मनोज अवस्थी रहे।

होटल का विधि-विधान से किया भूमिपूजन

सरेनी (रायबरेली)। तेजगांव स्थित डिग्री कॉलेज के सामने झारखण्डेश्वर रेस्टोरेन्ट एवं होटल का भूमि पूजन किया गया। सपा युवा नेता अभितेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि फरवरी से मार्च तक भवन का निर्माण पूरा कर लिया जायगा। सपा नेता ने कहा कि यदि किसी लड़के व लड़की के माता पिता नहीं है तो उन्हें वैवाहिक कार्यक्रम में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायगी। यहां डॉ. अशोक त्रिवेदी, अनूप पाण्डेय, नगन्नाथ तिवारी, रामनारायण, नीरज श्रीवास्तव, गोपाल बाजपेयी, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, सतीश सिंह रहे।

राज्य मंत्री ने बीएलओ से किया संवाद

सतांव (रायबरेली)। शनिवार की अपराह्न राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने सतांव गांव की बूथ संख्या 216 और 219 में एसआईआर फार्म भरने सम्बंधी जागरूकता अभियान को गति देने के लिए आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में राज्य मंत्री ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से संवाद किया और फार्म भरने में आ रही समस्याओं को समझा। इस मौके पर शिवसागर तिवारी, अनिल शुक्ला, प्रेमशंकर पाण्डेय, देवीसहाय त्रिवेदी, विजय शंकर दीक्षित, हरी शंकर गुप्ता सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

ऊंचाहार (रायबरेली)। शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान 34 शिकायती पत्रों में चार का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजी गई है। एसडीएम राजेश श्रीवास्तव ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी। पूरे लल्लू पांडेय मजरे खरौली गाँव के शांतिभूषण पाण्डेय ने गांव के ही कुछ लोगों के विरुद्ध खलिहान की भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण किये जाने की शिकायत की। जब्बारीपुर गाँव के कालीदीन प्रजापति ने मजदूरी दिलाये जाने की शिकायत की। रघुनाथपुर पटेरवा गाँव की पिंकी शुक्ला ने कुछ लोगों के विरुद्ध पति के नाम आबंटित भूमि पर कब्जा किये जाने की शिकायत की। इस मौके पर बीडीओ सुनील कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

आलू की मंदी ने किसानों को किया बदहाल

समस्या

- **नया आलू आने के बाद शीत ग्रह संचालक सड़क और खेतों में फेंक रहे पुराना आलू**

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

अमृत विचार। आलू किसानों की सलोन क्षेत्र में बुरी हालात बनी हुई है। शीत गृहों मे रखा गया आलू मंदी के कारण बिक नहीं पा रहा है। परिणामस्वरूप आलू को सड़कों के किनारे फेंका जाने लगा है। बताया जाता है कि डेढ़ दर्जन कोल्ड स्टोरों में इस समय करीब दो लाख बोरी आलू डंप पड़ा हुआ है। किसानों को उनके आलू का लागत मूल्य न मिल पाने के कारण कोल्ड स्टोर संचालक ट्रॉलियों से आलू को सड़कों और ग्रामीणों के खेतों में फेकवाने को विवश हैं। स्टोर मालिकों का कहना है कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति केवल भाड़ा चुकाकर आलू मुफ्त में ले जा सकता है, परन्तु बाजार में नए आलू आने के बाद पुराने की मांग बेहद कम हो गई है। ऐसे में भाड़ा चुकाकर आलू निकालना किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है।

खुले में पड़े आलू। अमृत विचार

सलोन क्षेत्र के इन कोल्ड स्टोरों की कुल क्षमता लगभग 40 लाख बोरी है। किसानों से पैसा व बोरी उपलब्ध कराकर यही स्टोर आलू का भंडारण कराते हैं। क्षेत्र में करीब ढाई से तीन हजार हेक्टेयर में लाल आलू का उत्पादन होता है, जो बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बंगाल, पंजाब सहित अन्य राज्यों की पहली पसंद माना जाता है। शुगर-फ्री होने के कारण इसकी खास मांग रहती है, लेकिन इस बार भाव गिरने से किसानों की उम्मीदें टूट गई हैं।किसानों के अनुसार एक बीघा आलू तैयार करने में 25 से 30 हजार रुपये की लागत आती है। पवन कुमार पटेल, चंद्रपाल पटेल, शंकरलाल साहू, मु. कलीम, अजय पटेल, गोविंद पटेल सहित अन्य किसानों ने बताया कि लागत न मिलने से किसान पूरी तरह बर्बादी के कगार पर है।

गिरधारी का पुरवा रसूलपुर निवासी किसान डी.पी. पाल ने कहा कि अब वे आलू की खेती नहीं करेंगे क्योंकि हर वर्ष घाटा उठाना पड़ता है। बरादीह निवासी दिनेश शुक्ला के अनुसार क्षेत्र में आलू की पैदावार से हजारों किसानों की बेटियों की शादी, मकान निर्माण और अन्य व्यापार चलते हैं, परंतु नुकसान के कारण सभी प्रभावित हो रहे हैं। रामीपुर निवासी किसान विनोद मिश्रा ने बताया कि अधिक मुनाफे की लालच में सही समय पर बिक्री न करने से भी किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है।पिछले वर्ष भी इसी तरह कम रेट मिलने से किसानों की जमा पूंजी खत्म हो गई थी।किसानों ने मांग की है कि सरकार आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करे ताकि उन्हें लागत का उचित मूल्य मिल सके।

वहीं कोल्ड स्टोर स्वामी चंद्रशेखर रस्तोगी के अनुसार लगभग दो लाख बोरी आलू दीपावली व छठ पर्व के समय करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य का था, परंतु आज मिट्टी के दाम पर भी कोई खरीददार नहीं है। किसानों के आलू स्टोर में ही पड़े रहने से भाड़ा भी नहीं मिल पा रहा है, जिससे स्टोर संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

निर्देश | सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 शिकायतें आई, 06 का तत्काल हुआ निस्तारण

शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण कराएं

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 48, पुलिस 15, विकास 02 एवं अन्य 25 कुल 90 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनतीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा, उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

महराजगंज में दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

महराजगंज (रायबरेली)। तहसील सभागार में एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 29 शिकायतें दर्ज की गईं। इसमें सर्वाधिक शिकायतें राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित रही। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम गौतम सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को समय पर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा, सीओ प्रदीप कुमार, कोतवाल जगदीश यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव, बीडीओ वर्षा सिंह आदि मौजूद रहे।

भूमि विवाद और राजस्व के मामलों पर एडीएम गंभीर

सलोन (रायबरेली)। अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार सलोन में आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 31 शिकायतें आईं। इनमें से तीन शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के दौरान लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मामलों, पेंशन, राशन कार्ड, बिजली तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं। उन्होंने ने प्रत्येक शिकायत को सुनते हुए संबंधित विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

अदावी खातों की पहचान कर सरल बनाया जाए निस्तारण : जिलाधिकारी

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" अभियान के अंतर्गत जन-जागरुकता के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यकम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह रहे। डीएम ने कहा कि अदावी जमाओं का समयबद्ध निपटान अत्यंत आवश्यक है, ताकि आम नागरिकों को उनकी वैध राशि शीघ्र प्राप्त करायी जा सके उन्होंने सभी बैंकों एवं सम्बंधित विभाग को निर्देशित किया कि अदावी खातों की पहचान कर दावों के निस्तारण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं जनहितैषी बनाया जाए।

अग्रणी जिला प्रबधक रुपेश दूबे द्वारा बताया गया की रायबरेली जिले की अनक्लेम्ड एसेट्स में 3.74 लाख खातों में 131.90 करोंड़ रुपये अदावी राशियों में स्थानांतरित हो गये थे जिनको उनके सही खातों में वापसी हेतु सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शिखा श्रीवास्तव जो बैंक जाने में समर्थ नहीं थी बैंक द्वारा उनके घर तक जाकर प्रक्रिया पूरी करवाकर उनकी धनराशि वापस करवाई गई एवं उनके प्रतिनिधि को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।कार्यक्रम में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड रवि शंकर, उप क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक हरी प्रसाद, डीजीएम-जिला कोपरेटिव बैंक दीना नाथ राम, निदेशक आरसेटी नरेश मीना एवं जेआर मीना एवं जिला अग्रणी कार्यालय से आरती निगम आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

डॉक्टर अताउल्ला के निधन पर शोक

शुकुल बाजार/तिलोई (अमेठी)। क्षेत्र के डॉक्टर अताउल्ला के अचानक हुए निधन की सूचना पर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना पर दूर-दराज से लोग पैतृक गांव पहुंच कर परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। बता दें कि बीमारी के चलते पीजीआई लखनऊ में अताउल्ला को भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शनिवार को उनका निधन हो गया। ज्ञात हो कि डॉक्टर ने नदुआ कॉलेज लखनऊ से शिक्षा ग्रहण करने के बाद क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में खूब नाम कमाया। क्षेत्र के लोगों ने उनके निधन पर श्रद्धाजंलि दी। वहीं उनके निधन की सूचना पर लोग पैतृक गांव गौसल का पुरवा महोना पश्चिम पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

क्विज प्रतियोगिता में 5 बच्चों ने बाजी मारी

फुरसतगंज (अमेठी): ब्लॉक संसाधन केंद्र बहादुर पुर, जनपद अमेठी मे राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विकासखंड बहादुरपुर के समस्त जूनियर एवं कंपोजिट विद्यालयों के 66 बच्चों ने प्रतिभा किया। इस प्रतियोगिता मेंखण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सचान एवं आरपी राज कुमार द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों की दो चरणों में परीक्षाएं लिखित एवं मौखिक कराई गई। जिसमें विजेता पांच बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सचिन द्वारा पुरस्कार भी किया गया। पुरस्कृत हुए बच्चों मेंआदर्श यादव, साक्षी, प्रांशी, आंचल एवं संजू यादव द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया।

दिव्यांग युवक साइबर ठगी का हुआ शिकार

तिलोई (अमेठी): कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बालापुर मजरे शाहमऊ निवासी दिव्यांग दीपक ने पुलिस को शिकायती तहरीर देकर बताया कि उसके मोबाइल फोन पर साइबर ठगों द्वारा फोन करके एक लाख 48 हजार रुपए चार किस्तों में फोन पे के माध्यम से ट्रांसफार्मर करवा लिया। पीड़ित ने बताया कि उसने वो पैसे अपनी बहन की शादी के लिए रखे थे। शादी के लिए उसके इधर-उधर से उधार लेकर रुपयों का प्रबंध किया था। उक्त मामले में थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर पर जांच की जा रही है।

राम से बड़ा राम का नाम : पं.झिलमिल

लालगंज (रायबरेली): भक्ति जीव को भगवान के निकट ले जाती है।पृथ्वी पर जब-जब अधर्म बढ जाता है तब-तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। यह बात बाल्हेश्वर गांव स्थित एक गेस्ट हाउस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा ब्यास पं .झिलमिल महाराज नेकही। उन्होंने भगवान राम के नाम की व्याख्या करते हुए कहा कि राम से बड़ा राम का नाम है। राम नाम लिखने से समुद्र में डाले गए पत्थर भी तैरते रहे और सेतु का निर्माण हो गया था। इस मौके पर घनश्याम सोनी, किरन सोनी, हरिओम सोनी, राजकुमार, सधन त्रिवेदी, सधोले शुक्ला, शिव गोपाल गुप्ता, धर्मेंद्र त्रिपाठी, अरविंद पांडेय, उमेश यादव, रामू त्रिपाठी, चंदन त्रिवेदी, सूर्यांश शुक्ला, स्तुति शुक्ल, मंजुला, सुषमा मिश्रा रहे।

श्री रामकथा का हुआ आयोजन

रायबरेली: सर्वोदय नगर में चल रही सप्त दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के षष्टम दिवस की कथा में जगतगुरु रामभद्राचार्य के कृपा पात्र शिष्य द्विवेदी कृष्ण कुमार शास्त्री ने भगवान राम और केवट के संवाद प्रसंग सुनाकर लोगों भाव-विभोर कर दिया। यहां विश्व सनातन सेवा के प्रदेश अध्यक्ष संजयानंद महाराज प्रेम नारायण त्रिवेदी, प्रदीप त्रिपाठी, केपी त्रिपाठी, मनोज पांडे रहे।

वार्ड की नाली जाम, घरों में घुस रहा गंदा पानी

लापरवाही: कटरा राजा हिम्मत सिंह वार्ड-3 में साफ-सफाई न होने से लोगों की बढ़ी मुसीबत

बृजेश मिश्रा, अमेठी

अमृत विचार। नगर पंचायत के कटरा राजा हिम्मत सिंह वार्ड नंबर 3 में नाली जाम होने की समस्या लगातार गंभीर रूप लेती जा रही है। नालियों की सफाई न होने से उसमें भरा गंदा पानी घरों के अंदर और आंगन में भर रहा है, जिससे मोहल्ले में बदबू और मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। इस समय बारिश न होने के बावजूद नाली में स्थायी जलभराव रहने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

गंदगी से परेशान वार्ड के निवासी नरेंद्र यादव ने बताया कि नाली में गंदा पानी लगातार जमा रहता है। जब थोड़ा-सा पानी बढ़ जाता है तो सीधे घर में घुस आता है। गंदे पानी से उड़ने वाली बदबू और मच्छरों की समस्या इतनी बढ़ गई है कि बच्चों को बाहर निकलने भी नहीं देते हैं। गंदगी के चलते डेंगू और बुखार के संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

संतोष यादव।

नरेंद्र यादव।

सुशीला देवी।

वहीं सुशीला देवी ने बताया कि नाली की सही से सफाई न होने और पानी के निकास की व्यवस्था खराब होने के कारण मोहल्ले की महिलाओं को घर के बाहर चलना तक मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों में बुखार और त्वचा संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं। इसके साथ-साथ मोहल्ले में लगे नलों की स्थिति भी खराब है। नल जमीन से काफी नीचे लगाए गए हैं, जिससे पानी भरना लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। कई महिलाएं झुककर पानी भरने के कारण कमर दर्द और चोट की शिकायत कर रही हैं।

वार्ड के निवासी संतोष यादव ने बताया कि नाली का लेवल गलत बना होने के कारण उसका गंदा पानी घरों की ओर लौट आता है। साथ ही सड़कों पर लगे नल इतने नीचे लगाए गए हैं कि डिब्बा या बाल्टी सीधा रख ही नहीं सकते। पानी भरते समय कई बार बाल्टी पलट जाती है। उधर वार्ड साफ-सफाई सिर्फ दिखाने के लिए होती है। जबकि हकीकत यह है कि लापरवाही के चलते चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है, जिससे हमेशा संक्रमण का खतरा बना रहता है।

मोहल्ले के घर के सामने गंदगी से बजबजाती नाली। अमृत विचार

वार्ड के निवासियों ने नगर पंचायत से नाली की सफाई, चौड़ीकरण, जल निकासी की व्यवस्था और नीचे लगे नलों को सही ऊंचाई पर दोबारा लगाने की मांग की है। आक्रोशित लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि वार्ड की समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वार्ड के निवासी सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्या उठाएंगे।

वहीं वार्ड की समस्या को लेकर जब अमेठी ईओ शैलेंद्र मिश्रा को कई बार फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझे।

मां कामाख्या धाम में 5100 दीप जलाकर मनाया गया दीपोत्सव

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी)

आस्था

अमृत विचार। क्षेत्र के उत्तरी दिशा में आदि गंगा गोमती नदी के तट पर स्थित प्राचीन मां कामाख्या धाम पन्हीं मंदिर में शनिवार को द्वितीय दीपोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के बीच संपन्न हुआ। मान्यता है मां कामाख्या की पूजा अर्चना करने एवं दीपक जलाने से भक्तों को सभी मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। पूरे मंदिर परिसर में 51 सौ दीप प्रज्वलित किए गए, जिनकी जगमगाहट से धाम अलौकिक आभा से भर उठा। देर शाम तक चलने वाले दीपोत्सव में भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का क्रम निरंतर जारी रहा।

शुकुल बाज़ार विकास समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र विजय सिंह प्रकाश द्वारा आयोजित इस दीपोत्सव को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों ने ग्राम प्रधान और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तैयारी की थी। दीप प्रज्ज्वलन के दौरान बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने मां कामाख्या के समक्ष क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। बताया जाता है कि अज्ञात वास के दौरान पाण्डवों द्वारा मां कामाख्या देवी की आराधना की गयी थी। देवी मंदिर की दीवारें लाखौरी ईंटो से निर्मित हैं। मान्यता है कि माता जी के मन्दिर में दीपक जलाने व दर्शन करने से लोगों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। आयोजकों ने बताया कि दीपोत्सव का उद्देश्य धाम की आध्यात्मिक महत्ता को पुनर्जीवित करना और अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को जोड़ना है। स्थानीय लोगों ने ऐसे आयोजनों को क्षेत्रीय सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने वाला बताया। आयोजन में जितेंद्र विजय सिंह,ग्राम प्रधान जय सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अविनाश प्रताप सिंह, सर्वेश सिंह, राम संदीप शुक्ला, अभय राजा बाबू, रमेश तिवारी राम जीत पाल महेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मां कामाख्या धाम पन्हीं में दीपक जलाते श्रद्धालु। अमृत विचार

छात्रों ने सीखे अनुशासन और आत्मनिर्भरता के गुर

जगदीशपुर (अमेठी)। एएच इंटर कॉलेज परिसर में स्काउट गाइड शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिविर के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और सेवा भाव से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर में प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा, तंबू निर्माण, गांठें बंधन तकनीक, स्ट्रेचर बनाना तथा कंपास के उपयोग जैसी महत्वपूर्ण स्काउटिंग कौशल सिखाए गए। छात्र-छात्राओं ने टेंट निर्माण, महापुरुषों के नाम पर कैंप लगाना, बिना बर्तनों के भोजन बनाने में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यहां प्रधानाध्यापक मान सिंह राठौर, संजय सिंह निदेशक सीटेड, डॉ.राजकुमार सिंह, विजयभान सिंह, राज भवन सिंह, प्रशिक्षक शशांक यादव, मो. शकील आदि रहे।

प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण संपन्न

संवाददाता, जगदीशपुर (अमेठी)

अमृत विचार। औद्योगिक क्षेत्र स्थित कठौरा कृषि विज्ञान केंद्र में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि सखियों और सीआरपी को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों से जोड़ना तथा उन्हें गांव-स्तर पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सक्षम बनाना था। समापन सत्र में केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रेनू सिंह, वैज्ञानिक डॉ. ओ.पी. सिंह और डॉ. देवेश पाठक ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने बताया कि बढ़ती लागत, मिट्टी की उर्वरता में गिरावट और रासायनिक खादों पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए प्राकृतिक खेती किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी विकल्प बनकर उभर रही है। प्रशिक्षण के दौरान जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, देशी गाय आधारित इनपुट, मल्चिंग, पोषक तत्व प्रबंधन, जैविक कीट नियंत्रण एवं मिट्टी स्वास्थ्य संरक्षण पर व्यवहारिक और तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। सभी जैविक पदार्थों के निर्माण की विधि प्रशिक्षणार्थियों को लाइव डेमो के माध्यम से समझाई गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग से देवमणि त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती प्रोत्साहन योजनाओं, आर्थिक सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और किसानोन्मुख कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि कृषि सखियां गांवों में किसानों तक नई तकनीक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं, इसलिए प्राकृतिक खेती को व्यापक स्तर पर अपनाने में उनकी सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र प्राप्त करतीं कृषि सखियां। अमृत विचार

आयोजन

पुलिस पर चोरी का मुकदमा दर्ज न करने का आरोप

अमेठी। तहसील क्षेत्र के खौपुर बुजुर्ग गांव में 30 नवंबर की शाम लाखों रुपये के आभूषण और नकदी की बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना की सूचना मिलने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। इसको लेकर परिवार ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब दौलतराम जायसवाल के घर की सदस्य कमला जायसवाल कुछ देर के लिए बाहर गई थीं। शाम करीब 6 बजे के आसपास जब वह लौटीं, तो देखा कि मुख्य दरवाजे से लेकर कमरों के ताले तक टूटे पड़े थे। घर के अंदर आलमारी और बक्सों को भी चोरों ने पूरी तरह खंगाल दिया था। दौलतराम के मुताबिक, चोर लाखों के सोने-चांदी के आभूषण और लगभग 6 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए।

जमीनी विवाद में चली कुल्हाड़ी, चार घायल

अमेठी, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के तुलापुर कोडरी गांव में शनिवार दोपहर जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक ही परिवार के संतराम, जयश्री, खुशबू और सालमी के बीच सात वर्ष पुराने समझौते के बावजूद खेत की मेड़ को लेकर तनाव लगातार बना हुआ था। शनिवार को संतराम खेत देखने पहुंचे, तभी परिवार के अन्य सदस्य भी वहां आ गए। पुरानी रंजिश के कारण शुरू हुई कहासुनी कुछ ही देर में धक्का-मुक्की में बदल गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान गुस्से में एक युवक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे चारों लोग घायल हो गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह कुल्हाड़ी छीनकर स्थिति को संभाला और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया, हालांकि संतराम की चोटें गंभीर बताई जा रही हैं। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि यह विवाद कई बार पंचायत व थाने तक पहुंच चुका है, लेकिन स्थायी समाधान न होने से स्थिति बार-बार बिगड़ जाती है। वहीं संतराम ने आरोप लगाया कि विवाद को लेकर उनकी शिकायतों पर पुलिस कोई भी कार्रवाई नहीं करती है। जिसके चलते आएदिन मारपीट की नौबत बन जाती है। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि पुलिस व राजस्व टीम ने मौके का निरीक्षण किया है और जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कैरियर गाइडेंस मेले में आकर्षण का केंद्र रहे बच्चों के स्टाल

बच्चों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन करते अतिथि।

शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार। पं. दीनदयाल उपाध्याय उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज पाराकला में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ओसाह के प्राचार्य सर्वेश कुमार तिवारी रहे। कैरियर गाइडेंस मेले में पंख पोर्टल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य शिवशंकर मौर्य ने कहा कि छात्र-छात्राएं अपनी अभिरुचि के अनुसार मेहनत लगन से लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कैरियर गाइडेंस मेले में छात्र-छात्राओं ने अपनी अभिरुचि के अनुसार फैशन डिजाइनर, इंजीनियर, होटल मैनेजमेंट, पुलिस, सिविल सर्विसेज, स्वास्थ्य विभाग आदि विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर अपनी रुचि प्रकट की। कैरियर काउंसलर एवं वक्ताओं ने स्टालों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं का उत्सवर्धन करते हुए मार्गदर्शन किया। यहां फाजिल अहमद, उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, रामजी जासवाल, डॉ .बीनू सिंह, दीप्ति कटियार, नूतन जोशी, प्रीति कुमारी, अर्चना मिश्रा रहीं

क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

महराजगंज (रायबरेली)। बाबा बबुरिहा मैदान में चल रहे महराजगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के छठवें दिन शनिवार को दो क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। पहला मैच तैमूर कुरैशी इलेवन महाराजगंज और तिलोई स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर तैमूर कुरैशी की टीम ने 10 ओवर में 131 रन बनाएं। ज़वाब में बल्लेबाजी करने उतरी तिलोई की टीम 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ़ द मैच आलोक द्वारा सर्वश्रेष्ठ 31 रन बनाए गए और तीन विकेट भी ली गई। आज का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच आकाश 11 महाराजगंज और समीर क्रिकेट क्लब महाराजगंज के बीच खेला गया। टॉस जीतकर समीर क्रिकेट क्लब टीम ने बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और आठ ओवर में 137 रन का विशाल लक्ष्य दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आकाश इलेवन की टीम 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिससे समीर क्रिकेट क्लब की टीम ने 57 रनों से मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच शकील रहे। जिन्होंने 11 गेंद पर 34 रन बनाए और तीन महत्वपूर्ण विकेट भी लिए। अर्पित पंडित, राजवीर सिंह, ऋषभ वर्मा, वाहिद अली, अर्पित वर्मा, अंश, समीर मौजूद रहे।

पूर्व प्रधान की स्मृति में बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

प्रतियोगिता का शुभारंभ करते जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह।

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। परशदेपुर के एनएच पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधान स्व. दिलीप सिंह की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय चतुर्थ कारगिल शहीद मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम दिन विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युगल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, एकल प्रतियोगिता का समाजसेवी अंजनी कुमार सिंह और वेटरन प्रतियोगिता का पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अर्जुन पासी ने किया।

प्रतियोगिता में हरियाणा, आजमगढ़, गोरखपुर, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज, फतेहपुर, अमेठी, जगदीशपुर, सलोन, निनावां, लालगंज आदि स्थानों से आए खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ। युगल मुकाबले में रायबरेली के अमित और प्रियांक ने अमेठी के कुलदीप और रजत को, कुंडा के संजीत और राहुल ने जगदीशपुर के आकाश और अशफाक को, प्रयागराज के ऋषभ और शुभम ने रायबरेली के हिमांग और अक्षत को, अमेठी के शिवेंद्र और आलोक ने प्रयागराज के प्रणव और शिवम को हरा दिया। इस मौके पर दीपू सिंह, शम्सी रिजवी, जैद हारिश, अब्दुल बारी खान, ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू, संतोष पांडेय, सुशील सिंह, अभय सिंह, कमलचंद्र वैश्य, मो. इस्लाम, मो. हाशिम, अमीन आढ़ती, राशिद आदि मौजूद रहे।

सिटी डायरी

कलश यात्रा के स्वागत अवसर पर बोलते जिला प्रचारक अजीत व मौजूद अन्य।

निकाली गई कलश यात्रा का हुआ स्वागत

लालगंज, (रायबरेली)। गायत्री परिवार द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर निकाली गई कलश यात्रा लालगंज नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पहुंची, जहां जिला प्रचारक अजीत के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। गायत्री परिवार की प्रमुख प्रेमा सिंह चौहान, जिला प्रचारक अजीत ने कलश यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर शीतला गुप्ता, हीरालाल बाजपेई, भुजंग भूषण शर्मा, सत्येंद्र सिंह, अश्विनी वाजपेई, कृष्णा सिंह, रेनू दीक्षित, गायत्री, राजश्री, आशा सिंह, पुष्पा गुप्ता, पूनम, पुष्पम, सुशील शुक्ला,अविनाश, उपेंद्र, राजेश सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

बीएलओ को चेक देते एसडीएम गौतम सिंह व मौजूद अन्य।

बीएलओ मीना सम्मानित

महराजगंज (रायबरेली)। नगर पंचायत के बूथ संख्या 260 की बीएलओ मीना सोनकर को शत-प्रतिशत एसआईआर सत्यापन कार्य पूरा करने पर सम्मानित किया गया है। शनिवार को नगर पंचायत सभागार में उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र और तीन हजार रुपये की चेक देकर सम्मानित किया। मीना सोनकर ने निर्धारित समय से पहले ही 1099 मतदाताओं का एसआईआर सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया। एसडीएम गौतम सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के कुल छह बूथों में से बूथ संख्या 260 का कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो गया है। शेष पांच अन्य बूथों पर भी 90% एसआईआर का काम हो चुका है और अगले एक-दो दिन में कार्य पूर्ण हो जाएगा। इस दौरान ईओ रामाशीष वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, संतोष पटेल, रामचंद्र और जमुना प्रसाद मौजूद रहे।

बीमारी से ग्रसित पशु का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।

खुरपका-मुंहपका का प्रकोप तेज

जगदीशपुर (अमेठी)। क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनों गांवों में खुरपका और मुंहपका (एफएमडी) रोग तेजी से फैल रहा है, जिससे पशुपालकों में भारी चिंता व्याप्त है। बीमारी की चपेट में आए पशुओं के मुंह और पैरों पर गंभीर घाव बन रहे हैं, जिसके कारण वे चारा-पानी तक नहीं खा पा रहे। वलीपुर गांव के पशुपालक चंद्रपाल, रमापति मौर्य, पूरे राघव पंडित निवासी राजबहादुर यादव, जयबीर यादव, हसवासुरवन गांव के पशुपालक, तथा पूरे इच्छा अहीर के वासुदेव यादव और विनोद यादव सहित कई लोगों के पशु खुरपका-मुंहपका से पीड़ित बताए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में अविलंब पशु-चिकित्सा शिविर लगाए जाएं।

आयोजन

समाज में समानता, शिक्षा एवं न्याय की स्थापना में डॉ. आंबेडकर के अतुलनीय योगदान के बारे में बच्चों को दी जानकारी

स्कूली बच्चों ने बाबा साहेब को अर्पित किए श्रद्धासुमन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। यहां पर बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष, विचारधारा और समाज में समानता, शिक्षा एवं न्याय की स्थापना में उनके अतुलनीय योगदान के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से डॉ. अम्बेडकर द्वारा बताए गए मार्गों " शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो " को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, अजयराज सिंह, गिरीश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते बच्चे। अमृत विचार

डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन करते लोग। अमृत विचार

भारतीय संविधान के निर्माण में अंबेडकर ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका, लालगंज: लालगंज नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रचारक अजीत ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर एक महान नेता, समाज सुधारक और विचारक थे। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज में व्याप्त अमानवीय कुप्रथाओं के खिलाफ संघर्ष किया। अंबेडकर के विचार हमें एक समृद्ध और समावेशी समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में नगर प्रचारक पुष्पम शीतला गुप्ता, सुशील शुक्ला,अविनाश, राजेश सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. रमेश।

नर्सिंग कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन का हुआ समापन

अमेठी, अमृत विचार। इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुंशीगंज में चल रहे तीन दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग महासम्मेलन का समापन हो गया। महासम्मेलन में देश-विदेश से आए नर्सिंग विशेषज्ञों ने संस्थान के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा और अनुशासन की जमकर सराहना की। सम्मेलन में उपस्थित विशेषज्ञों ने नर्सिंग के छात्र-छात्राओं की पोस्टर, पेंटिंग और स्टॉल की बारीकी से जांच की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राएं केवल प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देशभर में नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्य वक्ता डॉ. एलिज़ाबेथ डी. आरोन (मेथोडिस्ट रिचर्डसन मेडिकल सेंटर, यूएसए), डॉ. जस्टिन ओलिवर (किंग सऊद मेडिकल सिटी, रियाद), डॉ. शैला सेल्वरानी (किंग अब्दुल अजीजी यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल, रियाद) सम्मेलन के सफल आयोजन पर प्राचार्य डॉ. रमेश सनमुगम और उप प्राचार्या डॉ. गोमती एम ने प्रकाश डाला।

तस्बीह फिरी पर दिल न फिरेया
लैना की तस्बीह हाथ फेर के

बाबा बुल्लेशाह कहते हैं, तुम तस्बीह यानी माला के इर्द-गिर्द गए, लेकिन अपने दिल में कभी नहीं गए। जपने वाली तस्बीह को हाथ में रखकर फिर तुम्हें क्या हासिल हुआ।

बाबा साहब आंबेडकर और आर्य आक्रमण का झूठ

संप्रति राष्ट्र डॉ. आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मना रहा है। उनके विचार और दर्शन पर तमाम आयोजन हो रहे हैं। डॉ. बीआर आंबेडकर वास्तव में भारत रत्न हैं। प्रख्यात् मनीषी, संविधान सर्जक व श्रद्धेय राष्ट्रनिर्माता। वे अद्वितीय थे, प्रेरक थे और अजर-अमर थे। उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन में हस्तक्षेप किया। उनके विचार आधुनिक राजनीति को भी लगातार प्रभावित कर रहे हैं। वे अपने जीवनकाल से ज्यादा आधुनिक काल में भी प्रभावी हैं। वर्तमान जैसे विद्यमान श्रीमान हैं। प्रखर राष्ट्रवादी हैं। डॉ. आंबेडकर अपने समकालीन विद्वानों, राजनेताओं के मध्य श्रेष्ठ बुद्धिजीवी थे। राष्ट्रनिष्ठ और बहुपठित थे।

> डॉ. आंबेडकर ने रंग (वर्ण) भेद के आधार पर आर्यों और शूद्रों को अलग बताने वाली स्थापना को भी गलत बताया। उन्होंने ऋग्वेद के तमाम उद्धरण दिए और लिखा, 'आर्य गौर वर्ण के थे और श्याम वर्ण के भी थे। अश्विनी देवों ने श्याव और रूक्षती का विवाह करवाया। श्याव श्याम वर्ण है, रूक्षती गौर वर्ण है।' डॉ. आंबेडकर की स्थापना है, 'इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि वैदिक आर्यों में रंगभेद की भावना नहीं थी। ऋग्वेद के एक ऋषि दीर्घ तमस् हैं, वे श्याम वर्ण के और कण्व भी श्याम वर्ण के थे।'

वे भारतीय समाज संरचना के तर्कनिष्ठ आलोचक थे। उन्होंने ऋग्वेद सहित संपूर्ण प्राचीन भारतीय वांगमय पढ़ा। उपनिषद पुराण और स्मृति ग्रंथ भी उनके प्रिय विषय रहे। उन्होंने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागिरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया।

राजनीति ने 'जाति और शूद्र' को भारतीय इतिहास का प्राचीन तत्व बनाया है। ब्रिटिश विद्वान व जातिवादी राजनीति का एक बड़ा धड़ा आर्यों को विदेशी हमलावर और शूद्रों को पराजित नस्ल बताता रहा है। डॉ. आंबेडकर ने लिखा, 'यह धारणा गलत है कि आर्य आक्रमणकारियों ने शूद्रों को जीता। पहली बात तो यह कि आर्य भारत में बाहर से आए थे और उन्होंने यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया, इस कहानी के समर्थन के लिए कोई भी प्रमाण नहीं है। भारत ही आर्यों का मूल निवास स्थान था, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण-सामग्री काफी बड़े परिमाण में हैं। आर्यों और दस्युओं में युद्ध हुआ, यह साबित करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। फिर दस्युओं का शूद्रों से कुछ लेना-देना नहीं है।' (डॉ. बाबा साहब आंबेडकर राइटिंग्स एंड स्पीचेज खंड 7 पृष्ठ 420) आर्यों को विदेशी मानने का झूठ अभी भी जारी है।

डॉ. आंबेडकर की पुस्तक 'हू वेयर शूद्राज' (शूद्र कौन थे?) (1946) पठनीय है। उन्होंने एक विद्वान अधिवक्ता की तरह पहले पाश्चात्य विद्वानों के विचार दिए हैं। उन स्थापनाओं को तर्क सहित गलत बताया है। उन्होंने ऐसे विद्वानों की 7 मुख्य स्थापनाएं बनाईं- 1. जिन लोगों ने वैदिक साहित्य रचा था, वे आर्य नस्ल के थे। 2. आर्य नस्ल बाहर से आई थी और उसने भारत पर आक्रमण किया था। 3. भारत के निवासी दास और दस्यु रूप में जाने जाते थे और ये आर्यों से नस्ल के विचार से भिन्न थे। 4. आर्य श्वेत नस्ल के थे, दास और दस्यु काली नस्ल के थे। 5. आर्यों ने दासों और दस्युओं पर विजय प्राप्त की। 6. दास और दस्यु विजित होने के बाद दास बना लिए गए और शूद्र कहलाए। 7. आर्यों में रंगभेद की भावना थी, इसलिए उन्होंने चातुर्वर्ण्य का निर्माण किया।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

इसके द्वारा उन्होंने श्वेत नस्ल को काली नस्ल से, यथा दासों और दस्युओं से अलग किया। (वहीं, खंड 7, पृष्ठ 65) इसके बाद सातों विचार बिंदुओं की सभी स्थापनाओं को गलत बताया। ऋग्वेद के उद्धरण दिए और लिखा 'इन (शब्दों) के प्रयोग देखने से निष्कर्ष यह निकलता है कि ये शब्द नस्ल के अर्थ में कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुए' (वही पृष्ठ 70) वे आर्यों को विदेशी बताने का तर्क काटते हैं, 'जहां तक वैदिक साहित्य का संबंध है, वह इस सिद्धांत के प्रतिकूल है कि आर्यों का मूल निवास भारत से कहीं बाहर था।' (वही) आर्य विदेशी होते तो भारतीय नदियों को माता कहकर प्रणाम न करते। आर्य हम सबके पूर्वज थे। डॉ. आंबेडकर ने रंग (वर्ण) भेद के आधार पर आर्यों और शूद्रों को अलग बताने वाली स्थापना को भी गलत बताया। उन्होंने ऋग्वेद के तमाम उद्धरण दिए और लिखा, 'आर्य गौर वर्ण के थे और श्याम वर्ण के भी थे। अश्विनी देवों ने श्याव और रूक्षती का विवाह करवाया। श्याव श्याम वर्ण है, रूक्षती गौर वर्ण है।' डॉ. आंबेडकर की स्थापना है, 'इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि वैदिक आर्यों में रंगभेद की भावना नहीं थी। ऋग्वेद के एक ऋषि दीर्घ तमस् हैं, वे श्याम वर्ण के और कण्व भी श्याम वर्ण के थे।' आर्यों के दोनों अवतारी पुरुष श्रीराम और श्रीकृष्ण सांवले थे। महाभारत के प्रतिष्ठित योद्धा अर्जुन भी श्याम रंग के थे। समूचा आर्य समाज एक था। हिंदू प्राचीन आर्य समाज की संज्ञा है।

डॉ. आंबेडकर ने लिखा, 'हिंदुओं से अछूतों को अलग करने की मांग पर मुसलमानों ने जोर दिया था। 27 जनवरी 1910 को उन्होंने सरकार के सामने एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उनका दावा था कि देश की राजनीतिक संस्थाओं में उनके प्रतिनिधित्व का अनुपात सभी हिंदुओं की संख्या के अनुसार निश्चित न किया जाना चाहिए, वरन् सवर्ण हिंदुओं की संख्या के अनुरूप ही निश्चित होना चाहिए। उनका कहना था कि अछूत हिंदू नहीं हैं।' (बाबा साहब राइटिंग्स एंड स्पीचेस, खंड 5 पृष्ठ 7) लिखा, '1909 में मुसलमानों की ओर से आगा खां ने वायसराय मिंटो के सामने आवेदन पेश किया था- राजनीतिक संस्थाओं और सार्वजनिक सेवाओं में मुसलमानों को पृथक् और पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। 1901 में जो मर्दुमशुमारी हुई थी, उसमें मुसलमान कुल आबादी का चौथाई या पांचवां हिस्सा थे। यदि हिंदू समुदाय से अस्पर्श्य अंगों को निकाल दिया जाए, जो प्रकृति पूजक हैं या छोटे-मोटे धर्म मानने वालें हैं, वे निकाल दिए जाएं, तो बहुसंख्यक हिंदुओं के मुकाबले मुसलमानों की संख्या का अनुपात पहले से बढ़ जाता है।' (खंड 7, पृष्ठ 311-12)

ऋग्वेद में कहीं भी चार वर्ण नहीं है। शब्द ब्राह्मण का भी वर्ण के अर्थ में प्रयोग नहीं हुआ। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा (भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेष, पृष्ठ 53) है, 'ऋग्वेद में ब्रह्मन् शब्द बहुत बार आया है। इसका अर्थ ब्राह्मण वर्ण नहीं है। ब्रह्मन् की तरह अनेक बार ब्रह्मा का भी प्रयोग हुआ है। इसका मूल अर्थ प्रषस्तिपरक काव्य है। कवि इंद्र से कहता है, हम तेरे लिए अभूतपूर्व स्तोत्र कहते हैं। (8.90.3) ब्रह्मन् की तरह ब्रह्मा भी कवि, गायक, स्तोता हैं। वशिष्ठ इसी अर्थ में ब्रह्मन् हैं। (8.90.3) इंद्र वशिष्ठ से कहते हैं- हे वशिष्ठ, ब्राह्मन्, तू उर्वषी के मन से उत्पन्न हुआ है। (7.33.11) इन तमाम संदर्भों में स्तुति और स्तोत्र की चर्चा है। ब्राह्मणाम् का अर्थ ब्राह्मण जाति या वर्ण नहीं, कवि, ब्रह्मकार गायक है।'

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था है। डॉ. आंबेडकर ने लिखा, 'भारत एक भौगोलिक इकाई है। इस इकाई का निर्माण प्रकृति ने किया है। यह सही है कि भारतवासी आपस में झगड़ते रहते हैं, परंतु इन झगड़ों से उस एकता का नाश नहीं हो सकता, जो प्रकृति के समान ही सनातन है। भौगोलिक एकता के साथ ही यहां सांस्कृतिक एकता भी है।' डॉ. आंबेडकर के निष्कर्ष रोमांचकारी हैं। भारत प्रकृति निर्मित राष्ट्र है। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता प्रकृति के समान सनातन है। संविधान निर्माण के आखिरी दिन (25.11.1949) उन्होंने भावुक भाषण दिया। अंत में कहा, 'यहां मैं अपना भाषण खत्म कर देता, किंतु मेरा मस्तिष्क देश की भविष्य चिंता से परिपूर्ण है। क्या भारत अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने में कामयाब होगा? जाति और मत-मतांतर राजनीतिक पक्ष बन रहे हैं। क्या भारतीय मत-मतांतरों को राष्ट्र से श्रेष्ठ मानेंगे या राष्ट्र के मत मतांतरों से ऊपर?' डॉ. आंबेडकर की आस्था का केंद्र राष्ट्र था। हम सबको अपने भारत रत्न पर गर्व है।

सत्ता, सियासत व सनातन

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का एक ऐसा प्रखर चेहरा बन चुके हैं कि अब इनका कोई विकल्प नजर नहीं आता। यूपी के मुख्यमंत्री के प्रशंसकों की धारणा है कि योगी जैसा कोई नहीं। यदि पूरे देश की सत्ता और सियासत भी धार्मिक, आध्यात्मिक और सनातन रंग में रंग जाए पर हिंदुत्व का सबसे बड़ा चेहरा योगी आदित्यनाथ ही बने रहेंगे। पवित्र भगवा का ओज, प्रताप, वैभव और सम्मान योगी ने इतना बढ़ा दिया है कि साधुओं और भगवाधारियों के कदम सत्ता और सियासत को फलने-फूलने का मार्ग प्रशस्त करने लगे हैं। यूपी के अगले भाजपा अध्यक्ष की दस्तक यही बता रही है।

यदि किसी राज्य का मुख्यमंत्री एक योगी हो और पार्टी अध्यक्ष साधु तब समझ लीजिए कि सनातन के बिना न अब सत्ता चल सकती है और न ही सियासत, क्योंकि लोकतंत्र नंबर गेम पर आधारित है और कौन बहुसंख्यक नहीं चाहेगा कि सांस्कृतिक विकास की धारा, राष्ट्रवादी फिजाएं, श्रीराम की भक्ति और भगवा के साए में उसका देश, समाज, परिवार और जीवन खुशहाल रहे!

नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

धर्म और आध्यात्म की दुनिया में भी कुछ लाइंस पंचलाइन बन जाती हैं। जैसे- 'सबका मालिक एक है'। इसी तरह अब हिंदुत्व की रक्षा-सुरक्षा और सम्मान के पैरोकारों को लगने लगा है कि देश-दुनिया में हिंदुत्व का चेहरा तो सिर्फ एक ही है। वो चेहरा है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का। देश भर में योगी का विकल्प कोई नहीं। हां, ये जरूर है कि अब धर्म से लेकर सत्ता और सियासत में भगवा के भाव बढ़ रहे हैं, सम्मान और स्वीकृति भी खूब बढ़ने लगी है।

यदि साध्वी निरंजन ज्योति को भाजपा उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाती है, तो इसके निहितार्थ यही हैं कि आने वाले समय में पार्टी अपने पुराने हिंदुत्व के एजेंडे को नई धार देने जा रही है। 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा के एजेंडे के रथ का इंजन भले ही विकास हो, पर सनातनियों की रक्षा-सुरक्षा और हिंदुत्व के सम्मान के पहियों से इस रथ को दौड़ाया जाएगा। अखिलेश यादव के पीडीए वर्सेज योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व की लड़ाई नजर आने लगी है। सनातनियों की रक्षा-सुरक्षा के लिए यूपी से घुसपैठियों को खदेड़ने का सिलसिला तेज हो या एक साध्वी को सम्मान मिले, ये सारे संकेत बता रहे हैं और भाजपा की रणनीति भी साफ दिख रही है।

> किसी राज्य का मुख्यमंत्री एक योगी हो और पार्टी अध्यक्ष साधु, तब समझ लीजिए कि सनातन के बिना न अब सत्ता चल सकती है और न सियासत। कौन बहुसंख्यक नहीं चाहेगा कि भगवा के साए में उसका देश, समाज, परिवार और जीवन खुशहाल रहे!

कभी सवर्णों की पार्टी कहे जाने वाली भाजपा को सफलता के शीर्ष पर पहुंचाने वालों में दलितों और पिछड़ी जातियों के आलावा महिला वर्ग का भी बड़ा श्रेय जाता है। पिछड़ों और महिलाओं के इस विश्वास को आगे जारी रखने और 2027 का यूपी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए ही भाजपा ने एक तीर से तीन निशाने लगाए हैं। साध्वी निरंजन ज्योति को प्रदेश अध्यक्ष पद ना सिर्फ हिंदुत्व की धार मजबूत करेगा, बल्कि पिछड़ो को साधने और महिला सम्मान का प्रदर्शन करने में भी भाजपा राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद इन चर्चाओं को बल मिल गया कि भाजपा के यूपी अध्यक्ष का इंतजार अब खत्म हो गया। वह यूपी की फतेहपुर से पूर्व सांसद और मंत्री रही हैं। निषाद-जाति परिवार की साध्वी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने के राजनीतिक निहितार्थ को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है।

धर्म शब्द के हैं व्यापक अर्थ

पाणिनि कृत संस्कृत व्याकरण के अनुसार धृ धारणे धातु में मन् प्रत्यय के योग से धर्म शब्द की सिद्धि होती है, जिसका अर्थ है संभालना, संरक्षित करना, स्थिर बनाए रखना आदि। धारयति इति धर्मः जो धारण करे वही धर्म है। 'धर्म' शब्द भारतीय चिंतन का अत्यंत गहन और बहुआयामी तत्व है। यह केवल किसी विशेष पूजा-पद्धति, संप्रदाय या परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानव जीवन, समाज और विश्व-व्यवस्था को धारण करने वाला मूल तत्त्व है। इस प्रकार धर्म वह शक्ति है जो जीवन, समाज और सृष्टि के संतुलन को बनाए रखे।

जीवन, समाज, राष्ट्र, विश्व के कल्याण के लिए आचरणीय धारणीय कर्म भाव ही धर्म है। इस दृष्टि से धर्म किसी विशेष अनुष्ठान, पूजापाठ पद्धति का नाम नहीं बल्कि वह सिद्धांत है, जो व्यक्ति एवं समाज में व्यवस्था और स्थिरता प्रदान करे और परस्पर मानवों में मैत्री, करुणा, दया, प्रेम, सत्य, अहिंसा, क्षमा, न्याय, संयम, सहानुभूति आदि जो समाज को स्थिर रखते हैं। जिस प्रकार अग्नि का ताप, जल की शीतलता, वृक्ष का फल देना- यह सब उनका स्वाभाविक धर्म है, उसी प्रकार सत्य, करुणा, अहिंसा, न्याय, प्रेम, सदाचरण और कर्तव्य पालन मनुष्य का धर्म है। इन गुणों से हीन व्यक्ति मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, चर्च आदि में जाकर या किसी पूजा अनुष्ठानादि कार्यक्रम को आचरित करते हुए स्वयं को धार्मिक कहे, तो यह धर्म शब्द की व्यापक व्याख्या के प्रतिकूल ही है।भारतीय मीमांसा परंपरा धर्म को इस प्रकार परिभाषित करती है-'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससाधनं सः धर्मः'

डॉ. हेमंत कुमार जोशी
लेखक, नैनीताल

अर्थात् धर्म वह है जो लोककल्याण और आत्मकल्याण दोनों का साधन बने।

धर्म सामाजिक जीवन को दिशा देने वाले नैतिक सिद्धांतों का समुच्चय है। सत्य, अहिंसा, दया, संयम, सहिष्णुता, सत्यनिष्ठता, परस्पर सम्मान, समरसता और न्याय ये सभी धर्म के अभिन्न अंग हैं। समाज के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक आचार-विचार और व्यवहार धर्म के अंतर्गत आते हैं। यदि समाज में धर्म के मूल्य समाप्त हो जाएं तो अराजकता, हिंसा, अन्याय और अव्यवस्थाएं पैदा हो जाती हैं।

धर्म व्यक्ति के नैतिक आचरण का मार्गदर्शन भी करता है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए उसके स्वभाव, कर्तव्य, स्थिति और उत्तरदायित्व के अनुरूप एक विशिष्ट 'स्वधर्म' होता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् कृष्ण ने स्पष्ट कहा है कि अपने स्वभावानुकूल कर्तव्य का पालन करना ही धर्म का सर्वोच्च रूप है। धर्म का वास्तविक पालन बाह्य प्रदर्शन से नहीं होता, अपितु आंतरिक निष्ठा, पवित्रता, सत्यनिष्ठता और सच्चरित्र से होता है तथा अपने मूल कर्तव्य कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण एवं श्रद्धा से परिलक्षित होता है। कर्तव्यविमुखता के बढ़ते प्रभाव से आज के समय में सोशल मीडिया के माध्यम से ऊंचे-ऊंचे धार्मिक जयघोषों के दिखावे से तो अपने संप्रदाय विशेष को धर्म मानते हुए दूसरे संप्रदाय विशेष को कमतर दिखाना सिद्ध भी प्रतीत होता है। धर्म केवल नैतिकता या सामाजिक आचार तक सीमित नहीं है। यह मानव जीवन में आध्यात्मिक उन्नति का भी आधार है। धर्म मनुष्य को आत्मनियंत्रण, सत्य-जिज्ञासा और आत्मकल्याण की ओर प्रेरित करता है।

लोकतांत्रिक परंपरा या राजनीतिक असुरक्षा!

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिन के भारत दौरे पर थे। यूक्रेन युद्ध के बाद उनकी भारत की पहली यात्रा है। इस महत्वपूर्ण राजनयिक दौरे से ठीक पहले एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया, जो भारतीय लोकतंत्र की बुनियादी परंपराओं पर सवाल उठाता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विदेशी नेताओं को विपक्षी नेताओं से मिलने की इजाजत नहीं देती। यह महज एक राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप नहीं है, बल्कि यह सवाल उठाता है कि क्या भारत में लोकतांत्रिक परंपराएं कमजोर हो रही हैं और क्या विपक्ष को राष्ट्र का प्रतिनिधि माना जा रहा है या नहीं।

> पुतिन के दौरे पर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जो भारतीय लोकतंत्र की बुनियादी परंपराओं पर सवाल उठाता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार विदेशी नेताओं को विपक्षी नेताओं से मिलने की इजाजत नहीं देती।

राहुल गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारत में लंबे समय से यह परंपरा रही है कि जब भी कोई विदेशी राष्ट्राध्यक्ष या प्रधानमंत्री भारत आते हैं, तो वे विपक्ष के नेता से भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यह परंपरा अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में भी कायम थी। राहुल का सीधा आरोप है कि वर्तमान सरकार अपनी राजनीतिक असुरक्षा के कारण इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक परंपरा को तोड़ रही है। उन्होंने दावा किया कि जब विदेशी गणमान्य व्यक्ति भारत आते हैं या जब वे खुद विदेश जाते हैं, तो सरकार उन्हें सलाह देती है कि नेता प्रतिपक्ष से नहीं मिलना चाहिए। यह आरोप किसी एक घटना तक सीमित नहीं है, बल्कि विपक्ष का कहना है कि यह एक नियमित नीति का हिस्सा बन गया है।



जयदेव राठी एडवोकेट
टिप्पणीकार

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी इस मुद्दे पर अपनी आवाज उठाई और कहा कि यह एक स्थापित प्रोटोकॉल है कि विदेशी गणमान्य व्यक्ति नेता प्रतिपक्ष से मिलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार की सभी नीतियां इस सिद्धांत पर आधारित हैं कि वे सब कुछ नियंत्रित करना चाहते हैं और दूसरी आवाजों को सुनना नहीं चाहते। प्रियंका ने कहा कि लोकतंत्र में विविधता और बहुलवाद की जगह होनी चाहिए, न कि एक ही स्वर का प्रभुत्व।

दूसरी ओर, सरकार और सत्तापक्ष ने इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि किसी भी विदेशी यात्रा के दौरान विदेश मंत्रालय आने वाले गणमान्य व्यक्ति के लिए सरकारी अधिकारियों और सरकारी निकायों के साथ बैठकों की व्यवस्था करता है। यह उनका काम है और यह नियमित प्रोटोकॉल के अनुसार होता है। पूर्व विदेश सचिव और राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा कि विदेशी नेता बहुत तंग समय-सारणी पर काम करते हैं। उनके पास सीमित समय होता है और उन्हें कई महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होना पड़ता है।

श्रृंगला ने यह भी स्पष्ट किया कि नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात को अनिवार्य बनाने वाला कोई लिखित प्रोटोकॉल नहीं है। यह पूरी तरह से अतिथि के समय, पसंद और प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने राहुल गांधी के बयान को अनुचित और गलत बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान भारत को अच्छी रोशनी में प्रस्तुत नहीं करते और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को अधिक जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए।

अब सवाल यह है कि सच्चाई क्या है? भारतीय लोकतंत्र में विदेशी नेताओं से विपक्षी नेताओं की मुलाकात की परंपरा वास्तव में काफी पुरानी है। यह कोई संवैधानिक या कानूनी बाध्यता नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मर्यादा और संसदीय शिष्टाचार से उपजी एक परंपरा है। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल में राजग सरकार ने कई मौकों पर विपक्षी नेताओं को विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से मिलने की व्यवस्था की थी।

यह उस दौर की संसदीय गरिमा और राजनीतिक परिपक्वता का प्रतीक माना जाता था। वाजपेयी खुद संसदीय परंपराओं के पक्के समर्थक थे और उन्होंने हमेशा विपक्ष का सम्मान किया। 2004 से 2014 के बीच मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में भी विपक्षी नेताओं को महत्वपूर्ण विदेशी दौरों में शामिल किया जाता था और उन्हें विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से मिलने का अवसर दिया जाता था। इसके पीछे सोच यह थी कि विदेश नीति सिर्फ सत्तापक्ष का विषय नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है जिस पर पूरे देश की सहमति होनी चाहिए। दुनिया के अधिकांश परिपक्व लोकतंत्रों में यह एक आम प्रथा है कि विदेशी राष्ट्राध्यक्ष न केवल सत्तापक्ष बल्कि विपक्षी नेताओं से भी मिलते हैं।

अपने मन को न बनने दें गलत काम करने का अभ्यस्त

ग्रीन सिग्नल मिलते ही रेल की पटरी पर ट्रेन चलने लगती है। तेज गति से चलती ट्रेन को जब कहीं रेड सिग्नल दिखाई पड़ता है तब ड्राइवर ट्रेन रोक देता है। वह समझ जाता है कि आगे कुछ दिक्कत है, इसलिए रेड सिग्नल दिया गया है। जब तक पुनः ग्रीन सिग्नल नहीं मिलता तब तक वह ट्रेन आगे नहीं बढ़ाता।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

मनुष्य का जीवन भी कुछ इसी तरह का होना चाहिए। यह कर्तव्य पथ पर ग्रीन सिग्नल मिलने पर आगे बढ़ता जाए, लेकिन रेड सिग्नल दिखाई पड़े तो उसे तब तक रुक जाना चाहिए जब तक पुनः ग्रीन सिग्नल न दिखने लगे। मानव जीवन का ग्रीन सिग्नल का मतलब सकारात्मक आचरण से है। जब मन में लगे कि वह सत्य तथा सदाचार पूर्वक काम कर रहा है, तो उसे करते रहना चाहिए, लेकिन मन के ड्राईवर को लगे कि कुछ गलत हो रहा है, तब उसे तत्काल ट्रेन की तरह तब तक रुक जाना चाहिए, जब तक फिर से सत् आचरण का भाव मन में न आ जाए।

मन एक ऐसा ड्राईवर है, जो गलत-सही के बारे में बताता रहता है। यह दीगर बात है कि मन के मना करने के बावजूद गलत काम करने में इंसान पीछे नहीं रहता। सच्चाई तो यह है कि गलत तरीके से काम करने में सुखद अनुभूति होती है। फिर मन गलत काम करने का अभ्यस्त हो जाता है। मन को दबाकर किए गए काम का पहला नतीजा तो यही होता है कि मन में डर समाने लगता है। लेकिन डर के बावजूद इंसान रेड सिग्नल की परवाह नहीं करता। लिहाज़ा किसी न किसी दिन गलत कामों के दुष्परिणाम सामने आने लगते है।

गलत काम करने वाले की सबसे पहले नींद गायब होती है। वह जब सोने चलता है तब दिन भर के कार्य मस्तिष्क में याद आने लगते है। ऐसा नहीं कि मन में घबराहट नहीं होती, लेकिन मन को मारकर गलत काम करने से जो सुविधा मिलती है, उससे सुखद अनुभूति मिलती है। फिर मन भी रोकना-टोकना बंद कर देता है। आदतों में गलत प्रवृत्तियां समा जाती हैं, लेकिन जिस किसी दिन गलत काम उजागर होते हैं और कानूनी झंझटों का सामना करना पड़ता है, तब पश्चाताप होता है। फिर खुद लगने लगता है कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। जब इंसान कानूनी कार्रवाई का शिकार होता है तो जल्दी कोई साथ नहीं देता है।

सोशल मीडिया के दौर में भरोसे की नई जंग

इंटरनेट ने सूचना की दुनिया का ताला लोगों के लिए खोल दिया है। कुछ दशक पहले तक किसी बीमारी को समझने, निवेश का फैसला करने, कानूनी सलाह लेने या बच्चे की पढ़ाई की दिशा तय करने के लिए विशेषज्ञ के पास जाना पड़ता था। आज वही जानकारी कुछ क्लिक की दूरी पर है। यह परिवर्तन जितना अद्भुत है, उतना ही जटिल भी, क्योंकि इसी आज़ादी ने ज्ञान के साथ-साथ भ्रम भी पैदा किया है। एक तरफ इंटरनेट ने सीखने, समझने और जानने की शक्ति को आम लोगों तक पहुंचाया, वहीं दूसरी तरफ उसने बिना योग्यता वाले 'डिजिटल गुरु' भी पैदा कर दिए हैं, जो लोकप्रियता और आत्मविश्वास के आधार पर ऐसी सलाह बांटते हैं, जिनका सीधा असर लोगों की सेहत, बचत, नौकरी और भविष्य पर पड़ सकता है। ठीक यहीं पर डिजिटल स्वतंत्रता और डिजिटल ज़िम्मेदारी के बीच संतुलन जरूरी हो जाता है।

डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर मथुरा

दुनिया इस समस्या को गंभीरता से समझने लगी है। चीन ने नियम लागू किया कि स्वास्थ्य, वित्त, कानून और शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सलाह सिर्फ प्रमाणित और अधिकृत विशेषज्ञ ही देंगे, जिनका अनुभव और शिक्षा उसी क्षेत्र में है। इसे नियंत्रण कहकर खारिज करना आसान है, लेकिन यह कदम इस सत्य की स्वीकारोक्ति भी है कि पूरी तरह अनियंत्रित अथवा स्वतंत्र इंटरनेट नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी नहीं बनता। यह चर्चा इसलिए और महत्वपूर्ण होती जा रही है, क्योंकि भारत तेज़ी से विकसित हो रहे डिजिटल राष्ट्रों में शामिल है।

इंटरनेट कनेक्टिविटी अब आधुनिक भारत की प्रगति की रीढ़ बन चुकी है। इसका पैमाना समझने के लिए आंकड़े काफी हैं। अप्रैल–जून 2025 के बीच देश में इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 1002.85 मिलियन को पार कर गई। यह सिर्फ तकनीकी विस्तार नहीं, बल्कि उस डिजिटल जीवन शैली का संकेत है, जो समाज के हर उम्र, हर वर्ग और हर पेशे में घुस चुकी है। TRAI के अनुसार 2024 में प्रति उपयोगकर्ता औसतन 31.4 GB डेटा प्रतिमाह खपत हुई। दुनिया में सबसे अधिक। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट इस तस्वीर को और स्पष्ट बनाती है। भारत में प्रति व्यक्ति मासिक डेटा खपत 32 GB है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे ज़्यादा है। इसका मतलब यह है कि भारत इंटरनेट का उपयोग करने वाला देश भर नहीं, बल्कि इंटरनेट पर जीने वाला देश बनने लगा है।

यहीं से संवेदनशीलता शुरू होती है, क्योंकि जब रोज़मर्रा के फैसले इंटरनेट के हवाले हो जाएं, तो गलत जानकारी के दुष्परिणाम सामान्य नहीं रहते। महामारी के दौरान घरेलू नुस्खों के नाम पर खतरनाक उपचार वायरल हुए, सोशल मीडिया आधारित निवेश सलाहों ने भी बड़ी तादाद में लोगों को भारी नुकसान पहुंचाया। 2021–24 के बीच 'फटाफट मुनाफ़ा' जैसी रणनीतियों और अविश्वसनीय स्टॉक टिप्स के कारण निवेशकों को हज़ारों करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। तमाम मामले ऐसे हैं, जहां कानूनी सलाह के नाम पर भ्रामक वीडियो देखकर लोगों ने ऐसे कदम उठाए, जिनसे पुलिस और अदालतों में उनकी स्थिति और खराब हो गई, इसलिए यह समस्या व्यक्तिगत नुकसान भर नहीं, सामाजिक जोखिम बन चुकी है, क्योंकि अब गलत सलाह लाखों लोगों के व्यवहार को बदल सकती है।

नियामक संस्थाएं अब इस खतरे को समझने लगी हैं। सेबी ने फरवरी 2025 में इनफ्लुएंसर्स पर सख़्त नियम लागू करते हुए यह स्पष्ट किया कि तकनीकी निवेश सलाह सिर्फ पंजीकृत और योग्य विशेषज्ञ ही देंगे। लाइव मार्केट डेटा का उपयोग करके प्रचार या प्रलोभन देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया और रिटर्न के दावे बिना प्रमाण के पूरी तरह वर्जित कर दिए गए। ASCI ने भी इसकी पूरक घोषणा करते हुए कहा कि वित्त और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों पर सामान्य जानकारी देना सबके लिए खुला है, लेकिन सलाह देने वाले की योग्यता और पंजीकरण पारदर्शी होना चाहिए। यह अभिव्यक्ति की आज़ादी पर रोक नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा की बुनियादी शर्त है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

न्यूज ब्रीफ

बाबा साहेब के सपनों को साकार किया : केशव

अमृत विचार, लखनऊ : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र व आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की है। उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को कालिदास मार्ग स्थित अपने कार्यालय पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब के सपनों को केंद्र एवं प्रदेश, दोनों सरकारें मिलकर 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूलमंत्र के साथ साकार किया जा रहा है। डबल इंजन सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके द्वारा सभी गरीबों के हित के कार्य हो रहे हैं तथा चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा साहेब के विचारों व आदर्शों का न केवल अनुकरण करना चाहिए, बल्कि आत्मसात भी करना चाहिए।

किसान पाठशालाओं में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीन नवाचारों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके लिए उन्होंने रबी सत्र 2025-26 के लिए आयोजित होने वाली किसान पाठशालाओं में किसानों से अधिकाधिक भागीदारी करने की अपील की है। कृषि मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा रबी सत्र 2025-26 के तहत ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठियों एवं किसान पाठशालाओं के आयोजन के लिए समस्त जिला उप कृषि निदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद जिला स्तरीय ट्रेनर्स प्रशिक्षण 9 से 10 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। ट्रेनर्स का मूल्यांकन 11 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा किया जाएगा। मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर दो दिवसीय किसान पाठशालाओं की शुरुआत 12 दिसंबर से 29 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर में किया जाएगा। इसके लिए पैक्स सोसायटी, किसान कल्याण केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालयों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 80 से 100 किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी, और विजेताओं को प्रति पाठशाला 500 रुपये की अनुमन्य धनराशि से जैव कीटनाशी, कवकनाशी एवं सब्जियों के बीज प्रदान किए जाएंगे।

45 हजार होमगार्ड जवानों की भर्ती जल्द : मुख्यमंत्री

उप्र. होमगार्ड के 63वें स्थापना दिवस पर कई घोषणाएं, थानों में बनेगा आरक्षित रूम व कैशलेस हेल्थ बीमा का प्रस्ताव मांगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित होमगार्ड्स की पहचान : योगी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होमगार्डों के लिए सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित ही सर्वोच्च पहचान है। योगी ने थानों में होमगार्ड के आरक्षित रूम की घोषणा करते हुए कैशलेस हेल्थ बीमा की सुविधा देने के लिए प्रस्ताव भी मांगा।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड के 63वें स्थापना दिवस पर भव्य रैतिक परेड की सलामी लेने के बाद बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस बल में 2 लाख 19 हजार से अधिक कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। वर्तमान में 45 हजार होमगार्ड जवानों की भर्ती प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है। इसमें प्राथमिकता यह है कि प्रत्येक जवान को उसके ही जनपद में नियुक्ति मिले। आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग लेकर फर्स्ट रिस्पॉन्स पर्सन के रूप में जवान राहत कार्यों में योगदान दे सकें। इस प्रक्रिया को पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड तेजी से आगे बढ़ा रहा है।

इन अधिकारियों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. होमगार्ड्स के स्थापना दिवस पर उन अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया, जिन्हें स्वतंत्रता दिवस 2024 पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट व सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक दिया गया। इसमें विनय कुमार मिश्र, घनश्याम चतुर्वेदी, विनोद कुमार यादव, विवेक कुमार सिंह, पीयूष कांत, राजकुमार आजाद, संजय कुमार सिंह, वेदपाल सिंह, शिव कुमार वर्मा, कमलेश चंद गौतम, विजय विक्रम वर्मा, मो. अरशद हुसैन, कृपाल सिंह व महेश प्रसाद शामिल रहे।

उत्तर प्रदेश होमगार्ड के 63वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

उन्होंने जवानों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए घोषणा की कि प्रदेश के सभी थानों में होमगार्ड जवानों के लिए एक आरक्षित कमरा उपलब्ध कराया जाएगा, जहां वे यूनिफॉर्म और आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रख सकेंगे। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि होमगार्ड जवानों के लिए आयुष्मान भारत की तरह कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा लागू करने का प्रस्ताव तैयार कर भेजें। सरकार इसे आगे बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में विशिष्ट सेवा के लिए 3 और सराहनीय सेवा के लिए 11 जवानों को राष्ट्रपति पदक मिला है। 2025 में भी 3 जवानों को सराहनीय सेवा पदक प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले होमगार्ड की उपेक्षा होती थी, लेकिन अब उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल रहा है। योगी ने बताया कि विभाग होमगार्ड मित्र ऐप और वेबसाइट के माध्यम से कार्यों को डिजिटल और पारदर्शी बना रहा है। कोविड काल में श्रमिकों को सुरक्षित लाने में होमगार्ड की भूमिका को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी निष्ठा अमूल्य है। सरकार द्वारा अब तक 2871 दिवंगत जवानों के परिवारों को 143 करोड़ रुपये से अधिक की अनुग्रह राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि दैनिक व प्रशिक्षण भत्तों में वृद्धि की गई है। अंतर-जनपदीय भत्ते को चार गुना किया गया है। 44 कार्यालय अपने भवनों में संचालित हो रहे हैं, जबकि कई नए भवनों और आवासीय परिसरों का निर्माण जारी है। दुर्घटना में दिवंगत जवानों के आश्रितों को 35-40 लाख रुपये तक की बीमा सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।

कार्यक्रम में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री धर्मवीर प्रजापति, प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह, महानिदेशक एमके बशाल सहित पुलिस और होमगार्ड के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

तीन और सचिवालय अधिकारी कार्यमुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : सचिवालय प्रशासन विभाग ने तबादला आदेश का पालन न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए सचिवालय सेवा के तीन और अधिकारियों को स्वतः कार्यमुक्त कर दिया। ये अधिकारी तबादला आदेश जारी होने के बावजूद अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं कर रहे थे।

- तबादला आदेश न मानने वालों पर सचिवालय प्रशासन विभाग की सख्ती

विभाग ने तीन दिसंबर को भी इसी आधार पर 11 अधिकारियों को कार्यमुक्त किया था। इस तरह तीन दिनों में कुल 14 अधिकारियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। विभाग की लगातार सख्त कार्रवाई साफ संकेत देती है कि शासन तबादला आदेशों की अवहेलना को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा। सचिवालय प्रशासन विभाग ने नियमों के अनुसार उनकी पुरानी तैनाती समाप्त कर दी। इस कार्रवाई के बाद सचिवालय सेवा में सक्रियता बढ़ने और लंबित तबादलों के अनुपालन की गति तेज होने की संभावना है।

बहुजन समाज के 'अच्छे दिन' कब आएंगे : मायावती

बसपा प्रमुख मायावती ने डॉ. आंबेडकर को परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बसपा प्रमुख मायावती ने भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपरोक्ष रूप से केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि संविधान के मानवतावादी और कल्याणकारी उद्देश्यों के अनुरूप बहुजन समाज के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान वाले "अच्छे दिन" कब आएंगे।

बसपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि अब तक बहुजन समाज को वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी अपेक्षा थी। यही कारण है कि देश का बहुजन समाज शासक वर्ग बनने के लिए संघर्षरत है, जबकि उन्हें रोकने के लिए लगातार हर प्रकार के हथकंडे और साजिशें की जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बसपा इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करती रहेगी।

लखनऊ : अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, साथ में अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

रुपये के भारी अवमूल्यन की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए मायावती ने कहा कि यह मामला केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और देशहित से जुड़ा बड़ा मुद्दा है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि आर्थिक सलाहकारों पर निर्भर रहने के बजाय इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए इसके समाधान के ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने देशभर में डॉ. आंबेडकर के अनुयायियों द्वारा दी गई श्रद्धांजलि के लिए विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के लोगों का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि देश के करोड़ों दलित, शोषित, पीड़ित बहुजन समाज के लिए बाबा साहेब सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे।

गंगा एक्सप्रेस-वे का जनवरी में लोकार्पण कर सकते पीएम मोदी

मेरठ से प्रयागराज का सफर सिर्फ 6 घंटे में होगा तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनवरी माह में कर सकते हैं। प्रदेश की सबसे लंबी हाई-स्पीड सड़क परियोजना अपने निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ से प्रयागराज की यात्रा को न सिर्फ सुगम बनाएगा, बल्कि समय भी लगभग आधा कर देगा। परियोजना के पूरी तरह तैयार होने के बाद यात्रियों को मेरठ से प्रयागराज की दूरी केवल 6 घंटे में तय करने की सुविधा मिलेगी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनवरी माह में कर सकते हैं। राज्य सरकार इसे यूपी के बुनियादी ढांचा विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मान रही है। छह लेन वाले इस एक्सप्रेस-वे का भविष्य में आठ लेन तक विस्तार संभव है। यह मार्ग मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, शाहजहांपुर, हरदोई से होता हुआ प्रयागराज तक पहुंचेगा।

एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से प्रदेश में कनेक्टिविटी का नया युग प्रारंभ होगा। तेज गति से यात्रा करने की सुविधा मिलने से न सिर्फ लोगों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि माल ढुलाई, औद्योगिक गतिविधियों और व्यापार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सरकार का अनुमान है कि सड़क परिवहन की सुविधा बेहतर होने से निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

परियोजना धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रयागराज, काशी और मेरठ जैसे प्रमुख शहरों की पहुंच आसान होने से तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की संभावना है। गंगा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश में पूर्व से पश्चिम तक तेज, सुरक्षित और सीधे संपर्क का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग बनने जा रहा है। सरकार का दावा है कि इस परियोजना से आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

लखनऊ : कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते पार्टी नेता प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा, सांसद तनुज पुनिया व अन्य।

बीएलए का सहयोग लें बीएलओ : रिणवा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि बीएलओ को चिन्हित अनुपस्थित, शिफ्टेड तथा मृत मतदाताओं का एक बार पुनः अपने स्तर पर गहन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही इस कार्य में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए का पूर्ण सहयोग लेने को भी कहा गया है। शनिवार को उन्होंने अपील की है कि राजनीतिक दल भी बूथों पर नियुक्त बीएलए को अपने स्तर से सहयोग करने के लिए निर्देशित करें, जिससे प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम दर्ज हो सकें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक प्रदेश में 34 विधानसभा क्षेत्रों में तथा 91,441 बूथों पर शत प्रतिशत कार्य बीएलओ द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

संविधान बचाने को आंदोलन की जरूरत : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकतंत्र के लिए सबसे दुखद बात ये है कि संसद में संविधान को बचाने पर बहस हो रही है, जबकि संविधान के हिसाब से देश को आगे बढ़ाने की चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान को बचाने के लिए एक और करो या मरो आंदोलन की जरूरत है। सपा प्रमुख ने शनिवार को परिनिर्वाण दिवस पर डॉ.भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए जारी बयान में कहा कि जो संविधान को कमजोर करना चाहते हैं, वो लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं।

सपा मुख्यालय में डॉ.आंबेडकर को अर्पित किए गए श्रद्धासुमन : संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को पार्टी मुख्यालय सहित सभी जिला कार्यालयों में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। राज्य मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

लखनऊ : डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर अटल चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल। अमृत विचार

आईएएस कामिनी रतन को राज्य कर विभाग की कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कामिनी चौहान रतन

अमृत विचार: केंद्र प्रतिनियुक्ति से यूपी लौटने के बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कामिनी चौहान रतन को राज्य सरकार ने प्रमुख सचिव, राज्य कर के पद पर तैनाती दे दी है। 1997 बैच की अधिकारी कामिनी रतन चौहान ने एम. देवराज से पदभार ग्रहण कर लिया है। अब एम. देवराज केवल नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग संभालेंगे।

कामिनी चौहान रतन यूपी की प्रशासनिक सेवाओं में तेज-तर्रार, और साफ-सुथरी छवि के लिए जानी जाती हैं। मेरठ की पहली महिला डीएम रह चुकीं कामिनी केंद्र सरकार में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार के पद पर महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा चुकी हैं। राज्य कर विभाग में उनकी तैनाती ऐसे समय हुई है, जब हाल ही में अधिकारियों-कर्मचारियों की अनियमितता, जीएसटी रिफंड और असेसमेंट में लापरवाही से जुड़े कई मामले उजागर हुए हैं। एम. देवराज के कार्यकाल में कई बार अधिकारियों ने उन पर कड़े रुख और दबाव बनाने की शिकायतें भी दर्ज कराई थीं। ऐसे में नई प्रमुख सचिव के सामने सिस्टम को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना बड़ी चुनौती होगी।

अगवा करने आए बदमाशों से हुई मुठभेड़, एक घायल, तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देवरिया के सलेमपुर महदहां पुल के पास एसटीएफ से मुठभेड़ दोनों तरफ से की गई फायरिंग

अमृत विचार : देवरिया के सलेमपुर महदहां पुल के पास एसटीएफ और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों तरफ की फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी दबोच लिए गए। इस दौरान चार अन्य बदमाश कार से फरार होने में सफल रहे। आरोपी सलेमपुर कस्बे के तीन व्यापारियों के अपहरण की योजना बना रहे थे। घायल बदमाश हिमांशु यादव मऊ का रहने वाला है, जबकि उसके साथियों में एक देवरिया और दूसरा मऊ का निवासी है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी डीके शाही ने बताया कि मऊ जिले का कुख्यात बदमाश हिमांशु यादव उर्फ

गोविंद यादव देवरिया, कुशीनगर, मऊ और गाजीपुर में लूट समेत कई बड़ी वारदातों में शामिल रहा है। गिरोह ने राजस्थान में भी बड़ी लूट की थी। यह गिरोह बड़े व्यापारियों का अपहरण कर उन्हें नेपाल ले जाकर फिरौती वसूलता है। डिप्टी एसपी के अनुसार, गिरोह ने हाल ही में ईंट भट्ठा मालिक राजकमल तिवारी, उनके भाई युवराज तिवारी और होटल व्यापारी चुन्नू तिवारी का अपहरण कर फिरौती मांगने की योजना बनाई थी।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी धर्मेश शाही ने बताया कि शुक्रवार की रात गिरोह के सलेमपुर कस्बे में आने की सूचना मिलने पर एसटीएफ ने घेराबंदी की थी। आधी रात को महदहां चौराहे पर बुलेट और कार सवार संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस को देख हिमांशु यादव ने दोनों हाथों से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में हिमांशु के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। मौके पर मऊ निवासी मंजीत यादव और महुआडीह क्षेत्र के बरांव निवासी नीतेश यादव भी थे। तीनों को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि कार सवार चार बदमाश फरार हो गए।

फर्जीवाड़ा तीन वर्ष में सात मदरसों में सिर्फ एक की मान्यता हुई रद्द, बाकी पा रहे सरकारी अनुदान

मानकविहीन मदरसों पर पूर्व रजिस्ट्रार की रही विशेष कृपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 35 मदरसों ने ग्राम पंचायतों की जमीन पर कब्जा कर बनवा लिया भवन

अमृत विचार : मानकविहीन मदरसों पर पूर्व रजिस्ट्रार की विशेष कृपा रही है। शासन ने मार्च 2022 में प्रदेश के सात मदरसों के मानक पूरे न होने के कारण अनुदान वापस लेने की संस्तुति की थी। आदेश के डेढ़ वर्ष बाद मदरसा बोर्ड ने सिर्फ एक के खिलाफ कार्रवाई की। वहीं बचे हुए छह मदरसों को करोड़ों रुपये का सरकारी अनुदान दिया जा रहा है। बोर्ड ने सिर्फ संतकबीरनगर के दारुल उलूम अहले सुन्नत फैजुल इस्लाम नाम के मदरसे की मान्यता निलंबित की है। जांच में सामने आया कि 35 मदरसे ऐसे हैं, जिन्होंने ग्राम पंचायत की सरकारी जमीनों पर कब्जा कर भवन बनवा लिये। वहीं, कुछ के मानक अधूरे हैं। कार्रवाई के लिए तीन बार का समय भी दिया गया था। कुछ दिन बाद 25 मदरसों ने मानक पूरा होने का लिखित शपथ पत्र दिया।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मदरसों की जांच का आदेश दिया गया। वर्ष 2017 में प्रदेश के ऐसे सभी अनुदानित मदरसे जो सरकारी फंड पा रहे थे। शासन द्वारा उनके मानक को जांचने के निर्देश सभी जिलों में जिलाधिकारियों को भेजे गए। लगभग आठ महीने में जिलों से रिपोर्ट आई। जांच में सामने आया कि पूरे प्रदेश में लगभग 35 मदरसे ऐसे हैं, जो या तो ग्राम पंचायत की सरकारी जमीनों को कब्जा करके बनाए गए हैं। कुछ मदरसा मानक को पूरा ही नहीं करते हैं। शासन द्वारा इन सभी मदरसों को मानक पूरा करने के लिए उन्हें तीन बार का समय भी दिया गया। कुछ समय बीतने के बाद लगभग 25 मदरसों ने मानक पूरा होने का लिखित शपथ पत्र दिया। सरकार ने इन शपथ पत्रों के आधार पर संबंधित मंडलों के मंडलायुक्तों से दोबारा जांच कराने का निर्णय लिया। वर्ष 2021 में सभी मंडलायुक्तों की ओर से जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी गई, जिसमें सात मदरसे मानकविहीन पाए गए। जिसमें से कुछ सरकारी जमीनों पर कई साल से अवैध कब्जा करके चला रहे थे। इन मंडलों के मंडलयुक्तों ने प्रदेश के कुल सात मदरसों की मान्यता समाप्त करने की संस्तुति की।

मदरसों को दी गई खुली छूट

मंडलायुक्तों की रिपोर्ट के आधार पर शासन ने 25 मार्च, 2022 को सात अनुदानित मदरसों की मान्यता समाप्त करने का लिखित आदेश जारी किया गया। इस आदेश का अनुपालन कराने के लिए तत्कालीन रजिस्ट्रार मदरसा बोर्ड ने सभी सातों मदरसों को नोटिस जारी की। मदरसा बोर्ड नोटिस जारी होते ही इन मदरसों में हड़कंप मच गया। मदरसा माफिया नोटिस को दबवाने के लिए सक्रिय हो गए। इन सात मदरसों में दो मदरसे तो प्रयागराज से थे। जिसकी नोटिस वहां के तत्कालीन उपनिदेशक जगमोहन सिंह बिष्ट के माध्यम से तामील कराई गई थी। सूत्रों की मानें तो इन मदरसों ने मिलकर प्रयागराज में इन्हीं सात मदरसों में से एक मदरसे रहमते निस्वां, अकबरपुर प्रयागराज के प्रबंधक के घर पर बैठक की। जिसमें खुद पूर्व रजिस्ट्रार मौजूद थे। इसी गिरोह ने उपनिदेशक जगमोहन बिष्ट को मदरसा बोर्ड का रजिस्ट्रार बनवाने का ठेका लिया। एक आईएएस की मदद से रजिस्ट्रार के पद पर आसीन कराया। इसके बाद इन मदरसों को खुली छूट मिल गई। साथ ही सरकार की तरफ दिये जाने वाला करोड़ों रुपये का अनुदान खुलेआम दिये जाने लगा। इन मदरसों से मानक के बारे में कोई सवाल-जवाब नहीं किया गया। करीब एक वर्ष तक इस मामले को पूर्व रजिस्ट्रार ने दबाये रखा।

इंडियन बैंक ने रेपो से जुड़ी उधारी दर घटाई

चेन्नई। आरबीआई के रेपो दर में की कटौती के बाद इंडियन बैंक ने अपनी रेपो से जुड़ी प्रधान उधारी दर को 8.2 से घटाकर 7.95 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने कहा कि संशोधित उधारी दरें छह दिसंबर से प्रभावी हैं। रेपो से जुड़ी प्रधान उधारी दर (आरबीएलआर) में 0.25 प्रतिशत की कमी से ग्राहकों के लिए कर्ज सस्ता होगा। आवास ऋण और व्यवसाय ऋण जैसे आरबीएलआर से जुड़े कर्ज लेने वाले ग्राहकों को लाभ होगा।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 7 दिसंबर 2025

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

भारत व अमेरिका की 10 से वार्ता होगी शुरू

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर 10 दिसंबर से तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे। यह यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और अमेरिका इस समय समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि तीन दिवसीय यह वार्ता 10 दिसंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर को समाप्त होगी, और यह औपचारिक दौर की वार्ता नहीं है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) रिक स्वित्जर करेंगे। अगस्त में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाए जाने के अमेरिकी कदम के बाद व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए अमेरिकी दल दूसरी बार भारत आ रहा है। इसके पहले 16 सितंबर को एक अमेरिकी दल भारत के दौरे पर आया था।

एनएमडीसी, आईआईटी कानपुर में समझौता

नई दिल्ली। इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले एनएमडीसी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के साथ समझौता किया, जिसके तहत यह कंपनी को साइबर सुरक्षा के क्षेत्रों में नए कदम उठाने और एआई और मशीन लर्निंग (एमएल) सहित आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने में मदद करेगा। मंत्रालय के अनुसार समझौते पर एनएमडीसी से अधिशासी निदेशक (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) सत्येंद्र राय और आईआईटी कानपुर से निदेशक और आर एंड डी प्रभाग के डीन प्रोफेसर अशोक डे ने संस्थान के निदेशक प्रो. मनिंद्र अग्रवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

वार्नर ब्रदर्स के अधिग्रहण से मल्टीप्लेक्स चिंतित

नई दिल्ली। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएआई) ने शनिवार को नेटफ्लिक्स द्वारा वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के प्रस्तावित अधिग्रहण पर अपनी चिंता जताई और कहा कि यह भारत के सिनेमाघरों और व्यापक फिल्म उद्योग के लिए सीधी प्रतिस्पर्धा और आर्थिक खतरा पैदा करता है। एमएआई ने कहा कि दुनिया के प्रमुख स्टूडियो में से वार्नर ब्रदर्स को ऐसे स्ट्रीमिंग मंच द्वारा खरीदे जाने से, जो पहले से ही सिनेमाघरों में फिल्में रिलीज करने को महत्व नहीं देता, भारत के फिल्म उद्योग और उसकी अर्थव्यवस्था को सीधा खतरा पैदा हो सकता है।

सीमा शुल्क को सरल बनाना होगा अगला बड़ा सुधार

केंद्रीय वित्त मंत्री बोलीं - आयकर में जैसी पारदर्शिता लाई गई, वैसा ही सीमा शुल्क में भी करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

सीतारमण ने की अर्थव्यवस्था के लिए उमर के प्रयासों की तारीफ

सीतारमण ने जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को बड़ा झटका लगने के बाद भी केन्द्र शासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करने का काम चल रहा है। वित्त मंत्री ने 2019 से अब तक देश की आर्थिक यात्रा के बारे में कहा कि इस दौरान एक के बाद एक वैश्विक और घरेलू चुनौतियां आईं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में चल रहे खास प्रयासों का जिक्र भी किया। पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि हमें अपनी सीमाओं पर हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ा। उमर ने शुक्रिया करते हुए कहा, अब अगला काम मैम – कृपया मुझे धन दीजिए, क्योंकि पैसा बहुत कम है! उन्होंने माना कि केन्द्र सरकार उनके प्रशासन के लिए बहुत सहयोगी रही है, भले ही इससे कुछ लोग नाराज हो जाएं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी हर बात की जिम्मेदारी लेता हूं। अगर मैंने अपनी सरकार और राजनीति को भारत सरकार से अच्छे कामकाजी रिश्ते की तरफ मोड़ा है, तो मैं उसकी जिम्मेदारी लेता हूं और उसके नतीजे भी स्वीकार करूंगा। उन्होंने साफ किया कि केन्द्र से अच्छा रिश्ता होने का मतलब भाजपा से गठबंधन नहीं है। मैं भाजपा की राजनीति से सहमत नहीं हूं, उसका विरोध करता रहूंगा। लेकिन भारत सरकार के साथ जितना अच्छा काम हो सकेगा, करूंगा। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा से रिश्ते पर उमर ने कहा क ये रिश्ता अभी बन रहा है, बस इतना ही कहूंगा।

आम बजट से पहले केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सीमा शुल्क को सरल बनाना सरकार का अगला बड़ा सुधार एजेंडा होगा। चालू वित्त वर्ष में सरकार ने आयकर और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में दरों को तर्कसंगत बनाने तथा सरलीकरण जैसे सुधार किए। इससे आम आदमी के हाथ में अधिक नकदी आई और उपभोग बढ़ा।

सीतारमण ने कहा कि हमें सीमा शुल्क का पूरी तरह कायापलट करना है... हमें इसे इतना सरल बनाना है कि लोगों को पालन करना बोझिल न लगे, इसकी पारदर्शिता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि आयकर में जैसी पारदर्शिता लाई गई है, वैसा ही सीमा शुल्क में भी करने की जरूरत है। प्रस्तावित सुधार व्यापक होंगे और इसमें सीमा शुल्क दरों को तर्कसंगत बनाना भी शामिल होगा। इसकी घोषणा आगामी बजट में हो सकती है, जिसके एक फरवरी को पेश होने की संभावना है। सीतारमण ने कहा कि पिछले दो साल में हमने सीमा शुल्क दरें लगातार कम की हैं। लेकिन जिन कुछ वस्तुओं पर हमारी दरें इष्टतम स्तर से ऊपर मानी जाती हैं, उन्हें भी नीचे लाना होगा। सीमा शुल्क मेरा अगला बड़ा सफाई अभियान है। इस साल के बजट में अन्य उपायों के साथ औद्योगिक वस्तुओं पर सात अतिरिक्त सीमा शुल्क दरें खत्म करने का प्रस्ताव किया गया था। इससे पिछले साल (23 जुलाई 2024 के बजट भाषण में) भी सात दरें हटाई गई थीं। अब कुल आठ दर स्लैब रह गए हैं, जिनमें शून्य दर भी शामिल है। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने पर वित्त मंत्री ने कहा कि यह अपने सहज स्तर पर पहुंच जाएगा। वर्ष 2025 में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीब पांच प्रतिशत कमजोर हुआ है। उन्होंने भरोसा जताया कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी।

चावल, गेहूं व दालें नरम चीनी मजबूत और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली। घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमतों में गिरावट रही। गेहूं और दालों के दाम भी घट गये। चीनी में तेजी रही। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

- **चावल 38 तो गेहूं नौ रुपये प्रति क्विंटल हुआ सस्ता**

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 38 रुपये घटकर 3,823.09 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ और 2,844.45 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में गिरावट रही। उड़द दाल 24 रुपये और तुअर दाल 57 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल 52 रुपये गिर गया। मसूर दाल की कीमत 54 रुपये और मूंग दाल की 15 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 69 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य तेलों में नरमी रही। मूंगफली तेल 93 रुपये और पाम ऑयल 28 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 14 रुपये और वनस्पति की नौ रुपये घट गयी। सोया तेल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

ईपीसी क्षेत्र बना प्रमुख रोजगार इंजन

मुंबई, एजेंसी

2.5 करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद

- **सीआईईएल एचआर के अनुसार भर्ती मांग में 51 प्रतिशत की देखी गई वृद्धि**

देश के इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) क्षेत्र में 2030 तक 2.5 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। एचआर समाधान प्रदाता सीआईईएल एचआर के ''ईपीसी क्षेत्र प्रतिभा अध्ययन, 2025'' के अनुसार, ईपीसी क्षेत्र देश के अग्रणी रोजगार सृजनकर्ताओं में एक है और 2020 के बाद से भर्ती मांग में 51 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस समय संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों को मिलाकर 8.5 करोड़ से अधिक लोग ईपीसी क्षेत्र में काम कर रहे हैं। इनमें से 70–80 लाख पेशेवर देश की शीर्ष ईपीसी कंपनियों में काम करते हैं। सीआईईएल एचआर के प्रबंध निदेशक और सीईओ आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कि जैसे-जैसे देशभर में बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है, भर्ती में भी तेजी आती रहेगी। ईपीसी क्षेत्र से 2030 तक 2.5 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। हर साल लाखों लोग रोजगार बाजार में आते हैं और यह क्षेत्र लगातार भारत की कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा अपने भीतर समाहित करता रहेगा।

रिपोर्ट अनुसार, कृत्रिम मेधा (एआई) से ईपीसी क्षेत्र की नौकरियों को खतरा नहीं, बल्कि यह क्षेत्र की रफ्तार को बढ़ाएगा। एआई से परियोजनाओं की दक्षता बढ़ेगी, योजना और इंजीनियरिंग प्रक्रियाएं मजबूत होंगी और आपूर्ति श्रृंखला का प्रबंधन बेहतर होगा, लेकिन इससे मानव संसाधन की मांग कम नहीं होगी। मिश्रा ने कहा कि भारत का विकास मॉडल अब ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संतुलित वृद्धि पर केंद्रित है। जैसे-जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा, जनशक्ति की जरूरत और बढ़ेगी। सरकार भी इस विस्तार को तेज करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है।

चक्रीय अर्थव्यवस्था से 20% बढ़ेगी किसानों की आय

सणादर (गुजरात), एजेंसी

- **केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने विश्वास जताया कि पांच वर्षों में दिखाई देगा असर**
- **उर्वरक संयंत्र और दूध पाउडर संयंत्र के शिलान्यास कार्यक्रम को किया संबोधित**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को विश्वास जताया कि देश भर में चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल के कार्यान्वयन से पांच वर्षों में डेयरी किसानों की आय में 20 प्रतिशत वृद्धि होगी। शाह ने गुजरात के वाव-थराद जिले के सणादर गांव में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही, जो डेयरी के जैव-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र के उद्घाटन और दूध पाउडर संयंत्र के शिलान्यास पर हुआ था।

उन्होंने इस अवसर पर बनास डेयरी से जुड़े पशुपालकों को संबोधित किया। उन्होंने डेयरी क्षेत्र में चक्रीय अर्थव्यवस्था के सफल मॉडल को विकसित करने के लिए बनास डेयरी के प्रबंधन की सराहना की। इस मॉडल में किसानों के लिए अतिरिक्त आय उत्पन्न करने के कई उपाय शामिल हैं, जैसे कि मवेशियों के गोबर को बायोगैस और जैव-उर्वरक में परिवर्तित करना। चक्रीय अर्थव्यवस्था में चीजों को इस्तेमाल करके फेंकने की बजाय उनकी मरम्मत, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग पर जोर दिया जाता है, जिससे कचरा और प्रदूषण कम होता है और संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। शाह ने बताया कि बनास डेयरी के चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल को समझने के लिए कई सांसद बनासकांठा आए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक हमारी सहकारी डेयरियों को किसानों से दूध खरीदने और दूध उत्पादों को बेचने से होने वाली आय किसानों तक पहुंचाने में बड़ी सफलता मिली है। अब चक्रीय अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। इसके तहत किसानों से खरीदे गए मवेशियों के गोबर से उत्पादित बायोगैस व उर्वरक बेचकर डेयरी द्वारा उत्पन्न आय में किसानों को हिस्सा मिलेगा।

मॉडल लागू करने की योजना

अमित शाह ने कहा कि पूरे देश में इस चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल को लागू करने की ठोस योजना शाम को बनासकांठा में सांसदों की बैठक में सामने आएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जनवरी 2026 में सभी प्रमुख सहकारी डेयरियों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डेयरी द्वारा की गई पहलों को समझने के लिए बनास डेयरी का दौरा करेंगे। शाह ने कहा कि पनीर और दही जैसे सामान्य दूध उत्पादों के अलावा, ऐसे कई उत्पाद हैं जिनकी दुनिया भर में मांग है, लेकिन उनका उत्पादन भारत में नहीं होता। अगर हम इन उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करें, तो डेयरी किसान अतिरिक्त आय कमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए तीन और डेयरी क्षेत्र के लिए तीन सहकारी समितियां बनाई हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि चक्रीय अर्थव्यवस्था अगले पांच वर्षों में डेयरी किसानों की आय में 20 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।

राष्ट्रीय

मस्जिद पर भाजपा-टीएमसी में वाकयुद्ध शुरू

टीएमसी पर भाजपा ने लगाया ध्रुवीकरण करने का आरोप, बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी ने इसे बताया निराधार

- **प. बंगाल के मुर्शिदाबाद में 'बाबरी मस्जिद' की तर्ज पर रखी गई नींव से उपजा विवाद**

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल के मुर्शिदाबाद में 'बाबरी मस्जिद' की तर्ज पर एक मस्जिद की नींव रखने की विधायक हुमायूं कबीर की योजना को लेकर शनिवार को राजनीतिक घमासान मच गया। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर ध्रुवीकरण का आरोप लगाया जबकि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने इस आरोप को निराधार बताकर खारिज कर दिया। टीएमसी ने कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित मालवीय ने एक्स पर आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राजनीतिक लाभ के लिए मुसलमानों का ध्रुवीकरण करने को विधायक का इस्तेमाल कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि कबीर के समर्थक कथित बाबरी मस्जिद के निर्माण के लिए ईंट ले जाते दिखे और विधायक ने दावा किया है कि उन्हें पुलिस का समर्थन प्राप्त है। मालवीय ने चेतावनी दी कि कोई भी अशांति राष्ट्रीय राजमार्ग 12 को बाधित कर सकती है जो उत्तर बंगाल को दक्षिण बंगाल से जोड़ने वाला मार्ग है। भाजपा नेता दिलीप घोष ने आरोप लगाया कि टीएमसी विधानसभा चुनाव से पहले सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने की कोशिश कर रही है। टीएमसी कबीर का इस्तेमाल चुनाव से पहले तनाव पैदा करने के लिए कर रही है।

टीएमसी ने पलटवार करते हुए कबीर पर भाजपा और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की मौन सहमति से जिले में शांति भंग करने के लिए उसके एजेंट के तौर पर काम करने का आरोप लगाया। टीएमसी नेता ने आरोप लगाया कि निलंबित विधायक अशांति भड़काने के लिए विपक्षी दल भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। मुर्शिदाबाद के लोग शांतिप्रिय हैं और उकसावे का समर्थन नहीं करते। टीएमसी नेता ने भाजपा के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

नफरत फैलाने वालों के खिलाफ लड़ेंगे : ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि नफरत फैलाने वाली सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार देश के संवैधानिक आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। टीएमसी के निलंबित विधायक कबीर के बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनी मस्जिद की आधारशिला रखे जाने से पहले बनर्जी का यह बयान आया है। कबीर ने मस्जिद की आधारशिला से जुड़ा समारोह छह दिसंबर यानी आज आयोजित करने घोषणा की।

कांग्रेस ने कोलकाता में निकाली सद्भावना रैली

कोलकाता। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने के कथित प्रयासों के खिलाफ नारे लगाते हुए 'सद्भावना रैली' के तहत कोलकाता में उसी सड़क पर स्थित एक मस्जिद से मंदिर तक एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार्च किया। पार्टी ने लोगों से छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद के दिनों को वापस न लाने का आह्वान किया। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कहा कि हम यह संदेश देना चाहते हैं कि मंदिर और मस्जिद बनाने से भूखमरी दूर नहीं होगी और लोगों को रोजगार नहीं मिलेंगे। हम हर धर्म का सम्मान करते हैं। हम लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काकर उन्हें धार्मिक पहचान के आधार पर बांटने की राजनीति के खिलाफ हैं। शुभंकर सरकार और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी इस रैली में शामिल हुए।

सीजेआई का कड़ा संदेश...उच्चतम न्यायालय आम लोगों के लिए है

नई दिल्ली, एजेंसी

> **सुप्रीम कोर्ट में कुछ सुधार किए जाएंगे, जिनमें कुछ मुकदमों को प्राथमिकता देना भी शामिल**

- **कहा- उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना कि मुकदमेबाजी की लागत कैसे कम की जाए**

सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए होने का कड़ा संदेश देते हुए प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि लंबित मामलों का निश्चित समयसीमा और एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति आधारित शीघ्र फैसला उनकी प्राथमिकता होगी।

सीजेआई सूर्यकांत ने एक कार्यक्रम में न्याय तक पहुंच का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि मुकदमेबाजी की लागत कैसे कम की जाए और मामलों के निर्णय के लिए एक उचित समय-सीमा कैसे निर्धारित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीजेआई ने शक्तियों के पृथक्करण के संवैधानिक दर्शन का उल्लेख किया और कहा कि संविधान ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की संबंधित भूमिकाओं को परिभाषित किया है तथा यह सुनिश्चित किया कि कोई एक दूसरे के क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करे।

सीजेआई ने कहा कि उनकी प्राथमिकता लंबित मामलों के लिए निश्चित समय-सीमा और एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति-आधारित शीघ्र निस्तारण की होगी। मैं सभी बकाया मामलों को समाप्त करने की बात नहीं कर रहा हूं। ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि मुकदमेबाजी सतत प्रक्रिया है। मामले तो दायर किए जाएंगे, लेकिन जो पुराने मामले हैं, उनसे निपटने की जरूरत है और इसके लिए मध्यस्थता को शक्तिशाली परिवर्तनकारी उपाय के रूप में तलाशने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आने वाले दिनों में उच्चतम न्यायालय में कुछ सुधार होंगे, जिनमें कुछ मुकदमों को प्राथमिकता देना भी शामिल है।

न्यायिक प्रणाली के सामने होंगी नई चुनौतियां

सीजेआई ने माना कि न्यायिक प्रणाली के सामने नई चुनौतियां है और उन्होंने डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराधों का हवाला दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मानव संसाधन के इष्टतम उपयोग और निष्पक्ष मूल्यांकन पर कहा कि संस्थान में योग्यता को मान्यता मिलनी चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका में विविधता पर कहा कि जिस तरह से समाज विकसित हुआ और देश आगे बढ़ा है, उसमें न्यायिक प्रणाली में परिवर्तन आया है।

रिलायंस व अन्य 10 कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **ईडी ने कहा- रिलायंस समूह के अधिकारियों को पता था यह 'फर्जी' बैंक गारंटी है**

ईडी ने निविदा हासिल करने के लिए 68 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़े धन शोधन के मामले में व्यवसायी अनिल अंबानी की समूह कंपनी रिलायंस पावर और 10 अन्य कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। ईडी के अनुसार, रिलायंस समूह के अधिकारियों को अच्छी तरह पता था कि यह 'फर्जी' बैंक गारंटी है।

अभियोजन पक्ष की शिकायत में नामजद अन्य आरोपियों में रिलायंस पावर के पूर्व सीएफओ (मुख्य वित्तीय अधिकारी) अशोक पाल, रिलायंस एनयू बीईएसएस, रोजा पावर सप्लाई कंपनी (रिलायंस पावर की सहायक), ओडिशा स्थित फर्जी कंपनी बिस्वाल ट्रेडलिंक, कंपनी के प्रबंधन निदेशक पी सारथी बिस्वाल, बायोथेन केमिकल्स और व्यापार वित्तपोषण सलाहकार अमर नाथ दत्ता हैं। एजेंसी के अनुसार, कुछ अन्य आरोपियों में रविंदर पाल सिंह चड्ढा, मनोज भैयासाहेब पोंगड़े और पुनीत नरेंद्र गर्ग शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत आरोपपत्र दाखिल किया गया।

परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण जनवरी में, पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी का चर्चा कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण 11 जनवरी तक खुले हैं। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत और विदेश के छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षा के तनाव पर चर्चा करने और परीक्षाओं को उत्सव व जीवन का अभिन्न अंग मानने को उनके साथ जुड़ेंगे। प्रतिभागियों के चयन के लिए माइजीओवी पोर्टल पर एक दिसंबर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

राहुल के खिलाफ मानहानि मामला

ठाणे की अदालत ने सुनवाई 20 दिसंबर तक के लिए की स्थगित

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की अदालत ने आरएसएस के स्वयंसेवक की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई शनिवार को 20 दिसंबर तक स्थगित कर दी। अदालत ने गवाह की अनुपलब्धता पर यह निर्णय लिया।

राहुल के वकील नारायण अय्यर ने सुनवाई स्थगित किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि गवाह अशोक सायकर व्यक्तिगत कारणों से पेश नहीं हो सके। सायकर वर्तमान में सोलापुर के बार्शी में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) हैं। सायकर की गवाही अब 29 दिसंबर को दर्ज किए जाने की संभावना है। उनकी गवाही को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि 2014 में पुलिस उपनिरीक्षक के रूप में उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-202 के तहत मानहानि मामले की शुरुआती जांच की थी।

दिल्ली में जहरीली हवा से राहत नहीं, एक्यूआई 335

नई दिल्ली, एजेंसी

- **36 निगरानी केंद्रों पर भी वायु गुणवत्ता दर्ज हुई बेहद खराब**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार की सुबह भी वायु गुणवत्ता बहेद खराब श्रेणी में बनी रही और सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 335 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप के अनुसार, राजधानी के 36 निगरानी केंद्रों पर भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब दर्ज की गई। इन केंद्रों में से वायु गुणवत्ता का सबसे खराब स्तर मुंडका में दर्ज किया गया, जहां एक्यूआई 387 रहा।

जानकारी के अनुसार रविवार को एक्यूआई 279 दर्ज किया गया और सोमवार को यह बढ़कर 304 पहुंच गया। वहीं मंगलवार को एक्यूआई बढ़कर 372 पर पुहंच गया तथा बुधवार को यह 342 रहा। राजधानी में गुरुवार और शुक्रवार को एक्यूआई क्रमशः 304 और 327 रहा जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। इस बीच, आज यानी शनिवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस कम है तथा सुबह सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत रही। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

नेशनल हेराल्ड मामला

दिल्ली पुलिस ने भेजा नोटिस शिवकुमार ने बताया उत्पीड़न

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नेशनल हेराल्ड मामले की जांच के तहत वित्तीय और लेनदेन संबंधी विवरण मांगने के लिए दिल्ली पुलिस से जारी नोटिस को उत्पीड़न करार दिया। उन्होंने कहा कि वह इसे कानूनी रूप से चुनौती देंगे।

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने इस कदम की निंदा करते हुए सवाल किया कि जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पहले ही इस मामले में आरोप पत्र दाखिल कर चुका है, तो अलग से पुलिस जांच की क्या जरूरत है। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) से जारी नोटिस में कहा गया है कि शिवकुमार के पास नेशनल हेराल्ड मामले से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी होने की संभावना है। इस साल अक्टूबर को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था। शिवकुमार ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत चौंकाने वाला है।

वर्ल्ड ब्रीफ

गाजा चलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय निकाय की घोषणा इसी महीने

दोहा। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम समझौते के अगले चरण के तहत गाजा का संचालन करने के लिए वर्ष के अंत तक एक अंतरराष्ट्रीय निकाय की घोषणा होने की संभावना है। एक अरब अधिकारी और पश्चिमी राजनयिक के मुताबिक समझौते के अनुसार, शांति बोर्ड के नाम से जाना जाने वाला और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता वाला यह निकाय दो साल के संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के तहत गाजा के पुनर्निर्माण की देखरेख करेगा। अरब अधिकारी और पश्चिमी राजनयिक ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि इस निकाय में पश्चिम एशिया और पश्चिमी देशों के लगभग एक दर्जन अन्य नेता भी शामिल होंगे।

दक्षिण अफ्रीका के हॉस्टल में फिर गोलीबारी, 11 की मौत

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के शहर ऐटरिजविल के सॉल्सविल हॉस्टल में गोलीबारी की घटना में तीन नाबालिगों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। यह हमला शनिवार सुबह हॉस्टल के अंदर चल रहे एक गैरकानूनी शराबखाने में हुआ। पुलिस के मुताबिक, 25 लोगों को गोली मारी गई, जिसमें चौदह लोग घायल हो गए और 11 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक तीन साल का लड़का, एक 12 साल का लड़का, एक 16 साल की लड़की और आठ वयस्क शामिल थे। इस हत्याकांड ने देश के शहरी हॉस्टलों में बढ़ती अराजकता से जुड़ी चिंताओं को एक बार फिर हवा दी है। हालिया घटनाओं का पैटर्न बताता है कि ये हॉस्टल ऐसा ठिकाना बन गए हैं जहां आपराधिक गिरोह बेरोकटोक काम करते हैं।

इटली को 100 जेएसएसएम मिसाइलें बेचेगा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने आकाश से धरती पर मार करने वाली ज्वाइंट एयर-टू-सरफेस स्टैंडऑफ (जेएएसएसएस) मिसाइलों और उनसे संबंधित उपकरणों को इटली को बेचने पर सहमति जताई है। इस सौदे की अनुमानित लागत 30 करोड़ 10लाख अमेरिकी डॉलर है। अमेरिका की डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने एक बयान में कहा, स्टेट डिपार्टमेंट ने इटली सरकार को विस्तारित रेंज वाली जेएएसएसएस मिसाइलें और संबंधित उपकरण बेचने की संभावित विदेश सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस बारे में कांग्रेस को आवश्यक सूचना भेज दी गई है। इटली सरकार ने अमेरिका से विस्तारित रेंज की 100 जेएएसएसएम मिसाइलें खरीदने का अनुरोध किया है, जिनकी लागत 30 करोड़ 10 लाख डॉलर है।

अमेरिका: घर में आग लगने से झुलसी भारतीय छात्रा की मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक घर में आग लगने से गंभीर रूप से झुलसी 24 वर्षीय एक भारतीय छात्रा की मौत हो गई। भारतीय मिशन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक सहजा रेड्डी उदुमाला न्यूयॉर्क के अल्बानी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उन्हें उदुमाला के असामयिक निधन पर गहरा दुख है, जिन्होंने अल्बानी के एक घर में आग लगने की घटना में अपनी जान गंवा दी। वाणिज्य दूतावास ने कहा, इस कठिन समय में हम उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। दूतावास ने यह भी कहा कि वह उदुमाला के परिवार के संपर्क में हैं और हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। अल्बानी पुलिस विभाग ने एक बयान में बताया कि पुलिसकर्मियों और अल्बानी अग्निशमन विभाग ने चार दिसंबर की सुबह घर में लगी आग पर तुरंत कार्रवाई की।

● न्यूयॉर्क के अल्बानी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं सहजा रेड्डी

विलुप्त होने से फिर बसाए जाने तक

भारत में चीतों का एक लंबा इतिहास रहा है, खासकर मुगल सम्राटों के शासनकाल में। सम्राट अकबर के शासन में नौ से दस हजार चीते थे, जिनका वे शिकार करते थे और पालतू भी बनाते थे। शिकार और प्राकृतिक आवास की कमी की वजह से ही चीतों की संख्या में धीरे-धीरे कमी आनी शुरू हुई। 20वीं शताब्दी तक चीतों की आबादी में भारी गिरावट आई। भारत सरकार ने 1952 में आधिकारिक तौर पर एशियाई चीता को देश में विलुप्त घोषित कर दिया था। इसके 70 साल बाद, भारत सरकार ने 'प्रोजेक्ट चीता' लॉन्च किया जिसके तहत सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ और 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया। इन चीतों को लंबे समय तक भारतीय जलवायु के साथ सामंजस्य बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हालांकि पिछले वर्ष हुई गणना के बाद देश में 26 वयस्क चीते और उनके 13 शावक होने की पुष्टि की गई।

भारत में चीतों का कुनबा

भारत में विलुप्त होने के कारण

- मुगल और ब्रिटिश काल के दौरान बड़े पैमाने पर शिकार और उन्हें पालतू बनाने के लिए के कारण संख्या में चीतों की संख्या में भारी कमी आई।
- घास के मैदानों और खुले जंगलों का कृषि और अन्य मानवीय गतिविधियों के लिए उपयोग करने से चीतों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो गए।
- प्राकृतिक आवास के नुकसान के कारण चीतों के प्राथमिक शिकार जानवरों की संख्या भी कम हो गई, इससे उनके लिए भोजन की कमी हुई।

विलुप्तीकरण की घोषणा

- 1947 में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव द्वारा देश में बचे अंतिम तीन चीतों का शिकार करने की पुष्टि हुई थी।
- काफी समय तक कोई चीता न दिखने पर आधिकारिक तौर पर भारत सरकार की ओर से 1952 में चीतों को देश से विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

भारत की पारिस्थितिकी में महत्व

- चीता घासभूमि पारिस्थितिकी तंत्र में शीर्ष शिकारी है और कृषि को नुकसान पहुंचाने वाले हिरण और चौसिंगा का शिकार करता है।
- चीता प्रमुख प्रजाति है जिसके संरक्षण से उसके पूरे आवास घासभूमि व अर्ध शुष्क क्षेत्र और कमजोर प्रजातियों का भी संरक्षण होता है।
- चीतों की मौजूदगी से पारिस्थितिक संतुलन बहाल होता है, जिससे क्षेत्र में जैव विविधता विकसित होने का महत्वपूर्ण लाभ मिलता है।
- नामीबिया में चीतों की सबसे बड़ी आबादी है। अधिकांश चीते अफ्रीका के छह देशों में हैं। कुछ एशियाई चीते ईरान में ही बचे है।

भारत में चीतों का पुनर्वास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए पहल की। प्रोजेक्ट चीताके तहत 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बसाए गए। इसके बाद 2023 में दक्षिण अफ्रीका से भी कुछ चीते लाए गए। कूनो राष्ट्रीय उद्यान के बाद गांधी सागर अभयारण्य में भी इन चीतों को बसाया गया। भारत में चीतों की आधिकारिक तौर पर नवीनतम गिनती दिसंबर 2024 में जारी की गई थी, जिसमें बताया गया था कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में 26 वयस्क चीते और 13 शावक हैं।

अफ्रीकी-एशियाई चीतों में अंतर

- अफ्रीकी चीतों के आहार में विविधता होती है, वे कई तरह के शिकार करते हैं लेकिन एशियाई चीते चिंकारा, काला हिरण जैसे मध्यम शिकार पर ही निर्भर रहते हैं।
- एशियाई चीते तुलनात्मक रूप से छोटे होते हैं, लेकिन उनके शरीर पर फर मोटा और गर्दन अधिक शक्तिशाली होती है। पैर पतले होते हैं जिनकी वजह से तेज दौड़ते हैं।
- डीएनए विश्लेषण से पता चला है कि एशियाई चीते में अलग आनुवंशिक विशिष्टता है जो संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। वे जलवायु के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं।

भारत-रूस संबंध वैश्विक स्तर पर लंबे समय से सबसे स्थिर : जयशंकर

कहा- पुतिन की यात्रा से अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर नहीं पड़ेगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत-रूस साझेदारी पिछले 70-80 वर्षों में सबसे स्थिर और अहम संबंधों में से एक रही है और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा का उद्देश्य आर्थिक सहयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए इन संबंधों को फिर से परिभाषित करना था। जयशंकर ने इस विचार से असहमति जताई कि पुतिन की यात्रा भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी वार्ताओं को जटिल बना सकती है।

जयशंकर ने एक कार्यक्रम में पुतिन की यात्रा से अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर असर पड़ने के सवाल पर कहा, हर कोई जानता है कि भारत के दुनिया के सभी प्रमुख देशों के साथ बेहतर संबंध हैं। मुझे लगता है कि किसी भी देश की ऐसी अपेक्षा उचित नहीं है कि उसे यह कहने या दखल देने का हक है कि हमारे दूसरे देशों के साथ रिश्ते कैसे हों। उन्होंने कहा, क्योंकि याद रखिए, दूसरे देश भी वही अपेक्षा कर सकते हैं। मेरा मानना है कि हमने हमेशा स्पष्ट किया है कि हमारे अनेक देशों के साथ संबंध हैं। हमारे पास अपनी पसंद की आजादी है। जयशंकर ने कहा, हम जिसे रणनीतिक स्वायत्तता कहते हैं, उसके बारे में लगातार बात करते रहे हैं और वह जारी भी है। मुझे समझ नहीं आता कि किसी के पास इसके विपरीत अपेक्षा करने का कोई कारण क्यों होना चाहिए।

पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा पर जयशंकर ने कहा कि भारत जैसे बड़े और उभरते देश के लिए अपनी पसंद की स्वतंत्रता के अनुरूप दुनिया में अधिक से अधिक देशों के साथ बेहतर सहयोग को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अगर आप भारत-रूस संबंधों को देखें, तो दुनिया ने पिछले 70-80 सालों में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मैंने पहले भी कहा है और मैं इसे फिर से कहूंगा कि भारत और रूस के बीच संबंध दुनिया के सबसे स्थिर और मजबूत संबंधों में से एक रहे हैं। जयशंकर ने कहा, यहां तक कि रूस के चीन, अमेरिका या यूरोप के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। इनमें से कई देशों के साथ हमारे संबंधों में भी उतार-चढ़ाव आए हैं।

नई दिल्ली से प्रस्थान की तैयारी के बीच पुतिन से भेंट करते जयशंकर।

चीन के साथ कई मुद्दे हैं, कुछ सरल कुछ कठिन

चीन के साथ भारत के संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली ने जो मुख्य बात कही वह यह थी कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द अच्छे संबंधों के लिए पूर्व शर्त है और इसे बनाए रखा जा रहा है तथा इसे और मजबूत बनाया जा रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि संबंधों में यही एकमात्र मुद्दा था। कई अन्य मुद्दे भी थे, जिनमें से कुछ गलवान से पहले के थे। इसलिए व्यापार के मुद्दे हैं, निवेश के मुद्दे हैं, प्रतिस्पर्धा के मुद्दे हैं, सब्सिडी के मुद्दे हैं, निष्पक्षता के मुद्दे हैं, पारदर्शिता के मुद्दे हैं। उन्होंने कहा, ये भी वास्तविक मुद्दे हैं। हम इनमें से कुछ को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें से कुछ सरल हैं, कुछ कठिन।

व्यापार वाशिंगटन की सोच का केंद्र बिंदु, हम सामना करने को तैयार

विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि ट्रंप प्रशासन का ध्यान व्यापार पर रहा है। कहा, इस दिशा में भारत का दृष्टिकोण पूरी तरह राष्ट्रीय हितों से प्रेरित है। उन्होंने कहा, इस समय व्यापार सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह स्पष्ट रूप से वाशिंगटन की सोच का केन्द्र बिन्दु है, यह पहले की सरकारों की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, जिसे हमने पहचाना है और हम उचित शर्तों पर इसका सामना करने के लिए तैयार हैं। मेरा मतलब है, आपमें से जो लोग सोचते हैं कि कूटनीति का मतलब किसी और को खुश करना है तो माफ कीजिए, मेरी कूटनीति की यह धारणा नहीं है। मेरे लिए कूटनीति का मतलब हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है।

- पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारत की ज्यादातर समस्याएं उस देश की सेना से उत्पन्न होती हैं और उन्होंने आतंकवादी समूहों को उसके समर्थन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जैसे अच्छे आतंकवादी और बुरे आतंकवादी होते हैं, वैसे ही अच्छे सैन्य नेता भी होते हैं और कुछ इतने अच्छे नहीं भी होते।

डीआरडीओ ने सशस्त्र बलों को सात नव विकसित प्रौद्योगिकियां सौंपीं

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबे समय तक पानी में सेंसरिंग एवं निगरानी के लिए उपयोगी 'लॉन्ग लाइफ सीवाटर बैटरी सिस्टम' और तेज इंटरसेप्टर नौकाओं के लिए वॉटरजेट प्रणोदन प्रणाली समेत सात प्रौद्योगिकियां सशस्त्र बलों को सौंपी हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये प्रौद्योगिकियां प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित की गई हैं।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, डीआरडीओ ने टीडीएफ योजना के तहत विकसित सात प्रौद्योगिकियां सेना के तीनों अंगों को सौंप दी हैं। इन प्रौद्योगिकियों में हवाई आत्म सुरक्षा जैमर्स के लिए स्वदेशी उच्च-वोल्टेज विद्युत आपूर्ति, नौसेना जेटी के लिए ज्वार-कुशल गैंगवे, उन्नत अति निम्न आवृत्ति-उच्च आवृत्ति 'स्विचिंग

● प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत की गई हैं विकसित, सेना के तीनों अंग करेंगे इस्तेमाल

मैट्रिक्स' प्रणालियां, पानी के नीचे प्लेटफार्म के लिए 'वीएलएफ लूप एरियल', तीव्र अवरोधक के लिए स्वदेशी वॉटरजेट प्रणोदन प्रणाली, प्रयुक्त लिथियम-आयन बैटरियों से 'लिथियम प्रीकर्सर' की पुनर्प्राप्ति की नई प्रक्रिया और पानी के भीतर दीर्घकालीन संवेदन एवं निगरानी अनुप्रयोगों के लिए दीर्घ समय तक काम करने में सक्षम समुद्री जल बैटरी प्रणाली शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इन सभी प्रौद्योगिकियों/उत्पादों को भारतीय रक्षा उद्योग द्वारा डीआरडीओ के विशेषज्ञों एवं तीनों सेनाओं के निकट सहयोग एवं मार्गदर्शन के साथ डिजाइन, विकसित और व्यापक परीक्षणों के माध्यम से तैयार किया गया है। मंत्रालय के अनुसार यह सफलता आयात प्रतिस्थापन एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास पर टीडीएफ योजना के ध्यान केंद्रित किए जाने को दर्शाती है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत की अध्यक्षता में दो दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में डीआरडीओ की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सशस्त्र बलों, रक्षा उत्पादन विभाग और डीआरडीओ के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस दौरान इन प्रौद्योगिकियों को सशस्त्र बलों को औपचारिक रूप से सौंपा गया।

पाकिस्तान: 10 लाख डॉलर से ज्यादा की नशीली गोलियां जब्त

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में एक तस्कर-विरोधी अभियान में प्रशासन ने लगभग 29.98 करोड़ पाकिस्तानी रुपये (लगभग 10 लाख अमेरिकी डॉलर) की नशीली गोलियों की एक बड़ी खेप बरामद की है। हवाई अड्डे पर बरामद नशे की इस खेप को जर्मनी से लाया गया था और स्पीकर और एलईडी लैंप के अंदर छिपाया गया था।

इजराइल से नए साल के शुरू में भारत को मिलेगी एलएमजी की पहली खेप

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल की एक प्रमुख रक्षा कंपनी ने बताया कि उसकी योजना अगले साल की शुरुआत में भारत को 40,000 लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप की आपूर्ति करने की है जबकि लगभग 1,70,000 नए जमाने की कार्बाइन की आपूर्ति के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर से जुड़ी प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

'इजराइल वेपन इंडस्ट्रीज' (आईडब्ल्यूआई) के सीईओ शुकी श्वार्ट्ज ने यह भी बताया कि उनकी कंपनी वर्तमान में भारत के गृह मंत्रालय की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर पिस्टल, राइफल और मशीन गन सहित उनके उत्पादों का विपणन कर रही है। श्वार्ट्ज ने कहा, हम अभी तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल हैं। पहला, 40,000 लाइट मशीन गन का अनुबंध, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर किए गए थे। हमने सभी परीक्षण और सरकारी जांच पूरी कर ली है तथा हमें

● नए जमाने की कार्बाइन की आपूर्ति के लिए अनुबंध भी अंतिम चरण में

उत्पादन का लाइसेंस मिल गया है। हमारा इरादा साल की शुरुआत में पहली खेप की आपूर्ति करने का है। उन्होंने कहा, एलएमजी की आपूर्ति पांच साल के लिए है। हम इसे और भी जल्दी दे सकते हैं लेकिन पहली आपूर्ति साल की शुरुआत में होगी। श्वार्ट्ज ने बताया कि दूसरे कार्यक्रम में सीक्यूबी (क्लोज क्वार्टर्स बैटल) कार्बाइन निविदा शामिल है।

उन्होंने बताया, हमारा इरादा अनुबंध का 40 प्रतिशत आपूर्ति करने का है। हम अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं और मेरा मानना है कि इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत तक इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। 'सीक्यूबी कार्बाइन' की आपूर्ति का 60 प्रतिशत 'भारत फोर्ज' करेगा जबकि शेष 40 प्रतिशत (170,000 इकाइयां) अदाणी समूह की सहायक कंपनी पीएलआर सिस्टम्स द्वारा वितरित की जाएंगी।

श्रीलंका की दित्वा से तबाही से उबरने में भी मदद करेगा भारत

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के प्रमुख कारोबारियों को भारतीय उच्चायुक्त ने चक्रवात प्रभावित द्वीपीय देश के प्रति नई दिल्ली की प्रतिक्रिया और निरंतर प्रतिबद्धता के बारे में शनिवार को जानकारी दी। भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने रीबिल्डिंग श्रीलंका फंड से जुड़े श्रीलंकाई उद्योग जगत के प्रमुख लोगों से मुलाकात की। इस आपदा के कारण शनिवार दोपहर तक 611 लोगों की मौत हो चुकी है।

भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट

● श्रीलंका कॉर्पोरेट दिग्गजों के साथ भारतीय राजदूत ने की बैठक

में कहा कि उद्योग जगत के प्रमुख लोगों के साथ अपनी बैठक के दौरान झा ने पुनर्वास और आपदा से उबरने के लिए आगे की राह पर चर्चा की। उन्होंने उन्हें भारत की प्रतिक्रिया और इस संकट से उबरने में श्रीलंका के साथ खड़े रहने की निरंतर प्रतिबद्धता से अवगत कराया। 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत सहायता के लिए, श्रीलंका की अंतरराष्ट्रीय अपील पर प्रतिक्रिया करने वाला भारत पहला देश है।

पाकिस्तान व अफगान बलों के बीच चमन सीमा पर गोलीबारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी और अफगान बलों के बीच चमन सीमा पर भारी गोलीबारी हुई है। जिला अस्पताल में घायलों को लाया गया है लेकिन इस गोलीबारी में कोई मारा नहीं गया है।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर देर रात बलूचिस्तान प्रांत से लगी सीमा पर गोलीबारी का आरोप लगाया। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि अफगान बलों ने बदानी इलाके में मोर्टार दागे थे, अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने आरोप लगाया कि स्पिन बोल्दक पर हमला पाकिस्तान ने किया था।

सशस्त्र सेना दिवस मना रहे यूक्रेन पर रूस ने बरसाए ड्रोन, मिसाइलें

कीव, एजेंसी

रूस ने शुक्रवार को पूरी रात अपना सशस्त्र सेना दिवस मना रहे यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इससे पहले, अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा था कि वे चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के वास्ते तीसरे दिन की वार्ता के लिए शनिवार को मिलेंगे।

बातचीत में युद्ध के बाद यूक्रेन के लिए एक सुरक्षा तंत्र तैयार करने की दिशा में हुई प्रगति के उपरांत दोनों पक्षों ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी

● अमेरिका और यूक्रेन के बीच वार्ता होने से पहले किया बड़ा हमला

भी वास्तविक समझौते की दिशा में आगे बढ़ना अंततः इस बात पर निर्भर करेगा कि रूस दीर्घकालिक शांति के लिए कितनी गंभीरता दिखाता है। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और यूक्रेन के वार्ताकार रुस्टेम उमेरोव तथा आंद्रिय ह्नातोव की ओर से यह बयान शुक्रवार को फ्लोरिडा में हुई दूसरे दिन की बैठक के बाद आया। उन्होंने अब तक हुई प्रगति के बारे में केवल मोटे तौर पर ही कुछ बातें बताईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि कीव और मॉस्को युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका की ओर से तैयार मध्यस्थता प्रस्ताव पर सहमत हों।

यूक्रेन की वायु सेना ने शनिवार सुबह बताया कि रूस ने 29 जगहों को निशाना बनाते हुए 653 ड्रोन हमले किए और 51 मिसाइल दागीं, जिसे देखते हुए पूरे देश में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई। वायु सेना ने दावा किया कि उसके बलों ने 585 ड्रोन और 30 मिसाइल मार गिराई या निष्क्रिय कर दीं।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 दिसंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 06.24 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम, **ऋतु**- हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- पुनर्वसु 08 दिसंबर 04.11 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष - आज राजनीतिक लोगों को काफी अच्छे अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ महत्वपूर्ण चर्चाओं का आनंद लेंगे। घर का वातावरण अनुशासित और मर्यादित रहेगा। व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियां मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष - आज तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी। मनोरंजक यात्राओं का आनंद लेंगे। क्रोध व उतेजना पर नियंत्रण रखें। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी से अधिक अपेक्षा रखना उचित नहीं है।

मिथुन - आज अपने काम पर विश्वास बनाए रखें। विदेशी कंपनियों से जॉब के नए विकल्प मिल सकते हैं। कला और खेलकूद में आप अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। जो भी काम करें उसे पूरे मनोयोग से करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

कर्क - आज पुराने रोग उभर के सामने आ सकते हैं। खांसी-जुकाम की समस्या होने की संभावना है। बदलते मौसम और ठंड से आपको बचना चाहिए। माता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपको आज काफी थकाऊ यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

सिंह - आज परिजनों पर धन खर्च करेंगे। गैरकानूनी कार्यों में रुचि ले सकते हैं। आप लोगों की सहायता करने को लेकर अत्यधिक प्रसिद्ध हो सकते हैं। आपकी दबी हुई इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं। सभी कार्य तीव्र गति से पूर्ण होंगे।

कन्या - आज कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती हैं। समाजसेवा में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। स्थाई संपत्ति में वृद्धि होगी। किसी उत्सव के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा।

तुला - आज कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा नहीं होगी। मेहनत करने के बाद ही इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। उधार में किसी को धन न दें। जीवनसाथी के साथ कलह हो सकती है। यात्रा में काफी परेशानियां होंगी।

वृश्चिक - आज व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। समय रहते समस्याओं को सुलझाना अत्यन्त आवश्यक है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका है।

धनु - आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारियों की मदद मिलेगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। जीवनसाथी की सलाह आपके आत्मबल को बढ़ायेगी। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

मकर - आज पैतृक व्यवसाय में आपको कुछ सुधार करने की आश्यकता है। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनेंगे। घर में धर्म-कर्म का वातावरण रहेगा। बिना विचार करे कोई काम न करें। में अत्यधिक परिश्रम करेंगे।

कुंभ - आज बुरे लोगों की संगत से बचें। अनावश्यक बातों को महत्व न दें। कमीशन संबंधी कार्यों में धन हानि हो सकती है। शंकालु स्वभाव के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

मीन - आज जीवनसाथी से आपकी अपेक्षाएं बढ़ सकती हैं, जो कई बार अव्यवहारिक हो सकती हैं। नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। वाहन चलाते समय सावधानी रखनी चाहिए।

सुडोकू-183

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1			3					
7								
			2	6				
8								
				9				
						8		
	1							9

सुडोकू - 182 का हल

5	1	6	8	2	7	4	3	9
4	2	8	5	9	3	1	6	7
7	3	9	1	6	4	5	8	2
8	4	5	9	7	2	6	1	3
1	7	3	6	5	8	9	2	4
6	9	2	3	4	1	7	5	8
2	5	4	7	8	6	3	9	1
3	6	7	2	1	9	8	4	5
9	8	1	4	3	5	2	7	6

सीनियर हॉकी विश्व कप के लिए कई पहलुओं पर विचार करना होगा। हम अभी टीमों की संख्या बढ़ाने के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि शीर्ष देश वैसे भी प्रो लीग में खेल रहे हैं।

-तैयब इकराम,
अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष

स्टेडियम

लखनऊ, रविवार, 7 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

मंधाना सोशल मीडिया पर वापस लौटीं

नई दिल्ली : भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना अपनी शादी टलने के लगभग दो हफ्ते बाद करियर और क्रिकेट सफर पर फोकस करते हुए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम फिर से सक्रिय हो गई हैं। सिंगर-कंपोजर पलाश मुच्छल के साथ उनकी शादी 23 नवंबर को होने वाली थी। उनके पिता की अचानक तबीयत खराब होने के कारण इसे टाल दिया गया है। मंधाना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पेड पार्टनरशिप वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने क्रिकेट सफर और करियर के बारे में बात की। शादी कैंसिल होने के बाद यह उनकी पहली पब्लिक अपीयरेंस है। फैंस ने तुरंत कमेंट्स में सपोर्ट और खुशी के मैसेज भेजे।

प्रो कुश्ती लीग 15 जनवरी से होगी

नई दिल्ली : प्रो कुश्ती लीग (पीडब्ल्यूएल) अगले साल 15 जनवरी से शुरू होगी और एक फरवरी तक चलेगी। इसके सभी मैच नोएडा इंडोर स्टेडियम में होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने शनिवार को यह घोषणा की। आयोजकों ने पहले घोषणा की थी कि लीग के लिए दिल्ली एकमात्र स्थल होगा। इस लीग को कोविड-19 महामारी के कारण चार सत्रों के बाद निलंबित कर दिया गया था। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह के अनुसार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक पहलवानों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इन खिलाड़ियों में ओलंपिक पदक विजेता, विश्व चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट और भारत के शीर्ष पहलवान शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छह टीमों में चार महिला पहलवानों सहित नौ पहलवान शामिल होंगे।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका से हिसाब किया बराबर

वनडे सीरीज 2-1 से जीती, कुलदीप, कृष्णा व जायसवाल का शानदार प्रदर्शन

116* रन

यशस्वी जायसवाल।

04 विकेट

कुलदीप यादव।

विशाखापत्तनम, एजेंसी

कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल (नाबाद 116) की शतकीय पारी के बूते भारतीय टीम ने तीसरे और निर्णायक वनडे में शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 61 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हराकर शृंखला 2-1 से जीत ली। कुलदीप (10 ओवर में 41 रन) और कृष्णा (9.5 ओवर में 66 रन) ने चार-चार विकेट लिए जिससे क्विंटन डिकॉक (106) की शतकीय पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 47.5 ओवर में 270 रन पर आउट हो गई। भारत ने 39.5 ओवर में एक विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह उसने टेस्ट शृंखला में मिली 0-2 की हार की निराशा को कुछ हद तक कम किया। दोनों टीमें अब नौ दिसंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला में भिड़ेंगी।

जायसवाल ने अपनी नाबाद शतकीय पारी के दौरान 121 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाने के अलावा रोहित शर्मा (75) के साथ पहले विकेट के लिए 155 और विराट कोहली (नाबाद 65) के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत पक्की की। रोहित ने 73 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़े जिसमें लुंगी एनगिडी के खिलाफ पुल शॉट पर लगाया छक्का दिलकश था।

कोहली ने भी शानदार लय जारी रखते हुए 45 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़ें। दक्षिण अफ्रीका के लिए एकमात्र सफलता केशव महाराज (40 ओवर में 44 रन को मिली। डिकॉक ने 89 गेंद की पारी में आठ चौके और छह छक्के की मदद से 106 रन बनाने के अलावा कप्तान तेम्बा बावुमा (48) के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 और मैथ्यू ब्रीट्जके (24) के साथ तीसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका 28वें ओवर तक दो विकेट पर 167 रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहा था लेकिन कृष्णा ने 29वें ओवर में ब्रीट्जके और एडेन मारक्रम (एक) के रूप में दो विकेट लेकर भारत को वापसी कराने के बाद डिकॉक को भी चलता किया। इसके बाद कुलदीप ने डेवाल्ड ब्रेविस (29), मार्को यानसन (17) और कोर्बिन बोश (नौ) जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को आउट कर मैच पर भारत का दबदबा बनाये रखा। लक्ष्य का बचाव करते हुए दूधिया रोशनी में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नयी गेंद से स्विंग हासिल कर रहे थे जिससे रोहित और जायसवाल ने शुरुआत में सतर्कता बरती। रोहित ने चौथे ओवर में एनगिडी के खिलाफ पारी का पहला चौका जड़ा तो वहीं जायसवाल ने यानसेन की गेंद पर चार रन बटोर कर हाथ खोले।

दक्षिण अफ्रीका

270/10 (47.5 ओवर)

क्विंटन डिकॉक बो कृष्णा	106
रिकलटन का राहुल बो अर्शदीप	00
तेम्बा बावुमा का कोहली बो जडेजा	48
मैथ्यू ब्रीट्जके पगबाधा कृष्णा	24
मार्कर का कोहली बो कृष्णा	01
ब्रेविस का रोहित बो कुलदीप	29
यानसेन का जडेजा बो कुलदीप	17
कोर्बिन बोश का एवं बो कुलदीप	09
केशव महाराज नाबाद	20
लुंगी एनगिडी पगबाधा कुलदीप	01
ओर्टनील बार्टमैन बो कृष्णा	03

गेंदबाजी : अर्शदीप 8-1-36-1, हर्षित 8-2-44-0, कृष्णा 9.5-0-66-4, जडेजा 9-0-50-1, कुलदीप 10-1-41-4, तिलक 3-0-29-0

भारत

271/1 (39.5 ओवर)

यशस्वी जायसवाल नाबाद	116
रोहित का ब्रीट्जके बो महाराज	75
विराट कोहली नाबाद	65

गेंदबाजी : यानसन 8-1-39-0, एनगिडी 6.5-0-56-0, महाराज 10-0-44-1, बार्टमैन 7-0-60-0, बोश 6-0-53-0, मारक्रम 2-0-17-0

रोहित शर्मा के 20,000 रन पूरे

रोहित ने 14 ओवर में महाराज के खिलाफ एक रन चुरा 27 रन के स्कोर पर पहुंचते ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (तीनों प्रारूपों को मिला) में 20,000 रन पूरे किए। वह महान सचिन तेंदुलकर (34357), विराट कोहली (27910) और राहुल द्रविड़ (24208) के बाद ऐसा करने वाले केवल चौथे भारतीय बल्लेबाज है।

भारत के कप्तान केएल राहुल ट्रॉफी के साथ।

स्टार्क का बल्ले व गेंद से शानदार प्रदर्शन

ब्रिस्बेन, एजेंसी

एशेज सीरीज : तीसरा दिन

- ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 511 रन बनाकर जीत के करीब
- इंग्लैंड दूसरी पारी में 134/6 रन बनाकर जूझ रहा

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने शनिवार को बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन के बाद गेंद से भी कमाल दिखाया जिससे इंग्लैंड की टीम दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट पर 134 रन बनाकर जूझ रही थी।

पैंतीस साल के स्टार्क ने इस दिन रात्रि मैच में 141 गेंद में 77 रन बनाए जो 2016 के बाद टेस्ट में उनका सबसे बड़ा स्कोर है। उनकी इस पारी से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 177 रन की बढ़त हासिल की।

स्टंप तक इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया को फिर से बल्लेबाजी कराने के लिए 43 रन और बनाने होंगे। स्टार्क को पर्थ में सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की आठ विकेट से शानदार जीत में 10 विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था। अब वह एक और पुरस्कार की दौड़ में हैं।स्टार्क ने जो रूट (15 रन) को आउट कर इंग्लैंड का अहम विकेट झटका।

इसके बाद उन्होंने अपने अगले ओवर में जेमी स्मिथ को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 128 रन कर दिया जिससे सीरीज में उनके विकेट की संख्या 18 पहुंच गई। स्कॉट बोलैंड और माइकल नेसर ने दो दो विकेट झटके। बोलैंड ने बेन डकेट (15 रन) और हैरी ब्रूक (15) तथा नेसर ने ओली पोप (26) और जैक क्रॉली (44) के विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को जल्दी से चार विकेट झटककर पांच मैच की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करना चाहेगी।

गिल को पहले टी-20 में खेलने के लिए हरी झंडी

कटक : भारत की टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है।

गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। तब उनकी गर्दन में अकड़न आ गई थी लेकिन अब उन्होंने सफलतापूर्वक रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है।

जर्मनी के खिलाफ गलतियों से बचना होगा भारत को

चेन्नई, एजेंसी

बेल्जियम को शूटआउट में हराकर जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम को मौजूदा और सात बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले में पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरना होगा।

मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने तीन मिनट में दो गोल करके बढत बना ली थी लेकिन 59वें मिनट में बेल्जियम ने गोल करके मैच को शूटआउट में खींच दिया जिसमे गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह के उम्दा प्रदर्शन से मेजबान टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की। पिछली उपविजेता फ्रांस को शूटआउट में हराकर अंतिम चार में पहुंची जर्मनी के खिलाफ इस तरह की कोई भी चूक भारी पड़ सकती है और मुख्य कोच पी आर श्रीजेश ने भी स्वीकार किया कि प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

श्रीजेश ने मैच के बाद कहा नॉकआउट मैचों में इस तरह की गलतियां नहीं कर सकते। सबसे पहले तो गोल करने के मौके बर्बाद करने से बचना होगा और आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की गलती से पार पाना होगा। हम खिताब से दो जीत दूर हैं और खिलाड़ियों को बखूबी पता है कि यह खिताब जीतना उनके लिए कितना जरूरी है। पिछली बार 2023 में कुआलालम्पुर में हुए जूनियर विश्व कप में जर्मनी के खिलाफ ही सेमीफाइनल में भारत को 1-4 से पराजय झेलनी पड़ी थी जब वह दर्जन भर पेनल्टी कॉर्नर में से एक पर भी गोल नहीं हो सका था। दूसरी ओर जर्मनी ने दोनों पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये थे। कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन से 1-3 से हारकर भारत चौथे स्थान पर रहा था।

इस बार राउंड रॉबिन चरण में चिली, ओमान और स्विटजरलैंड के खिलाफ भारत ने एक भी गोल नहीं गंवाते हुए सबसे ज्यादा 29 गोल दागे थे। क्वार्टर फाइनल से पहले तक गोलकीपर और डिफेंस को कोई चुनौती नहीं मिली थी और बेल्जियम के खिलाफ 13वें मिनट में भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट का पहला गोल गंवाया।

अभी काम पूरा नहीं हुआ है : कोच श्रीजेश

चेन्नई : खिताब से दो जीत दूर भारतीय टीम को जर्मनी के खिलाफ जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल से पहले मुख्य कोच पी आर श्रीजेश से एक ही सलाह मिली है कि अभी काम पूरा नहीं हुआ है और अपने पैर जमीन पर रखने हैं। भारत ने आखिरी मिनट में गोल गंवाने के बाद शूटआउट तक खिंचे क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 4-3 से हराया लेकिन दो बार के ओलंपिक पदक विजेता रहे कोच श्रीजेश का कहना है कि सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ इस तरह की गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने भाषा से कहा बेल्जियम के खिलाफ पहले 45 मिनट एक गोल से पीछे रहना और फर आखिरी एक मिनट में उन्हें बराबरी का गोल करने का मौका देना, यह मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। आखिरी मिनट में गोल गंवाना, शूटआउट इससे बचना चाहिए।

- सात बार की चैंपियन के खिलाफ मुकाबला आज

फुटबॉल विश्व कप | 11 जून से शुरू होगा महामुकाबला, 48 देशों की टीमें लेंगी भाग, स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी पर रहेंगी निगाहें

अल्जीरिया के खिलाफ अभियान शुरू करेगा मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना

वाशिंगटन, एजेंसी

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो वाशिंगटन के केनेडी सेंटर में 2026 सॉकर वर्ल्ड कप के ड्रॉ के दौरान देशों के नाम दिखाते हुए। एजेंसी

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत अल्जीरिया के खिलाफ करेगा। जिसमें सभी की निगाहें स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी पर टिकी रहेंगी, जो रिकॉर्ड छठी बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगे।

लगभग डेढ़ लाख की आबादी वाला कुराकाओ जनसंख्या के लिहाज से विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे छोटा देश बन गया है। उसका पहला मुकाबला चार बार के चैंपियन जर्मनी से होगा।

विश्व कप ड्रॉ के लिए आयोजित समारोह बेहद भव्य था। कैनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स में आयोजित समारोह में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने एक नया शांति पुरस्कार भी प्रदान किया। ट्रंप, मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अपने-अपने देशों के नाम लिखे प्लास्टिक के गोले उठाए। ट्रंप की तुलना में शीनबाम ने ज्यादा तालियां बटोरीं। फीफा का यह कार्यक्रम एक फुटबॉल मैच के समय के बराबर 90 मिनट तक चला जिसमें संगीत और खेल व मनोरंजन जगत के सितारे शामिल थे। असली ड्रॉ लगभग डेढ़ घंटे बाद शुरू हुआ। टॉम ब्रैडी, शैक्विल ओ नील, आरोन जज और वेन ग्रेट्ज़की जैसी हस्तियों ने इसमें हिस्सा लिया। न्यूजीलैंड का नंबर सबसे बाद में आया। तीन बार की चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मैच 16 जून को मिसौरी के कैनसस सिटी या कैलिफ़ोर्निया के सांता क्लारा में होगा। इसके बाद ग्रुप जे में उसका सामना ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से होगा। टूर्नामेंट के दौरान 39 वर्ष के हो जाने वाले मेस्सी ने अभी तक इस टूर्नामेंट में खेलने की प्रतिबद्धता नहीं जताई है, लेकिन यदि वह रिकॉर्ड छठे विश्व कप में खेलने से इन्कार कर देते हैं तो यह चौंकाने वाली बात होगी।

मेजबान अमेरिका ग्रुप डी में अपना पहला मैच 12 जून को कैलिफोर्निया के इंगलवुड में पैराग्वे के खिलाफ खेलेगा। अमेरिकी टीम छह दिन बाद सिएटल में ऑस्ट्रेलिया से और फिर 25 जून को सोफी स्टेडियम में तुर्की, रोमानिया, स्लोवाकिया या कोसोवो से भिड़ेगी। मैक्सिको 11 जून को मैक्सिको सिटी में ग्रुप ए में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगा।

इंग्लैंड ग्रुप एल में क्रोएशिया, घाना और पनामा के साथ खेलेगा। पांच बार के चैंपियन ब्राजील का पहला मुकाबला मोरक्को से होगा। इसके बाद वह ग्रुप सी में हैती और स्कॉटलैंड का सामना करेगा। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा यह बहुत मुश्किल ग्रुप है। शीर्ष रैंकिंग वाली स्पेन की टीम ग्रुप एच में केप वर्डे, सऊदी अरब और उरुग्वे से भिड़ेगी, जबकि चार बार की चैंपियन जर्मनी का सामना ग्रुप ई में कुराकाओ, आइवरी कोस्ट और इक्वाडोर से होगा।

दो बार की चैंपियन फ्रांस की टीम 16 जून को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी या फॉक्सबोरो, मैसाचुसेट्स में सेनेगल के खिलाफ़ मुकाबला खेलेगी। इसके बाद फ्रांस ग्रुप आई में बोलीविया, इराक या सूरीनाम से भिड़ेगा। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी मेस्सी की तरह रिकॉर्ड छठे विश्व कप में खेलने की उम्मीद कर रहे हैं। अगर पुर्तगाल और अर्जेंटीना अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहते हैं तो रोनाल्डो और मेस्सी एरोहेड स्टेडियम में क्वार्टर फाइनल में एक दूसरे का सामना कर सकते हैं।

ब्राजील ने 1958 और 1962 में लगातार दो बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। इटली के नाम चार और उरुग्वे के नाम दो ख़िताब हैं। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने ट्रंप को एक बड़ी सुनहरे रंग की शांति पुरस्कार ट्रॉफी और नीले रिबन से लटका एक सुनहरे रंग का पदक दिया, जिसे ट्रंप ने अपने गले में लटका लिया।

न्यू जर्सी में 19 जुलाई को होगा फाइनल

विश्व कप 2026 के क्वालीफाइंग मुकाबले 27 महीने पहले शुरू हो गए थे। इस टूर्नामेंट में पांच बार के चैंपियन ब्राजील से लेकर पदार्पण करने वाले केप वर्डे, कुराकाओ, जॉर्डन और उज्बेकिस्तान सहित 48 देशों की टीम अपना कौशल दिखाएंगी। अगले साल 11 जून से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 104 मैच होंगे। विश्व कप में भाग लेने वाली 48 में से 42 टीमों का निर्धारण हो चुका है, जबकि 22 टीमें बाकी बचे छह स्थानों के लिए प्लेऑफ में खेलेंगी। इन टीमों का निर्धारण अगले साल 31 मार्च तक हो जाएगा। टीमों को 12 ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में चार-चार टीम हैं। प्रत्येक ग्रुप से पहले दो स्थान पर रहने वाली टीम और तीसरे स्थान पर रहने वाली शीर्ष आठ टीम राउंड ऑफ 32 में जगह बनाएंगी। क्वार्टर फाइनल से आगे के सभी मैच अमेरिका में होंगे, जिनका समापन 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में होने वाले फाइनल में होगा।

अन्य ग्रुप की स्थिति इस प्रकार है

जी : बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड।

बी : कनाडा, स्विट्जरलैंड, कतर और इटली, बोस्निया-हर्जेगोविना, वेल्स या उत्तरी आयरलैंड।

एफ : नीदरलैंड, जापान, ट्यूनीशिया और स्वीडन, यूक्रेन, अल्बानिया और पोलैंड।

सुरुचि ने स्वर्ण व संयम ने रजत पदक जीता

दोहा, एजेंसी

निशानेबाजी विश्व कप फाइनल

सुरुचि सिंह।

प्रतिभाशाली निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक और शानदार प्रदर्शन हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी साथी संयम ने रजत पदक हासिल किया जिससे भारत ने सत्र के आखिर में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के पहले दिन शानदार शुरुआत की।

दिन में पहले 10 मीटर राइफल निशानेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सुरुचि ने फाइनल में 245.1 का शानदार स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दिन चमका दिया। वहीं पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन संयम ने 243.3 के स्कोर के साथ देश के लिए रजत पदक पक्का किया।

दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर फाइनल में पहुंची लेकिन 179.2 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। इस साल की शुरुआत में लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के बाद सुरुचि सितंबर-अक्टूबर में विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर थीं। वह शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने 586 के कुल स्कोर के साथ 12 निशानेबाजों के एलीट ग्रुप में क्वालिफिकेशन दौर में दूसरा स्थान हासिल किया। भाकर (578) छठे स्थान पर रहीं जबकि 2023 की जूनियर विश्व चैंपियन संयम (573) क्वालिफिकेशन में आठवें स्थान पर रहने के बाद मुश्किल से फाइनल में पहुंच पाईं। हालांकि फाइनल में 21 साल की संयम बिल्कुल अलग रंग में दिखीं। वह फाइनल के बड़े हिस्से में सबसे आगे रहीं लेकिन एलिमिनेशन दौर में चार बार 9.5 का स्कोर से शीर्ष स्थान सुरुचि को गंवा बैठीं।